CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

5264

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

A DICTIONARY OF ARCHAEOLOGY

पुरातात्त्विक शब्दावली

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

A DICTIONARY OF ARCHAEOLOGY

(ILLUSTRATED)

English-Hindi

पुरातात्त्विक शब्दावली

PRADIP KUMAR SHALIGRAM

With a Foreword by :

O. P. VARMA

Bharatiya Vidya Prakashan
1-U.B. Jawahar Nagar
Bungalow Road,
DELHI-7.

CARAVAN PUBLISHING CO.

DELHI : INDIA

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

State Museum Library
Lucknow
5264

Price : Rs. 60.00
First Edition : 1980

© All rights reserved by the Publisher

Published by :
A .Sachdev
CARAVAN PUBLISHING CO.
1813, Chandrawal Road, Delhi-110007

Printed at :
Amar Printing Press (Sham Printing Agency),
8/25 (Double Storey) Vijay Nagar, Delhi-110009

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

TO

PROFESSOR W.M. KALMEGH

VICE CHANCELLOR NAGPUR, UNIVERSITY

A SMALL TOKEN IN GREAT ESTEEM

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

प्रस्तावना

पुरातत्त्व विज्ञान की रुचि शिक्षितवर्ग में कुछ समय से बढ़ती चली आ रही है। एक समय था जब यह विज्ञान केवल अंग्रेजों तथा अंग्रेजी जानने वालों तक ही सीमित था। पर आज इस ज्ञान का प्रचार हिन्दी जगत् तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं तक पहुँच चुका है।

यह एक अत्यन्त हर्ष की बात है कि प्रस्तुत "पुरातात्त्विक शब्दावली" हिन्दी भाषा में एक अनुपम प्रयास है। पुरातात्त्विक शब्दों के इस संकलन से श्रीप्रदीप कुमार शालिग्राम ने न केवल पुरातत्त्व विषय में एक अनूठा योगदान दिया है बल्कि हिन्दी भाषा की भी सेवा की है। उनके इस प्रयास का मैं हार्दिक स्वागत करता हूँ और उनकी इस कृति के लिए बधाई देता हूँ। मुझे यह विश्वास है कि "पुरातात्त्विक शब्दावली" पुरातत्त्व के विद्यार्थियों के लिए तो उपयोगी सिद्ध होगी ही, साथ ही साथ जन साधारण को भी इससे समुचित लाभ होगा।

ओंकार प्रसाद वर्मा
रीडर प्राचीन भारतीय इतिहास
संस्कृति व पुरातत्त्व विभाग
नागपुर विद्यापीठ, नागपुर

नागपुर
दिनांक : २९-५-१९७९

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अपनी बात

पुरातत्त्व विज्ञान की महत्ता सर्व विदित है। समय के साथ-साथ पुरातत्त्व का अध्ययन और भी आगे बढ़ गया है तथा दिन प्रतिदिन उन्नति ही करता जा रहा है। भारतीय प्रागितिहास, आदीतिहास एवं पुरातत्त्व संबंधी पुस्तकें हिन्दी में बहुत कम हैं। अंग्रेजी शब्दों के समानार्थक हिन्दी एवं बहुत कुछ उनके प्रचलन की कमी के कारण इस दिशा में बहुत कम साहित्य आ पा रहा है। इस ओर सर्व प्रथम मेरा ध्यान तब आकर्षित हुआ जब मैं एम० ए० प्रथम वर्ष का छात्र था। तभी मैंने संकल्प किया था कि पुरातत्त्व का अंग्रेजी हिन्दी शब्दकोष हो, ताकि छात्रों एवं अध्यापकों को सुविधा हो और जब मैं इस विभाग में लेक्चरर नियुक्त हुआ तो मैंने अपनी ओर से सर्वप्रथम यही प्रयास किया।

शब्दों के चयन एवं तत्सम्बन्धी विवरण के लिए मैं विशेषतया श्रीदीनबन्धु पांडेय एवं डॉ० एस० बी० देव का आभार मानता हूँ जिनके पूर्वप्रकाशित कार्य का मैंने विशेष उपयोग किया है।

प्रस्तुत पुस्तिका नागपुर विद्यापीठ के कुलगुरु प्रो० वा० मो० कालमेघ जी को समर्पित की गयी है। मेरे गुरुवर्य आदरणीय डा० ओ० पी० वर्मा०, रीडर प्रा० भा० इ० सं० एवं पुरातत्त्व विभाग नागपुर विभाग, ने प्रस्तावना लिखकर मेरा जो उत्साह वर्द्धन किया उसके लिये इस शिष्य के पास अर्पित करने को केवल श्रद्धाप्रसून ही है।

इस शब्दावली के प्रकाशन के लिए मैं अपने मित्र श्रीसुरेश जी का विशेष आभार मानता हूँ जिन्होंने शब्दों को क्रम देने में मेरी मदद की। रेखाचित्र मेरे कनिष्ठ बन्धु भूषण ने बनाये हैं। इस शब्दावली के प्रकाशन का भार न्यू स्टैंडर्ड पब्लीकेशन, दिल्ली ने सम्भाला। अत: प्रबन्धक धन्यवाद के पात्र हैं।

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व के विद्यार्थियों तथा विद्वानों के लिए यह पुस्तिका यत्किंचित् भी सहायक हो सके तो मैं अपना परिश्रम सफल समझूंगा।

बुद्ध पूर्णिमा ३० अप्रैल, १९८०
बेझनबाग, नागपुर

प्रदीपकुमार शालिग्राम

अधिव्याख्याता, प्रा० भा० इ० सं० एवं पुरातत्त्व विभाग,
नागपुर विद्यापीठ, नागपुर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

A

AARDWARK OR AARDVARK — भू-शूकर

दक्षिणी आफ्रिका का चीटियां खाने वाला एक चौपाया

ABACUS — पक्षक, स्तम्भ का उपशीर्षक भाग



ABBEVILLIAN OR ABBEVILLEAN — एबेविलीय

फ्रान्स के एबेविल नामक स्थान से पाये गये सबसे पुराने एवं एक हस्तपरशु वाले उद्योग को यह नाम दिया गया है। इनके टेढ़े-मेढ़े किनारे दोनों फलों पर गहरे निशान छोड़ने वाले चिप्पड़ों के निकालने से बने होते हैं। इनका समन्त गोलाकार एवं बिना चिप्पड़ निकाले पत्थर के अंश वाला होता है। इसे ही पहले फ्रान्स के शेलेस नामक स्थान के नाम पर शेलीय कहा गया था। भारतीय प्रागितिहास में इस शब्द का प्रयोग इस प्रकार के हस्तपरशु का विवरण देते हुये किया जाता है। किन्तु यह आवश्यक नहीं है कि भारतीय प्रागैतिहासिक आयुध भी एबेविली आयुधों के समकालीन या उतने ही पुराने होंगे।



ABERRANT — अपोपलक्षक, असामान्य, असाधारण

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ABIDER निवासी
ABORIGINAL आद्य आदिम, मूल, वनवासी
ABORIGINALITY आदिकालीनता
ABRASION घिसाव
ABRASIVE अपधर्मी
ABSOLUTE DATING निरपेक्ष कालमान
ABSTRACT अविच्छिन्न
ACANTHOPTERYGII शल्यपक्ष मछली
ACETIC ACID एसेटिक अम्ल
ACETONE एसिटोन
ACCELERATION त्वरण
ACCLIMATIZATION परिस्थितिक अनुकूल, जलवायु अनुकूल
ACCOMMODATION वास, निर्वाह
ACCULTURATION उत्संस्करण, परसंस्कृतिग्रहण
ACCUMULATE उपचय, संचय
ACCURACY परिशुद्धता, यथार्थता
ACCURATE परिशुद्ध
ACHEULIAN आशुलियन उद्योग
OR
ACHEULEAN आशुलियन उद्योग का नाम फ्रान्स की सोमघाटी में स्थित सेन्ट आशुल नामक स्थान पर आधारित है । यह एबेविलीयन प्रकार के उपकरणों से विकसित अवस्था के उपकरणों का निर्देश करते हैं। युरोप के हिमयुगों के कालक्रमानुसार, आशुलियन प्रकार के उपकरणों का प्रारम्भ मिण्डेल, रिस हिम प्रत्यावर्तन से होता है । तथा अन्तिम हिम प्रत्यावर्तन रिस-वूर्म हिम प्रत्यावर्तन तक से प्राप्त होते हैं ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ACID — अम्ल

ACINACES — एसिनेसोज

प्राचीन ईरानियों और शकों की तलवार विशेष

ACLINE — अनंत

ACORN — वंजुफल

ACROPHONETIC WRITING — आदिध्वन्यक्षर लिखावट

ACROPOLIS — एक्रापॉलिस

प्राचीन यूनान के एथेन्स नगर का एक गौरवपूर्ण स्थान। जहां के मन्दिरों में यूनानी भवन निर्माण कला का पूर्ण उत्कर्ष देखने को मिलता है। इन प्रसिद्ध मन्दिरों के निर्माण का समय पैरेक्लीज के शासनकाल के समय के आसपास माना जाता है। इनमें ग्रीस के प्राचीन मन्दिरों की कला प्रमुखरूप से तीन प्रकार की शैलियां पायी जाती हैं। जिन्हें डोरिक, आयोनिक, और कोरिपन्थन शैली कहा जाता है।

ACT OF AGGRESSION — अग्रघर्षण कार्य

ACTA DIURNA — रोजनामचा (प्राचीन रोम)

ACTUARIAL — जीवनांकसम्बन्धी

ACTUARIAL ANALYSIS — जीवनांकिक विश्लेषण

ADAPTABILITY — अनुकूलता

ADAPTATION — अनुकूल, मेल, संयोग

ADDICE — कुल्हाडी

ADJUSTMENT — व्यवस्थापन

ADICHANNA-LLUR — आदिचनल्लूर

दक्षिण भारत में महाश्मयुगीन अवशेषों का स्थल। यहां की कब्रों में कांस्य तथा लोह के विभिन्न अवशेषों के साथ मानवी अवशेष प्राप्त हुये जिनमें कुछ कांस्य की बनी तश्तरियों पर मुर्गा, भैंसा, पंछी या भेड़ आदि की

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

आकृतियां बनी हुई हैं। यहां कृष्ण लोहित मृद्भाण्ड मिले हैं। इसका काल ई० पू० ६-७वीं शती निर्धारित किया गया है।

ADOBE — कच्ची ईंट, मिट्टी का लौन्दा

ADOPTION — अंगीकरण

ADYTUM — गर्भगृह

ADZE — बसूला, कुल्हाड़ी

AEDILE — ईडाइल, प्राचीन रोम का एक नगर अधिकारी

AEGEAN VASE — इजियन कलश

AEON — युग

AEPYORNIS — इपर्णस, तुङ्ग-विहंग

AERARIUM — इरेरियम, प्राचीन रोम का राजकोष

AERIAL PHOTOGRAPHY OR AIR PHOTOGRAPHY — आकाशीय आलोक चित्रण

यह विधि विशेषरूप से पुरातात्त्विक महत्त्व के नये स्थान को ढूंढने के लिये प्रयोग में लायी जाती है। किसी स्थान के वायुयान से लिये गये आलोक चित्र में मिट्टी की पुरानी मोड़ें, प्राचीन निर्माण, सड़कें, शवनिखात आदि जो सामान्यतया साधारण नेत्रों से दिखाई नहीं देते अच्छी तरह से चित्रित किये जाते हैं। भूमि पर खड़े पौधों के रंग एवं ऊंचाई-निचाई उनके घनेपन एवं विरलपन तथा ऊंची-नीची भूमि एवं उसकी छाया और हल्के गाढ़े रंग आदि के अध्ययन से ज्ञात किया जाता है कि लिया गया चित्र किस प्रकार के प्राचीन अवशेषों का ज्ञान कराता है।

AESTHETICS — ललित-कला-दर्शन

AFRICANTHROPUS NJARASENSIS — आफ्रीकी मानव नजारस

१९३५ में पूर्वी आफ्रीका के टांगानिका स्थान में एक प्रतिनूतन प्रक्षेप से नार्वेनिवासी कोहललार्सन को मिला।

AGATE — अगेट, सुलेमानी पत्थर, यशब, यशाम, अकीक, पाल्यश

सिलिका की विभिन्न किस्में, जो विशेषकर बसाल्ट तथा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अन्य ज्वालामुखी चट्टानों में मिलती हैं।

AGE — युग

AGE AREA DATING — युग-क्षेत्रीय विधि

AGE OF CARBON — कार्बन कल्प

AGE OF FISHES — मत्स्य कल्प

AGE OF INVERTEBRATE LIFE — अमेरू दण्डी पशुयुग

AGE OF MAMMALS — स्तन्य पशु-युग

AGE OF REPTILES — सरिसृप-युग

AGES — अवधियां, युग

AGGRADATION — स्तरण, उच्चयण, निक्षेप क्रिया नदी सोपानों पर वाढ़ों के दिन नदीद्वारा किये गये जमाव को कहते हैं।

AGGRADATIONAL TERRACE — उच्चयन निर्मित सोपान

AGGRESSION — अग्रधर्मण, आक्रमण

AGORA — अगोरा, प्राचीन ग्रीस में सभा भव। अथवा मण्डी

AGRICUSTURE HOE — कुदाल कृषि

AHAR CULTURE — अहार संस्कृति

राजस्थान के अहाड़ (अहार) नामक स्थान में पहली बार यह संस्कृति पाई गई जिससे इसका नाम अहाड़ संस्कृति रखा गया। बनास नदी के तट पर इस संस्कृति की प्राप्ति के कारण कुछ विद्वान् इसे बनास संस्कृति के नाम से भी सम्बोधित करते हैं। इस संस्कृति में सफेद रंग से रंगे कृष्ण लोहित मृत्पात्रादि, ताम्रायुध, टाटी एवं मिट्टी के लेप से बने घर, अनगढ़ पत्थर, कच्ची एवं पकाई गई ईंटों के मकान विशेषतया पाये जाते हैं। यह संस्कृति मुख्यरूप से दक्षिण-पूर्व राजस्थान में प्राप्त हुई है। इसका काल लगभग १८००-१२०० ई० पू० माना गया है।

AHICHATRA — उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में है। १९४४ में यहाँ

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से उत्खनन किया गया जिससे ई० पू० ५-६वीं शती से पहले से लेकर ई० स० ११०० तक की आबादी के अवशेष मिले।

AIR PHOTOGRAPHY — हवाई छाया चित्रण—द्रष्टव्य AERIAL PHOTOGRAPHY

AIR-TIGHT — वायुरुद्ध

AJANTA CAVES — अजन्ता की गुफायें
जलगांव (महाराष्ट्र) से ३८ मील दूर स्थित जगत् प्रसिद्ध चित्रकला के लिये प्रसिद्ध स्थान। यह गुफायें चारों ओर पहाड़ से घिरी लगभग ६०० गज की दूरी में फैली हैं। इन गुफाओं की कुल संख्या २९ है और इनका भिन्न-भिन्न कालों में निर्माण हुआ है।

AKIMBO — कटिस्थित

AKKADIAN — अक्कादि भाषा
मध्य मैसोपोटेमिया के प्राचीन निवासियों की भाषा।

ALABASTER — सेलखड़ी

ALABASTER CUP — सेलखड़ी का प्याला

ALBITE — अल्बाईट
यह एक प्रकार का पत्थर है, जो नीले सफेद रंग का होता है।

ALCALDE — एल्केल्ड
गांव के मेयर (प्रधान) के लिये स्पेनी शब्द

ALCES ALCES — अमरीकी हरिण

ALCHEMY — कीमिया

ALEUTS — द्वीपवासी जो एस्किमो से मिलती जुलती भाषा बोलते हैं।

ALIEN — विदेशी, अन्य देशी

ALIGNMENT — पंक्तिबद्धता, संहिता, नडुकल-पंक्ति, संलग्नता, स्तरबद्धता, संरेखण

ALLOW — मंजूर करना

ALLOWANCE — भत्ता

ALLOY — धातु-मिश्रण

ALLUVIAL — जलोढ, कछार, जलस्थ, बाढ़ की मिट्टी को कहते हैं।

PLAINS — मृत्तिकाम मैदान

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ALLUVIUM — एलुवियम जलोढ बाढ की मिट्टी, बालू आदि का जमाव

ALMAGIRPUR — उत्तर प्रदेश में गंगा-यमुना के संगम पर दिल्ली के पूर्व में स्थित है। यहाँ सिन्धु संस्कृति के मृद्भाण्ड मिले हैं जिसका प्रसार पूर्व में उत्तर प्रदेश तक था।

ALMOND SHAPED — बादामाकार

ALMOND-SHAPED-HANDAXE — बादामाकार हस्तपरशु

ALPHABET — वर्णमाला, अक्षर

ALTERNATE FLAKING TECHNIQUE OR 'S' TWIST — एकान्तर फ्लेकीकरण प्रविधि

ALTERNATELY — एकान्तरतया

AL UBAID — अल उबेद नामक बाबुल देश का एक प्राचीन राजा

AMMONIA — एमोनिया

AMPHIBIAN — उभयचर मण्डक श्रेणि जल थल पर रहने वाले जन्तु

AMPHIPITHECUS — द्विजातीय वानर श्रेणि

AMPHITHEATRE — अखाड़ा, रंगभूमि (प्राचीन रोम)

AMPHORA — अम्फोरा
ग्रीस-रोम की मिट्टी की दुहथ्थी सुराही



AMRI — आम्री,
पाकिस्तान (दक्षिण सिन्ध) में हड़प्पापूर्व स्थल, खुदाई से यह प्रमुख दो कालों में विभाजित किया गया। एक हड़प्पा पूर्व तथा संक्रमण कालीन।

AMULET — तावीज, नजरबट्टु रक्षाकरण्डक

AMULET SEAL — तावीजी मुद्रा, मुहर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

AMYL-ACETATE ऐमिल एसिटेट
ANALYSIS विश्लेषण, परीक्षण
ANALYSIS SITE स्थल परीक्षण
ANALYTICAL विश्लेषणात्मक विधि सिद्धान्त
ANATOMY शरीर
ANATOLIAN WARE अनातोलि भाण्ड़
ANAU उनाउ, रूसी तुर्कस्तान का एक स्थान
ANCESTOR पूर्वज
ANCESTOR WORSHIP पूर्वज-पूजा
ANCIENT प्राचीन
ANCIENT HISTORY प्राचीन इतिहास
ANEPIGRAPHIC अनभिलिखित
ANGKOR अंगकोर
हिन्दचीन (इण्डोचायना) के एक हिन्दू राज्य की इतिहास-प्रसिद्ध राजधानी जिसे बौद्ध राजा जयवर्द्धन ने नौवीं सदी में बनाना प्रारम्भ किया और जिसे उसके पुत्र यशोवर्मन् ने पूरा किया ।
ANGLE कोण
ANGLE GRAVER कोण ग्रेव्हर (रूखानी)
ANGLE MEASURE गुनिया
ANGLE OF REFRANCTION वर्तन कोण
ANGULAR कोणाकार
ANICONIC WORSHIP प्रतीकपूजा
ANIMAL KINGDOM पशु-जगत्
ANIMATISM जीवात्मवाद
ANIMISM जीववाद

CC-0. Agamnigam Digital Preseyation Foundation, Chandigarh

ANKLET — पायल, नूपुर

ANNEALING — तापानुशितन, बार-बार तपाकर और कूटकर ताम्बे को कठोर करने की प्रक्रिया

ANTARCTIC — दक्षिण ध्रुवीय

ANTEDATE — पूर्व तिथि-निर्धारण, पूर्व-काल-निर्धारण

ANTEDILUVIAN — प्राक् प्रलय, प्रलयपूर्व

ANTENNAE SHAPED HILT — दुसिंगी मूठ, शृंगिकाकार मूठ

ANTELOPE — मृग (साधारण)

ANTENNAE SWORD — मूंछदार तलवार

ताम्रायुध भांडार में पाई जाने वाली तलवार जिसका स्कंधीय भाग कीट-पतंगों की मूंछ की भांति दो भागों में विभक्त होता है।



ANTEPENULTIMATE — प्रागुपान्तिम

ANTHROPOID — पुरुषाभ, मानवाकार

ANTHROPOID APE — वनमानव, पुरुषाभ वानर

बन्दर एवं मनुष्य के बीच की कड़ी को पुरुषाभ वानर कहा जाता है जिससे मनुष्य विकसित हुआ किन्तु अभी तक मनुष्य के क्रमिक विकास को सिद्ध करने का पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिल सका।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ANTHROARCHAEO LOGIST	मानव पुरातत्त्व
ANTHROPOLO-GICAL	नृतात्त्विक
ANTHROPOLO-ICAL LINGUISTICS	नृतात्त्विक भाषाविद्या
ANTHROPOLO-GIST	नृतत्त्वविद्, नृतत्त्ववेत्ता
ANTHROPOIDAE	नृसमुदाय
ANTHROPO-LOGY	नृवंशशास्त्र, नृतत्त्वशास्त्र, मानवविज्ञान
ANTHROPO-PHAGY	मनुष्य भक्षरणवाद
ANTHROPOMOR-PHAIC FIGURE	मानवाकृति ताम्रायुध भाण्डारों में पाया जाने वाला मानव ग्राकृति का एक उपकरण
ANTIPHONE	प्रतिस्वन



ANTIQUARIN	पुराविद्, प्राचीन वस्तुग्रों को ढूंढने वाला
ANTIQUARIAN	पुरातनिक, पुराना, प्राचीन वस्तुग्रों का संग्रहकर्ता
ANTIQUARIA-NISM	पुरातनवाद
ANTIQUARY	पुरातत्त्वान्वेषी, प्राचीन पदार्थ संग्रही
ANTIQUENESS	परम्परा-भुक्ति, गतानुगमन, पूर्वकालीनता, पुरातन

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

	प्राचीनता
ANTIQUATED	पौराणिक, पूर्वकालिक, पौरातनिक
ANTIQUATED-NESS	प्राचीन अप्रचलित
ANTIQUE	प्राचीन कला अथवा प्राचीन इतिहास के अवशेष
ANTIQUITIES	पुरावशेष, पुरावस्तुएं
ANTIQUITY	पुरानापन, पुरातनता, प्राचीनता, प्राचीनयुग, आदिकाल
ANTLER PICK	शृंगकुदाल
ANTLER SLEEVE	शृंगनली (एक उपकरण)
ANVIL	निहाइ, ऐरन, शुर्मा, निघात
ANVIL TECHNI-QUE	निहाई प्रविधि
APE	वानर, कपि
APE MAN	एम मैन, कपिमानव वे लुप्त हो चुके वानर (प्राईमेट), जिन्होंने उत्तान (सीधे खड़े होने की) स्थिति और मानवीय दन्त आकृति प्राप्त कर ली थी, किन्तु इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि उन्होंने वाणी अधिगत कर ली थी या उनके पास औजार या आग थी ।
APIS	एपिस, प्राचीन मिस्र का वृषभ देवता
APPLIED SCIENCE	प्रयुक्त विज्ञान
APPROXIMATE	सन्निकट
APULIAN WARE	अपूली (दक्षिण इटली में एक स्थान) भांड़
AQUEDUCT	कुल्या, छोटी नाली, पानी की मोरी
ARALDITE	अँराल्डाईट टूटे मृद्भाण्ड जोडने का एक लेप
ARAMAIC	अरामेक
ARBOREAL THEORY	वृक्ष-जीवन सिद्धान्त
ARC	वृत्त-खण्ड
ARCANE	छिपा हुआ, गुप्त
ARCHAEAN	आदिम (काल), प्राक्-प्राथमिक
ARCHAEO-LATRY	पुरातन पूजा
ARCHAEOLITHIC	आदिपाषाण युगीन

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ARCHAEOLOGI-
CAL — पुरातत्त्वीय, पुरातत्त्वसम्बन्धी

ARCHAEOLOGI-
CAL
CHEMISTRY — पुरातत्त्वीय रसायनशास्त्र

ARCHAEOLOGI-
CAL MOUND — पुरातत्त्वीय टीला

ARCHAEOLOGI-
CAL
MUSEOLOGY — पुरातत्त्वीय संग्रहालयशास्त्र

ARCHAEOLGY-
CAL TIME — पुरातत्त्वीय काल

ARCHAEOLO-
GIST — पुरातत्त्वज्ञ

ARCHAEOLOGY — पुरातत्त्व

पुरातत्त्व मनुष्य की प्राचीन युग की सभ्यता के क्रमशः विकास के ग्रध्ययन से सम्बन्धित विज्ञान है । ग्रार्किग्रोलॉजी यह शब्द मूलतः ग्रीक है, जो ग्रार्किग्रोस ARCHAIOS = प्राचीन तथा ग्रार्के ARCHE = शुरुवात शब्दों से बना है ।

ARCHAEOMAG-
NETISM — पुराचुम्बकत्व

प्राचीन वस्तुग्रों में निहित चुम्बकत्व मिट्टी की पकाई गई वस्तुग्रों में चुम्बकीय लोहे के ग्रॉक्साईड के कारण तत्कालीन पृथ्वीय चुम्वकत्व ज्यों का त्यों सुरक्षित रहता है । इस प्रकार के पुराचुम्बकत्व की एक तालिका तैयार करके तुलनात्मक रीति से किसी प्राप्त उदाहरण का काल ज्ञात कर सकते हैं ।

ARCHAEOP-
TERYX — ग्राद्य पक्षी, विसर्पी पक्षी, चिड़ियों ग्रौर रेंगने वाले पक्षियों के बीच की कड़ी

ARCHAEOZOIC — अजीवीय

ARCHAEOZOIC
AGE — प्रजीव युग

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ARCHAEOZOIC (ERA) — आद्यकल्प

ARCHAISM — पुरातनता, प्राचीन श्लोक

ARCHAIST — पुरातनवादी

ARCHAISTIC — पुरातनिक

ARCHANTHROPIC — पुरामानवीय

ARCHITECT — शिल्पवस्तु, स्थपति, वास्तुक उपयोग के लिये मनुष्य द्वारा बनायी गयी कोई भी वस्तुएं

ARCHITECTURAL BUILDING — वास्तु-भवन

ARCHITECTURAL REMAINS — वास्तु अवशेष

ARCHITECTURAL SCALES — स्थापत्य माप

ARCHITECTURE — स्थापत्य, वास्तु

ARCHITECTURE MONUMENT — स्मारक वास्तु

ARCHIVES — अभिलेखागार, अभिलेख

ARCTIC FOX — ध्रुवी लोमडी

ARCTIC HARE — ध्रुवी खरगोश

ARD — आर्ड, कुदाली

ARD CROOK — वक्र आर्ड, वक्र कुदाली

ARD SPADE — फाबड़ा आर्ड, फावड़ा कुदाली

AREA AGE — युग-क्षेत्र

AREA EXCAVATION — परिसर उत्खनन, उत्खनन क्षेत्र, खुदाई क्षेत्र

AREA HABITATION — वास क्षेत्र

ARGAL — अर्गल, उत्तरी ईरान की एक जंगली भेड़

ARIKAMEDU — अरिकमेडू सन् १९४०-४१ में (नगर से दो मील दक्षिण) एक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

फ्रान्सिसी ने यहां उत्खनन कराया था। यहां पर भारतीय सभ्यता के द्योतक बहुत से उपकरण मिले। साथ ही रोमन मणि, मृद्भाण्ड, अंगूठियां, दिये, मद्य कुम्भ, अरेटाईन मृद्भाण्ड भी मिले हैं जो पाण्डेचरी की एक पब्लिक लायब्रेरी में सुरक्षित हैं। यहां से उपलब्ध हुये उपकरण विभिन्न देशों के साथ व्यापारी सम्बन्ध तथा तिथि निर्धारण में सहायक सिद्ध हुए हैं।

ARI-RI — अरि-री
तारा का महाराजा, जो सारे आयलैंड का राजा होता था

ARRANGEMENTS — व्यवस्था

ARRATINE POTTERY — इटालियन मृद्भाण्ड का प्रकार (ई० ४५ के पूर्व प्रचलित)

ARROW-HEAD — बाण-फलक, शर-शीर्ष



ART — कला

ART CONNOISSEUR — कलावशेष, कला समीक्षक

ARTERIOLE — रोहनिका, धमनिका

ARTERIOSCLOROSIS — धमनी काठिन्य

ARTIFACTS — मानवीय औजार, उपकरण, मानवनिर्मित उपकरण

ARTISTIC — कलात्मक

ART OF MINING — खनि विज्ञान

ART RELIC — कलावशेष

ASH — राख, प्रभूर्ज

ASH MOUNDS — भस्मचय
दक्षिणी नवाश्म संस्कृति के साथ पाये गये राख के ढ़ेर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

	जो पशु-शाला के गोबर के एकत्र होने एवं जलने के फलस्वरूप बने हैं। इनकी तिथि लगभग ३०००-१००० ई० पू० मानी जाती है।
ASH PIT	भस्मगर्त, राख का गड्ढ़ा
ASHUR	असुर
	असिरिया की पहली राजधानी; 'असुर' सूर्य देवता के कारण यह नाम पड़ा। यहाँ बीसवीं शती के आरम्भ में आन्द्रे तथा जर्मन पुरातत्त्वविदों ने खुदाई की थी। यहाँ का इस्टर देवता का मन्दिर प्रसिद्ध है, जिसकी नींव ई० पू० ३०००से पहले रखी थी। ई० पू० ६०० से इसका पतन शुरू हुआ।
ASKOS	तेल की कुप्पी
ASSAY	धातु परीक्षण
ASSEGATI	असेगाती, एक प्रकार का भाला
ASSET	परिसम्पत्ति
ASSIMILATION	सात्मीकरण, स्वीयकरण
ASSOCIATION	समिति
ASTROLABE	एस्ट्रोलेब
	ज्योतिष का एक यन्त्र, जिसे अरब लोगों ने बनाया था और जिसका उपयोग अक्षांश-रेखाओं के निर्धारण के लिये किया जाता था।
ASTRONOMICAL	खगोलविद्या सम्बन्धी
ASTRONOMY	खगोलविद्या
ASTURIAN	एस्तुरियन
ATMOSPHERE	वातावरण
ATMOSPHERIC EFFECTS	जलवायु के प्रभाव
ATRITION	साधननाश
AUDI	औदि, आदिम चाकु-फलक
AUGER	बरमा, मिरमिट
AURIFEROUS	स्वर्णमय
AURIGNACIAN CULTURE	औरिगनेसी सभ्यता

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पश्चिम युरोप में पाई गई तीन ऊपरी पुरापाषाणिक संस्कृतियाँ जो परस्पर घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित थीं। एक श्रृंखला जो प्रथम उष्ण दोलन और वूर्म हिमाच्छादन के दूसरी बार बढ़ाव के बीच के काल की थी। वे गुफावासी थे। इनके उपकरणों में औरिगनेसी स्क्रेपर, श्रृंग बाणाग्र, दांत एवं सीपियों की मालायें, श्रृंग एवं हाथी दांत की पीने मिली हैं। इन्होंने पहली बार गुफाओं में चित्र बनाये तथा मूर्तियां तराशीं।

AUSTRALOPITHECUS दक्षिणी वानराकृती जीव

आफ्रीका, फिलस्तीन और जावा में पाये गये फासिल कपि मानवों का समूह।

ATRANJI KHEDA अत्रंजी खेड़ा

यह स्थान उत्तर प्रदेश में हैं। यहां अलीगढ़ विद्यापीठ की ओर से उत्खनन किया गया था जिसमें ताम्रपाषाण एवं लोह-युगीन अवशेष प्राप्त हुये हैं। प्रथम आबादी में गेरू चित्रित मृद्भाण्ड मिले। उसके बाद कृष्ण लोहित मृद्भाण्ड जो अहाड़ में मिले मृद्भाण्डों से मिलते-जुलते हैं। चित्रित धूसर मृद्भाण्डों का प्रयोग इसके बाद हुआ जिसका काल ई० पू० छठी शती है।

AUTHORITY अधिकार

AVUNCULATE मातुलेय

OWL सुआ, सुरजा, टेकुला, छिद्रक

एक नुकीला आयुध जो चमड़ा या लकड़ी आदि में छेद करने के लिये प्रयुक्त किया जाता था। इस आयुध के निर्माण के लिये पत्थर हड्डीयाँ धातु का प्रयोग हुआ है।

AXCIS धुरी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

AXE	कुठार, कुल्हाड़ी, छुरा
AXE CULTURE	कुठार संस्कृति
AXE KITCHEN MIDDEN	छुरा कुठार
AXE KNOB-HAMMER	मुठ-हथौड़ा कुठार
AXE LUGGED	कर्णिल कुठार
AXE POINTED BUTT	नुकीले कुन्देवाला कुठार
AXE GRINDER	कुठार-सान
AXE WITH BROAD CUTTING EDGE	चौड़े कार्यांगवाला कुठार
AXIAL TRENCH	अक्षीय खाई
AXIDIAN	जलचर (केंकड़ा)
AXIS	धुरी, अक्ष
AXIS DEER	ध्रुवी हरिण
AXLE	धुरा, धुरी
AZILIAN	एजिलियन दक्षिण फ्रान्स की मध्य पाषाण संस्कृति
AZILIAN CULTURE	एजिलियन संस्कृति फ्रान्स में मांस-डा झील गुफा में मिली मध्याश्म कालीन संस्कृति । बेल्जियम तथा मध्य युरोप में भी इस संस्कृति के अवशेष मिले । ई० पू० ७००० वर्ष पहले एजिलियन यहां रहते थे जो खाद्य पदार्थ इकठ्ठा करते थे । उन्होंने कुत्ते भी पाले थे ।
AZOIC	अजाईक, अजीव सबसे प्राचीन अवशेषहीन चट्टानें
AZOIC AGE	अजीव युग

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

B

BABOON	बैबून, लंगूर बन्दरों की एक जाति, दीर्घाकृति वानर
BABYLON	बेबिलोन इराक में बगदाद के दक्षिण में पचास मील दूर प्राचीन मेसोपोटेमिया की यह राजधानी थी। यह नगर तीन मील के विस्तृत इलाके में फैला था। इस नगरी के प्राचीन टीलों में से एक टीले को आज भी बॉबील नाम से जाना जाता है। जिसका अर्थ है, 'ईश्वर का प्रवेशद्वार'। सुप्रसिद्ध जर्मन पुरातत्वज्ञ रॉबर्ट कोल्डवे ने १८९९ से १९१७ तक यहाँ खुदाई की थी।
BACKED BLADE	पार्श्व-पुनर्गठित ब्लेड
BACK-GROUND	पृष्ठभूमि
BACTERIA	जीवाणु
BAGOR	बागौर राजस्थान के भिलवारा से पश्चिम में २५ मील दूर कोठड़ी नदी के किनारे पर है। यहां मध्याश्मयुगीन बस्ती के अवशेष मिले हैं जो ई० पू० ५००० में बसी थी। फिर यहाँ क्षुद्राश्म काल में एवं लोह युग तक ई० पू० ६०० से २०० तक की आबादी के प्रमाण मिलते हैं।
BAIZE-WARE	मिट्टी के रंगों के बर्तन
BAKED	परिपक्व, पकाना, कठोर करना
BALANCE	सन्तुलन
BALK OR BAULK	बीच की खुली जमीन
BALSAM	गुलमेहन्दी
BALUSTER	लघुस्तम्भ
BANAS CULTURE	बनास संस्कृति-द्रष्टव्य AHAR CULTURE
BAND	गिरोह, दल, पराबांधना

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BANDED — पट्टीदार
BANGLE — कंकरण, चूड़ी, कड़ा
BANK — निमग्निका, समुद्र किनारा
BANNER STONE — ध्वजा कुठार
BARB — द्व्यंकुश, तीर की नोक
BARBARISM — वर्बरता, ग्राम्यता
BARBARY APES — बार्बरी कपि
भूमि पर रहने वाले बन्दरों की एक जाति जो उत्तरी अफ्रिका और जिब्राल्टर के चट्टानी प्रदेशों में रहती थी।
BARBOTINE — भाण्डलेप
BARCELT — दण्ड-टन्क
BAR CHISEL — दण्ड-छैनी
BARK — छाल, छिलका
BAROMETER — वायु दबाव मापी, वायु नापने का यन्त्र
BARROW — कब्र के ऊपर बना थूहा, वैरो, बरो, स्तूप ,मिट्टी का टीला
BARTER — वस्तु विनिमय
BASAL — तलस्थ
BASAL GRAVEL — आधार ग्रेवेल
BASALT — असिताश्म, आग्नेय, गहरी हरी या बादामी आग्नेय चट्टान
BASES — क्षारक
BASIC — आधारिक
BASIS — आधार, जड़, नींव
BASQUE — वास्क, दक्षिण पश्चिम फ्रान्स तथा उत्तरीय स्पेन के इलाके में बोली जाने वाली भाषाओं का वर्ग जिसे इबोरियत भी कहते हैं।
BAS-RELIEF — अध्युपचित्र, उदभूत
BATON-DE-COMMANDE-MENT — शृंगवेत्र, रेनडियर शृंग का बना आदिम उपकरण
BATTER — पीटना, कूटना
BATTERED

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FLINT NODULE चूर्णित पाषाण खण्ड

BATTLE AXE फरसा, कुल्हाड़ा

BATTLEMENT WALL कंगुरेदार प्राचीर

BAULK बीच की खुली दीवार (जमीन)

BEACHARRA WARE बीचरा भाण्ड, (बीचरा स्कॉटलैण्ड में एक स्थान)

BEAD मनका

BEADED RIM मनकेदार कोर

BEADED RING मनकेदार छल्ला

BEAD SEQUENCE मनका क्रम

BEAD WORK मनकाकारी

BEAKED GRAVER चंच्वाकार ग्रेव्हर

BEAKER चंचुक

BEAKER (FOLK) चंचुक चमक (वाला मानव), नोकदार अथवा चोंचदार प्याला

BEAK-LIKE चंच्वाकार

BEAK-SHAPED चंचु आकार, चंच्वाकार

BEAM धरण, लठ्ठा, चमकना

BEAVER वनबिलाव

BED-ROCK तलप्रस्तर

BEECH करंज

BEEHIVE HUT छत्ता कुटीर

BEEHIVE SHRINE छत्ता मन्दिर

BEEHIVE TOMB छत्ता मकबरा

BELEMNITE शिल्पास्थि तेज नोक की हड्डी

BELIEF विश्वास

BELL BARROW घण्टाकार कब्र, स्तूप

BELL BEAKER घण्टाकार चंचुक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BELL SHAPED
EAR ORNAMENT घण्टाकृति कुण्डल

BELT कटिबन्ध, मेखला, परिवेष्टन

BELZONI GIOVANNI BATTISA वेल्भोनी, गिग्रावोनी बेटिसा (१७७८-१८२३) उन्नीसवीं शती के आरम्भ में इजिप्त के प्राचीन अवशेषों को किसी भी तरह से प्राप्त करने वाला निर्भीक इन्सान जिसके कारण कई महत्त्वपूर्ण वस्तुओं का विनाश हुआ। किन्तु इससे पश्चिम एशिया के प्राचीन सम्पत्ति की ओर युरोप का ध्यान बरबस ही खींचा गया।

BENT BAR COIN कड़ानुमा सिक्का, छड़नुमा सिक्का

BETEL NUT HOLDER सुपारी दान

BEVELLED प्रवणित, खांचेदार

BEVELLED RIM खांचेदार कोर

BEZOAR बैजवार

BHAL बहाल
महाराष्ट्र के खानदेश में गिरणा नदी के किनारे बसा है। यहां १९५६-५७ में खुदाई की गई। यहां पहली संस्कृति ताम्रपाषाण युग में बसी थी।

BHOKARDAN भोकरधन
औरंगाबाद से ४० मील दूर है। इसका उल्लेख सांची के लेखों में आता है। १९७३-७४ में यहाँ खुदाई की गई। यहां पूर्व-सातवाहन, सातवाहन एवं सातवाहनोत्तर कालीन अवशेष मिले हैं। यह बहुत बड़ा व्यापारी एवं कला केन्द्र था। खुदाई में कारीगरों के मकान, हाथी-दांत की चूड़ियां, स्त्री मूर्तियां, कज्जल शलाकायें, मणि आदि मिले हैं।

BICONVEX द्वि-उन्नतोदर, उभयोन्नतोदर

BIFACE OR BIFACIAL द्विमुख
बाह्य एवं अन्त दोनों सतहों में चिप्पड़ निकालकर बनाये गये आयुध को द्विमुख कहा जाता है।

264

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BIFICIAL	उभयपक्षीय
BIFURCATION	सीमा विभाजन, द्विशाखित
BIG	बृहत्काय, महाकाय, बड़ा
BI-GLACIALISM	द्वि-हिमावर्तनवाद
BILATERAL	द्विपक्षीय, द्विपार्श्विक, द्विपृष्ठीय, उभयवाही
BILATERAL BARB	द्विपक्षी कांटा
BILATERAL FLAT BASE	द्विपार्श्वीय समतल उपकरण
BILINGUAL	द्विभाषिक
BINOCULAR	द्विपार्श्वी
BIOLOGICAL	जैविकीय, जैव
BIOLOGICAL EVOLUTION	जैविक उद्विकार, जीवन विकास
BIOLOGY	जैविकी
BIPARTITE	द्विपक्षीय
BIPOLAR TECHNIQUE	द्विध्रुवी प्रविधि
BISON OR BISON BONASUS	जंगली सांड, महामहिष
BISON PRISCUS	प्रथम जंगली सांड
BIT	टुकड़ा
BITUMEN	बिटूमिन, राल, शिलाजीत
BLACK AND RED WARE	कृष्ण लोहित मृत्पात्र, काले और लाल भाण्ड इस प्रकार के भाण्डों का अन्तभाग एवं बाह्यभाग का ऊपरी अंश काला होता है । और बाह्य भाग का निचला अंश लाल होता है । भट्टी में बर्तन को औंधा करके पकाने के कारण इस प्रकार का रंग आ जाता है । भारत में इस प्रकार के बर्तनों का बनाया जाना २०० ई० पू० से ही आरम्भ हो जाता है और उनका निर्माण परिवर्धनों के साथ पहली शती तक होता रहा है ।
BLACK COTTON SOIL	काली मिट्टी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BLACK-ON-RED WARE — कृष्ण-रंजित लोहित मृत्पात्र
लाल रंग के भाण्ड जिनपर काले रंग से अलंकरण बने रहते हैं ।
—द्रष्टव्य MALAWA WARE

BLACK SEA — कृष्ण सागर

BLACKISH POTTERY — हल्के काले भाण्ड, किंचित् कृष्ण भाण्ड

BLACK-ON-CREAM — मोतिये पर काला भाण्ड

BLADE — फला
किसी प्रस्तर खण्ड से निकाली हुई पतली एवं लम्बी 'चिप्पड़' को फला कहते हैं । लम्बाई एवं चौड़ाई के आधार पर फला के कई प्रकार होते हैं । इस प्रकार के निकाले चिप्पड़ के किनारों से बहुत से छोटे छोटे चिप्पड़ निकालकर बने फला के भी कई उपप्रकार पाये जाते हैं ।

BLAST FURNACE — धमन भट्टी

BLOCK-ON-BLOCK-TECHNIQUE — स्थिर-हथौड़ा निहायी-हथौड़ा पद्धति

BLOOD-GROUP — रक्त-समूह

BLOOM — ब्लूम, पृष्ठ निक्षेप
लोहे का वह स्पंज जैसा अंश, जो पिघलने पर कच्ची धातु में रिस कर अलग हो जाता है ।

BLOOMERY — ब्लूमरी, पृष्ठ निक्षेप भट्टी
लोहा पिघलाने की एक विशेष भट्टी

BLOW PIPE — फूंकनी

BLUNTED — भुथड़ा, खुरदरा, बेढंगा, धार बन्द करना

BLUNTED BACK BLADE — भुथड़ा पार्श्व फला

BLUNTED BACK SCRAPER — भुथड़ा-पृष्ठ स्क्रेपर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BOAR वराह, सुग्रर
BOARD
SCRAPER खुरचनी पट्टा
BOAT-SHAPED नौकाकार
BOGHASKOI बोगाजकोई
एशिया-मायनर के एक स्थान पर एक व्यक्ति ने कुछ मृत्तिका फलक खोजकर निकाले जिनमें कि हिट्टाईट (HITTAITE) ग्रौर मितानी (MITANI) के राजा के बीच १४वीं शताब्दी ई० पू० में सन्धिपत्रों का उल्लेख है । इसी देवताओं की सूचि में ग्रनेक बेबीलोनियन, हिट्टाईट ग्रौर भारतीय मित्र, वरुण, इन्द्र ग्रौर भिन्न मितानी देवताग्रों के नाम ग्राते हैं । इस स्थान की १९०६-१२ में विकनेर ने खुदाई की थी ।

BOILER बाष्पित्र
BOLT छड, खटका
BOND CLASS भृत्य (दास, गुलाम) वर्ग
BONE NEEDLE ग्रस्थि सूचिका
BONE TOOL अस्थि ग्रायुध
BONY ग्रस्थिमय
BONY WALL अस्थि-भित्ती
BOOMERANG बुमरँग, प्रक्षेपणास्त्र
ग्रॉस्ट्रेलिया के ग्रादिम निवासियों का हथियार
BORE CORE विद्ध क्रोड
BORER छिद्रक
द्रष्टव्य—OWL
BORER-SCRAPER वेधक खुरचनी
BORING
HALLOW छल्ला-वेधन
BORING SOLID घन वेधन
BOSKOP MAN बोस्कोप-मानव
BOSING शब्द ध्वनि
BOS
BRACHYCEROS बांस ब्रेकोसिरोस, पुरावृषभ
BOS INDICUS भारतीय वृषभ

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BOS
NAMADICUS — वृषभारण्यक
भारत में परवर्ती प्रतिनूतन काल के अवशेषों में पाया जाने वाला जंगली बैल इस नाम से जाना जाता है। नेवासा एवं काले गांव (महाराष्ट्र) में इस बैल के अवशेष आयुधों के साथ प्राप्त हुये हैं।

BOS
PRIMIGENIUS — वृषभ, जंगली गाय-बैल

BOTANICAL
INVESTIGATION — वनस्पति अन्वेषण

BOTANY — वनस्पति शास्त्र

BOTTA PAUL
EMILE — बोट्टा पॉल एमिल
यह फ्रेन्च डाक्टर था जो १८४०-४३ तक इराक में राजदूत था, जिसकी बदौलत उसने कुयुंजिका और खोर्साबाद में उत्खनन किया। खोर्साबाद में मिले प्राचीन अवशेष प्राचीम निनेव नगरी के हैं यह उसका विचार था। १८४३ में असिरियन वास्तुकला को यह प्रकाश में लाया।

BOTTOM — अथःस्थल, तला, पेन्दा

BOTTOM
MORAINE — आधार-मोरेन

BOUCHER — बुशे, कराघातक हाथौड़ा, मुष्ठिकुठार

BOULDER CLAY — हिमनदी उच्चयन (प्रस्तर-मृत्तिका), गोलाश्म मृत्तिका
यह संचयन विभिन्न प्रकार के असंबद्ध टुकड़ों का ढेर जो हिमनदी के साथ-साथ उसके मार्ग में हो अथवा उसके गंतव्य पर जमा होते हैं। वे संचय नदी के किनारों तलहटी, संगमस्थल गन्तव्य के आधार पर पार्श्वभूमि या आधार मध्य एवं अन्त हिमनदी उच्चयन के नाम से जाने जाते हैं।

BOULDER CON-
GLOMERATE — बोल्डर-पिण्ड, संगुटिक गोलाश्म (जल) घर्षित विशाल प्रस्तरपिण्ड

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BOW DRILL	धनु बर्मा
BOWL	कटोरा प्याला
BOWL BARROW	कटोरा स्तूप
BOX-HEADED	पिटक शीर्ष, पेटिका शीर्ष
BOX GRAVE	बक्साकार कुण्ड
BRACE	बन्धनी गालिस, जोड़ा
BRACELET	वलय, कड़ा, बाजूबन्द
BRACHIATING	ऊर्ध्व बाहुवाला
BRACHIOPOD	गुम्फित बाहुपाद-हाथी वाला एक सीपी जलजीव
BRADED	गुम्फित
BRACKET	कोष्ठक, घेर
BRADING	गुम्फन
BRAHMAGIRI	ब्रह्मगिरि यह दक्षिण भारत के मैसूर राज्य में स्थित है। यहां १९४७ में सर मार्टिमर व्हीलर ने उत्खनन किया था। यहां पर उत्खनन में तीन विभिन्न युगों की सभ्यतायें प्रकाश में आयी थीं। सबसे नीचे स्तर में प्रस्तर युगीन सभ्यता, मध्य की महाश्म सभ्यता, स्थानीय महाश्मिक कब्रें और सबसे ऊपर के स्तर से आन्ध्र युगीन सभ्यता के अवशेष उपलब्ध हुये। मृद्भाण्ड को देखने से यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि ब्रह्मगिरि की कुम्भकला का विकास एक क्रमिक गति से हुआ था। प्रथम युग के मृत्पात्र भद्दे, द्वितीय युग के पालिशयुक्त तथा तृतीय युग के कुम्भकला के चरमोत्कर्ष युग के सूचक हैं।
BRAHMPURI	ब्रह्मपुरी महाराष्ट्र के कोल्हापुर के पास प्राचीन बस्तियों का स्थल। यहां १९४५-४६ में डा० सांकलिया और दीक्षित ने खुदाई की थी। इसके पूर्व यहां पासोडान (रोमन सागर-देवता) का ब्रॉन्स का पुतला मिला था। यहाँ ई० पू० २०० से १५-१६ शती तक बस्तियां बसी थीं।
BRAHMI	ब्राह्मी एक प्राचीन लिपि का नाम है। जिसका प्रयोग ३-४ई० पू० से मिलता है। उत्तर भारत की सभी लिपियों का मूल यही लिपि है। अशोक के सभी लेख प्रायः इसी लिपि में

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हैं । यह बायें से दायें लिखी जाती है । कुछ विद्वानों का मत है कि ब्राह्मी लिपि विदेशों से ली गई थी ।

BRAIN CASES मस्तिष्क के खोल

BRAIN STEM ब्रेन स्टॅम, मस्तिष्क वृन्त
मस्तिष्क का वह निचला भाग, जो मेडयुलरी विवर तक फैला होता है और जिससे अस्वच्छिक क्रियाओं का नियमन होता है ।

BREAKFAST प्रातराश

BREAST PLATE वक्षस्त्राण, उरस्त्राण

BREUIL HENRI ब्रूल हेनरी
फ्रेन्च प्रागैतिहासिक तक्ष, पेशे से पादरी थे किन्तु जीवनभर उन्होंने अनेक देशों के अश्मयुगीन अवशेषों का अध्ययन किया । उन्होंने युरोपियन अश्मयुगीन गुफाचित्रों का गहन अध्ययन किया । प्रगत अश्मयुगीन संस्कृति को उन्होंने क्रम दिया ।

BROAD-NOSED RHINOCEROS चौड़ी नासिकावाला गेन्डा

BROCH ब्राक, स्काटलैण्ड में प्रागैतिहासिक पाषाण स्तूप

BRONZE कांस्य

BRONZE AGE कांस्य काल
कांस्य युग जिसमें ताम्र के साथ रांगा मिलाकर शस्त्र और उपकरण बनने लगे

BRONZE AGE BARROW कांस्य युग की कब्रें, स्तूप या बैरो

BRONZE COLLAR कांस्य हसली

BRONZE CULTURE कांस्य संस्कृति

BRONZES कांस्य मूर्तियां
विशाल एवं लघु मूर्तियां जो सांचे में पिघले कांसे को ढालकर बनाई गई हैं । ताम्बे एवं टीन का एक मिश्र धातु कांस्य कहा जाता है ।

BROOCH, PENANNULAR छल्लाकार पिन

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BROW BAND — सिंगार पट्टी
BUBBLE LEVEL — पनसाल
BUFF-SLIP — पाण्डु लेप
BUFF WARE — पाण्डु भाण्ड
BUFF-WHEEL — चमड़ा-चढ़ा चाक
BULB — गुटिका
BULBAR SCAR — ग्रर्धशंकु का चिन्ह
BULBAR SURFACE — ग्रर्धशंकु वाली सतह
BULB OF PERCUSSION — संघात का ग्रर्धशंकु
BURIAL — शवाधान, दफन
BURIAL BUNDLE — संचित ग्रस्तिशवाधान
BURIAL CHAMBER — शवगृह

महाश्म के प्रकारों में से एक। एक या ग्रनेक उदग्र शिला फलकों से बना ग्रायताकार कमरा जो लम्बाई को, ग्रौर सदा पूर्व-पश्चिम की दिशा में होता है। यह शवगृह पूर्णरूप से जमीन के ऊपर होता है। इसका दूसरा रूप जमीन में गड़ा हुग्रा प्राप्त होता है जो शवगृह से कम और शवपेटिका से ग्रधिक मिलता जुलता है।

यह महाश्म बाहर की ग्रोर गढ़े हुये प्रस्तर खण्डों के वृत्त से घिरा पाया जाता है।

BURIAL CHARIOT — सरथ शवाधान
BURIAL CONTENTS — शव सामग्रियां
BURIAL FRACTIONAL — आंशिक शवाधान
BURIAL NICHE — देवली शवाधान
BURIAL SYSTEM — शव प्रथा
BURIAL URN — मृतक भाण्ड
BURIAL POT — समाधि पात्र

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

BURIED FEATURE — भूमिगत चिह्न

BURIN — तक्षणी, उत्कीर्णक, रुखानी, नक्काशी यंत्र, छिद्रास्त्र या छेद करने का अस्त्र एक विशेष प्रकार का आयुध जो उत्कीर्णन या आलेखन प्रयोग में लाया जाता था। इसके निर्माण के लिये मुख्यतया पत्थर के 'चिप्पड़ों' का प्रयोग किया गया है। पत्थर के चिप्पड़ के समानान्तर किनारों से इस प्रकार दुबारा चिप्पड़ निकाले गये हैं कि उनके मिलन बिन्दु पर रुखानी जैसी धार बनती है।

BURZAHOM — बुर्जहोम
काश्मीर में श्रीनगर से ६ मील दूर है। १९२९ में यहाँ पहली बार खुदाई हुई थी। इसके बाद १९५९ में। पहला काल नवाश्म ई० पू० २३७५ में लोग यहाँ गड्डे खोदकर रहते थे जिनपर लकड़ी के खम्भों पर छप्पर बने थे। नीचे उतरने के लिये सीढ़ियां भी थीं। यहां चूल्हा-चौका, पत्थर की कुल्हाड़ियाँ, हड्डियों की सुईयां, मत्स्यबाण आदि मिले हैं। दूसरे काल में लोग कच्ची ईटों के या मिट्टी के घरों में रहते थे। वे मृतों को मोड़कर दफनाते थे। ऊपर गेरूवा रंग और मृद्‌भाण्ड रखते थे। यहाँ तीसरी आबादी लोहयुग में हुई थी।

BUST — अर्धचित्र, आवक्ष, शिरोभाग, ऊपर का छड़

BUTTEND — समन्तान्त आखिरी सिरा

BYBLOS — बिबलॉस
लेबनॉन के किनारे बेरूत के उत्तर में है। १९३० में ड्युनाण्ड ने यहां खुदाई की। पहली बस्ती यहाँ नवाश्म युग में हुई। ब्रान्झयुग में इसकी प्रगति हुई और प्रख्यात बन्दरगाह बना।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

C

CADUCEUS सर्पदण्ड
CAINOZOIC नवकल्प
CAINOZOIC AGE नवकल्पयुग, नवजीव-युग, नूतनजीवयुग
CAIRN संगोरा, निडई-कलतेड्डी, प्रस्तर-संग्रह
CAIRN CIRCLE प्रस्तर-संग्रह वृत्त
OR
CAIRN BURIAL महाश्म के प्रकारों में एक, जिनमें पत्थरों के एक वृत्त के भीतर पत्थरों का एक ढेर जिसके नीचे एक, दो या कई 'मृतक भाण्ड' पाये जाते हैं। एक 'मृतक भाण्ड' वाले प्रस्तरवृत्त बहुमृतकभाण्ड प्रस्तरवृत्त की अपेक्षा काफी छोटे होते हैं। बहु मृतक भाण्ड वाले प्रस्तर संग्रह सबसे अधिक संख्या में पाये गये हैं।
CALCARIOUS चूना
CALCULATION परिकलन, विवेचना
CALCULUS कलन
CALENDER पंचाङ्ग
CALLIGRAPHY सुलेख
CALORY उष्मांक
CAMBER उभार, धनुष के समान शहतीर
CAMBRIAN कैम्ब्रियन, त्रिखण्डकाल
प्राचीनतम अर्थात् पेलियोजोईक स्तरों की एक श्रृंखला इसके नीचे लारेन्शियन और ऊपर साईलूरियन स्तर-श्रृंखलायें हैं। कुछ समय पहले इनको सबसे प्राचीन फॉसिलमय श्रृंखला समझी जाती थी।
CAMERA कैमरा, तस्वीर उतारने का यन्त्र
CAMOUFLAGE छद्मावरण
CAMP डेरा डालना, पड़ाव डालना

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CAMPIGNY AXE कैम्पिग्नी कुठार
CANCER कर्क रेखा
CANINE TEETH भेदक दांत
CANIS SUESSI भेड़िया
CANNIBAL नर-भक्षी
CANNIBALISM नर-भक्षण
CANON LAW चर्च-कानून, धर्मनियम
CANOPIC JAR ढक्कनदार कलश
CANOZOIC AGE नवजीवनयुग
CANSTELLA-
TION नक्षत्र-मण्डल, तारामण्डल
CAPACITY धारिता, दक्षता
CAPITAL सिरे भाग, शीर्ष
CAPRICORN मकर रेखा
CAP-STONE शीर्ष-प्रस्तर

शवगृह पर रखा
छातानुमा प्रस्तर

CARAFE सुराही
CORBON-14
DATING कार्बन-१४ तिथिज्ञापन
(C-14) प्राचीन वस्तुओं की तिथि जानने की विधि जिनमें कार्बन नामक तत्त्व होता है। कार्बन के दो आईसोटोप, कार्बन-१२ एवं कार्बन-१४ किसी जीवित वस्तु में एक निश्चित अनुपात में होता है। मृत्यु के पश्चात् कार्बन-१४ (रेडियो) सक्रिय होने के कारण दूसरा रूप ग्रहण कर लेता है। यह लगभग ५७३०, (२ × ५७३०) ११४६० एवं (३ × ५७-३०) १७१९० वर्षों में क्रमशः अपने मूल अंश का चौथाई एवं आठवां हिस्सा बच जाता है। इस प्रकार वैज्ञानि

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

प्रविधियों से किसी कार्बनवाली वस्तु के कार्बन-१४ के अवशिष्ट अंश की गणना से उस वस्तु की प्राचीनता का ज्ञान किया जाता है। इस प्रणालिका का प्रयोग प्रो० लिबी ने इजिप्शियन टाम्ब से उपलब्ध हुई लकड़ी पर सर्व प्रथम किया था।

CARBONIFEROUS — कार्बोनीफेरस, कोयलामय, अंगारकाल
वह भूतत्त्वीय निर्माण जिसके अंतर्गत चट्टानों के अतिरिक्त कोयले के स्तर भी आते हैं। यह सबसे पुराने अर्थात् पोलियोजोईक युग के हैं।

CARBONIFEROUS PERIOD — कोयला युग

CARINATED — नौतली, कमरखी

CARINATED SHOULDER — नौतली स्कन्ध

CARNELIAN — इन्द्रगोप, गोमेद, कार्नेलियन

CARNELIAN BEAD — इन्द्रगोप मनका

CARPENTRY — काष्ठकला

CARTER, HOWARD — कार्टर, हॉवर्ड (१८७३-१९३९)
मिँलडर्स पेट्री के निरीक्षण में शिक्षित कार्टर ने १९२२ में इजिप्त के प्रसिद्ध तुदनखामन की कब्र की खोज की थी।

CARVING — नक्काशी

CARYATID — मदनिका

CASAMATE — कमांचा

CASKET — मंजूषा

CASSITERITE — रांगा पत्थर, भूरे रंग का टिन का ऑक्साइड

CAST IN DIE — ठप्पे में ढ़ाले

CASTE — जाति

CASTER FIBRE — ऊदबिलाव

CAUSTIC SODA — कॉस्टिक सोडा, दाहक सोडा

CASTING — ढलाई

CAST-IRON — ढलवां लोहा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CATALOGUE नामावलि
CATAMARAN दो-नोवा
CATARRHINE संकीर्ण-नासिकीय
CATCHMENT AREA प्रवाह क्षेत्र
CATCH-STITCH सिलाई गांठ
CATS EYE लहसुनिया पत्थर
CAVE गुफा, गुहा
CAVE-ART गुफा-कला
CAVE-BEAR गुफा (वासी) भालू
CAVE DEDICATION गुफा-दान, समर्पण
CAVE DWELLING गुहावास
CAVE HABITATION गुफावास
CAVE MAN गुफा-मानव
CAVE PAINTING गुहा-चित्रण
प्राकृतिक अथवा मानवनिर्मित गुहाओं में मनुष्य द्वारा किये गये आलेखन। ये दो प्रकार के होते हैं—चित्रांकण और उत्कीर्णन। गुहालेखन मुख्य रूप से पाषाणयुगीन मानवों के उन चित्रों से संबन्धित हैं जो सम्भवतः उनके धार्मिक विश्वासों के प्रतीक हैं।
CAVE SHRINE गुफा मंदिर
CAVE SITE गुफा स्थल
CAVE TEMPLE गुफा मन्दिर
CAVE TOMB गुफा तुम्ब
CAVE WARE गुफा भाण्ड
CAVERN भूमिष्ठ गुहा, कन्दरा
CELLA गर्भगृह
CELL CHEMISTRY कोशा रसायन
CELLULOID CUTTING सेलूलाईड कतरण

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CELT — कुठार, कुल्हाड़ी। कुठार या कुल्हाड़ी के लिये पत्थर, कांसा और लोहे का उपयोग किया गया है। पत्थर की कुठार नवाश्म काल का एक विशेष आयुध है। पिण्ड से चिप्पड़ निकालकर बनाए गए आयुध को घिस कर चिकना किया जाता था। इसमें सामान्यतया उन्नतोदर तेज धार होती है। इसका दूसरा सिरा नुकीला या चौकोर होता है। इसे यदि बीच से काटा जाये तो इस कटे भाग का स्वरूप चौकोर या अण्डाकार होता है। इसके प्रयोग के लिये या तो इसे लकड़ी के हत्थे में लगाते थे अथवा सीधे हाथ से ही इसको उपयोग में लाते थे।



CELTIC FIELDS — केल्टिक क्षेत्र

CEMETERY — श्मशान

CENOZOIC — (सेनोजाईक)
नवकल्प, नूतन जीवयुग
भूवैज्ञानिक काल के गत सात करोड़ वर्ष

CENTRAL INDIAN CHALCOLITHIC CULTURE — मध्य भारतीय ताम्राश्म संस्कृति। मध्य भारत से प्राप्त ताम्राश्म संस्कृति को यह नाम दिया गया है। यह संस्कृति दक्षिणी मध्यप्रदेश में पाई जाती है। इसकी तिथि लगभग १७००-१२०० ई० पू० मानी गई है तथा इस संस्कृति में मालवा मृत्पात्र, क्षुद्राश्म, ताम्र उपकरणों, गारें, इंटें तथा मिट्टी एवं टाटी के घर पाये जाते हैं।

CENTRALLY DIRECTED — केन्द्रोन्मुख

CEPHALOPOD — सेफेलोपॉड
कपालाद्र, सिरपर पैरवाले जीव जैसे घोंघा

CENTRAL INDIAN PLATEAU — मध्य भारतीय पठार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CEREBELLUM अनुमस्तिष्क
CEREMONIALISM संकरवाद
CERTAINTY निश्चयता
CERVUS CAPREOLUS हरिणी
CERVUS ELEPHUS लाल हरिण
CERVUS SIDQURICKI बहुश्रृंगी हरिण
CESS-POOL मल-कुण्ड
CETACEA जलाधिवासी
CHAIN जंजीर
CHAIN SURVEY जंजीर निरीक्षण
CHALCEDONY चॉल्सिडनी, सिक्थस्फटिक, गार, सफेद पत्थर
CHALCOLITHIC AGE ताम्राश्म युग, ताम्र-प्रस्तर युग
नवाश्मयुग के बाद की संस्कृति को यह नाम दिया गया है जबकि ताम्बे एवं पत्थर दोनों का ही प्रयोग किया जा रहा था। इस युग में नवाश्मयुग की सारी विशेषतायें थीं। साथ ताम्बे के प्रयोग की नवीनता ''।
CHALCOLITHIC HABITATION ताम्रपाषाणयुगीन आवास
CHALICE चषक, पानपात्र
CHAMBER TOMB गृह तुम्ब
CHAMFER कत्तल निकालना, कत्तल
CHAMOIS वन्य मृग
CHANCE संयोग
CHANCELADE MAN शांसलाद मानव
CHANDOLI चांड़ोली
महाराष्ट्र के पुणा जिले में घोड़ नदी के किनारे बसा ताम्रपाषाण कालीन स्थल। यहाँ के लोग टाटी के मकान बनाते थे जिस पर चूना पोतते थे। यहां घरों में चौकोर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अग्निकुण्ड तथा काले और लाल मृद्‌भाण्ड मिले हैं। ताम्बे की चपटी कुल्हाड़ियां, मणि, मछली पकड़ने के हुक आदि भी मिले हैं। मृतों को वहां बड़े घड़ों में, तो बच्चों को छोटे मटकों में घरों के अन्दर ही दफनाते थे। इसका काल ई० पूर्व १२४० कार्बन १४ से निश्चित किया गया है।

CHANGE OF SEA-LEVEL समुद्र सतह परिवर्तन

CHANG SHA चांगशा

चीन के हुनान प्रान्त की राजधानी। यहां ई० पूर्व तीसरी से पहली शती की अनेक कब्रें और लकड़ी तथा लाख की बनी अनेक चीजें मिली हैं जिनमें लकड़ी की राक्षसों की मूर्तियां, लाख की मंजूषायें, लिखने के ब्रश आदि प्रमुख हैं। उत्खनन में चीनी सम्राट् चिंग की प्रेमिका की कब्र भी मिली है जिसमें शव को लकड़ी की पेटी में रखा था। साथ ही अनेक मंजूषायें, बाजे, रेशमी कपड़े तथा बर्तन मिले हैं। शव की जांच के बाद डाक्टरों का अनुमान है कि मौत हृदय-विकार से हुई थी।

CHANNELLED नालीदार

CHANNEL-SPOUT नालीदार टोंटी

CHANNEL SPOUTED BOWL नालीदार कटोरा

CHARCOAL कोयला

CHARCOAL GRAINS कोयला अन्न, जला हुआ अनाज

CHATELPERRONION CULTURE शैटेल्परीन संस्कृति

मध्य फ्रान्स में विकसित ओरिगनेसी संस्कृति का प्रारम्भिक काल जिसके उपकरण विशेषतः फला (BLADE) थे जो चकमक पत्थर से बनाये गये थे।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CHELLIAN OR CHALLEAN CULTURE	शैलीय, द्रष्टव्य—ABBEVILLIAN CULTURE
CHEMIN-DE-RONDE	प्राकार-पथ
CHEMIST	रसायनज्ञ
CHEMISTRY	रसायनशास्त्र
CHEQUER MOTIF	शतरंजी नमूना
CHEROKEE	चैरोकी
CHERT	चर्ट, चकमक
CHERT BLADE	चर्ट फलक
CHERT-FLINT	चकमक पत्थर
CHERT HOE	चर्ट-कुदाल
CHEVRON	सिंघाडा (उकेर कर बनाया हुआ)
CHILDE, VERE GORDON	चाईल्ड वेर गार्डन (१८९२-१९५७) बीसवीं शती का प्रख्यात पुरातत्त्वज्ञ मूल ऑस्ट्रेलियन किन्तु एडिंबरो तथा लंदन विद्यापीठों में पुरातत्त्व के व्याख्याता रहे। उन्होंने युरोपीय अश्मयुग तथा पश्चिम एशिया के नवाश्मयुग एवं ताम्रयुग का गहन अध्ययन किया। 'न्यू लाईट ऑन दि मोस्ट एन्शन्ट ईस्ट,' 'डॉन ऑफ युरोपियन सिव्हिलायझेशन,' 'पिसिंग टुगेदर, दि पास्ट' आदि जगत्प्रसिद्ध किताबों के वे लेखक हैं।
CHIRAND	चिराँद पूर्व बिहार का एक प्राचीन स्थल जिसकी खुदाई में कई बस्तियों के प्रमाण मिले हैं। पहली बस्ती 'I-अ' में पत्थर के फलकों के साथ हड्डी, हस्तीदंत एवं सींगों के बाणाग्र मिले। मकान टाटी के बने थे। यहां मिले काले-लाल मृद्भाण्डों पर सफेद रंग की नक्षी है। कार्बन-१४ से इसका काल ई० पू० ८४५ निश्चित हुआ है।
CHISEL	रूखानी, छेनी
CHISEL-ENDED HANDAXE	छेन्यस्त्र हस्तपरशु

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CHLOROPHYL पर्णहरिम

CHOPPER चॉपर, लवित्र, गंड़ासा, छूरा, टोका
नदी के प्रवाह के साथ लुढ़क कर गोल हुये प्रस्तर पिण्डों के किनारे से चिप्पड़ निकाल कर बनाया गया पूर्व पुराश्मकालीन एक आयुध है । इसका प्रयोग किसी वस्तु के काटने या छिलने खरोचने के लिये किया जाता रहा होगा। मोवियस के अनुसार विशाल रूक्ष स्क्रेपर तथा कोर पर बने विशालकाय स्क्रेपरों को चोपर कहते हैं ।

CHOPPING TOOL चॉपिंग्—उपकरण, छेतृ, पूर्व पुराश्मकालीन 'आयुध' जो नदी के प्रवाह के साथ लुढ़ककर गोलाकार हुये प्रस्तर पिण्डों के किनारे पर दोनों ओर से चिप्पड़ निकाल कर बनाए गए हैं । इनका प्रयोग भी किसी वस्तु को काटने के लिये किया जाता रहा होगा ।

CHOPPING-TOOL TRADITION चॉपिंग्-उपकरण परंपरा

CHORD त्रिज्या

CHOU-KOU-TIEN चौ-कू-तीन
चीन में पेकिंग शहर के नजदीक पुराश्मयुगीन अवशेषों का प्राप्तिस्थल है । यहां होमो-इरेक्टस मानव की अस्थियाँ मिली थीं । यहीं से पांच लाख वर्ष प्राचीन चालीस मानव कंकाल आदि मिले थे ।

CHRONOLOGICAL काल-क्रमिक

CHRONOLOGICAL RECORD तैथिक अभिलेख

CHRONOLOGICAL SENSE तैथिक बोध

CHRONOLOGICAL TABLE तैथिक सारणी

CHRONOLOGY कालक्रम, कालक्रम-विज्ञान, कालानुक्रम विज्ञान

CHRONOMETER काल मापी

CHUNK पत्थर के चिपटे टुकड़े

CINDER MOUND राख का टीला

CINERARY URN भस्म-कलश, रक्षापात्र, अस्थिअवशेष-पात्र

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CIRCULAR वृत्ताकार
CIRCULATION परिसंचरण
CIRE PERDUE मोम सांचा विधि
CIRQ सर्क, अर्धवृत्ताकार गर्त
CIRQUE हिमागार
CIST OR CISTVAEM वयिन, शवपेटिका, कोष्ठ, ताबूतनुमा शवाधान महाश्म के प्रकारों में से एक जो बड़े-बड़े पत्थरों के टुकड़ों से बनाई गई हो। इसमें शव को मुड़ी हुई स्थिति में रखकर गाड़ देते थे। यह पेटिका मिट्टी के बर्तनों की भी हुआ करती थी जिसमें भस्म आदि रखकर गाड़ दिया जाता था।
CIST-BURIAL अश्मपेटी दफन
CIST-CHAMBER वयिन-प्रकोष्ठ
CIST-CIRCLE वयिन-वृत्त
CITADEL किला, कोट, गढ़
CITRIC ACID सिट्रिक अम्ल
CITY PLAN नगरविन्यास
CIVILIZATION सभ्यता
CIVILITY नागरिकता
CLACTON क्लैक्टोन
CLACTONIAN क्लैक्टोनियन एक उपकरण
क्लैक्टोनियन नाम इंग्लैण्ड की एसेक्स काऊन्टी के क्लैक्टोन-आन-सी नामक स्थान पर पाया गया है। फलक उपकरण परम्परा के ये प्राचीनतम उपकरण हैं।
CLACTON TECHNIQUE क्लैक्टोन प्रविधि
किसी पिण्ड या प्रस्तर खण्ड को स्थिर निहाई पर पटक कर पत्थर के हथौड़े से उस पर ठोक कर चिप्पड़ निकालने की प्रविधि को क्लैक्टोन नाम दिया गया है। क्योंकि थेम्स के पास समुद्र तट पर क्लैक्टोन नामक स्थान से पहली बार इस प्रविधि से तैयार किये गये चिप्पड़ों से बने आयुध पाए गए थे। निकाले गए चिप्पड़ को आयुध का रूप देने के लिये दुबारा जो चिप्पड़ निकाले जाते हैं वे पहले वाले से लगभग १२० कोन पर होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CLASS श्रेणी, वर्ग
CLASSIFICATORY
TERMINOLOGY वर्गीकृत संज्ञा—व्यवस्था
CLASSIFIER वर्गीकर्ता
CLAVICLE OR
COLLAR BONE कन्धे की हड्डी
CLAVICULAR हंसुलीदार, अक्षकीय
CLAY मिट्टी, मृत्तिका, साधारण मिट्टी
CLAY BIN बखार, कोठी
CLAY COFFIN मिट्टी का ताबूत
CLAY SEAL मिट्टी की मुहर, मृद्-मुद्रा
CLAY TABLET मृद्वटिका
CLEANING शुद्धिकरण
CLEAVAGE विदरण
CLEAVER विदारक, विदारणी, परशु
रूखानी की तरह धारवाला एक पूर्व पुराश्मकालीन आयुध जिसकी धार दो बड़े चिप्पड़ों के निकालने से बनी होती है। रूप एवं धार वाले छोर के आकार के आधार पर इसके विभिन्न प्रकार होते हैं।
CLIFF भृगु, ढ़लवा, चट्टान
CLIMATE
TERRACE जलवायु-सोपान
CLIMATOLOGY जलवायु-विज्ञान
CLIVER छूरा
CLOVIS POINT एक औजार, खड़ेदार फलक
CLUBBED RIM मूठदार किनारा
CLUMSY गिचपिच, भद्दा
COARSE-
GRAINED रूक्षकण
COARSE WARE अनगढ़ भाण्ड
COBS गुल्लियां
CODE संहिता
CODEX मध्यकाल की भोजपत्र पर लिखी हुई पाण्डुलिपि

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

COELENTERATE अान्तरगुही प्राणी
COINS ILLUSTRATED फलक-स्थित सिक्के
COL विभाजक पात्र
COLD BLOODED असमतापी प्राणी
COLLARED BEAD हंसलीदार मनका
COLLATEAL BRANCH समकक्षक
COLOPHON पुष्पिका
COLOURED STUCCO रंगीन गच
COLUMN स्तम्भ
COMB-CAPELLE कोम्ब-कैपले (मानव)
COMMEMORATIVE COIN स्मारक सिक्का
COMMUNICATION संचार
COMMUNITY समुदाय
COMPARATIVE ARCHAEOLOGY तौलनिक पुरातत्त्व
COMPARATIVELY अपेक्षाकृत, मुकाबले में, अपेक्षतया
COMPASS दिक्सूचक
COMPLEX FOLD विषम मोड़
COMPOSITE TOOL संग्रथित उपकरण, मिश्रित उपकरण
COMPOSITION गठन
CONCAVE नतोदर
CONCAVE SCRAPER नतोदर स्क्रेपर
CONCENTRIC SHELL अनुकेन्द्रित पर्त
CONCEPT सम्बोध, संकलपना, संप्रत्यय

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CONCPETUAL TOOL	अवधारणात्मक औजार
CONCHOLOGIST	शंख-वैज्ञानिक
CONCRETIONARY CLAY	प्रस्तर-घर्षित मिट्टी
CONDUCTION	संचालन
CONDUIT	नाली
CONE	शंकु
CONE ATTACHMENT	शंकुजोड़
CONE OF PERCUSSION	संघात का शंकु
CONFEDERATION	राज्यमण्डल
CONFLATION	पाठ समेकन, समेकित पाठ
CONICAL	शंक्वाकार
CONICAL CORE	शंकु क्रोड
CONGLOMERATE	कांग्लोमेरेट
CONSERVATION	संरक्षण
CONSERVATION EXPERT	संरक्षणदक्ष
CONTACT	सम्पर्क
CONTAGIOUS	संक्रामक
CONTAINER	आधान पात्र
CONTEMPORARY PRIMITIVES	वर्तमान आदिम जातियां
CONTEXT OR INCIDENT	प्रसंग
CONTINENTAL	महाद्वीपी
CONTINENTAL DRIFT	महाद्वीपीय प्रवाह

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CONTINUITY वारंवारता, निरन्तर होने की अवस्था

CONTOUR समोच्चार

CONTOURS समोच्च-भूमि-दर्शक रेखायें

CONTRIBUTION योगदान

CONTROL PIT मानक गर्त, सीमित गर्त, नियंत्रण गर्त,
किसी स्थान पर उत्खनन करते समय उत्खनन कराने के पहले किसी एक खन्ती के एक भाग में सामान्यतया किसी किनारे पर लगभग ढ़ाई वर्ग फीट का एक गढ्ढा सीमित गर्त के नाम से जाना जाता है जो वस्तुतः खन्ती में होने वाले उत्खनन के लिये निर्देशक सा हाता है। इस गर्त में अगली पर्त या स्तर को उत्खनित करने के बाद पूरी खन्ती में उस पर्त या स्तर को उत्खनित किया जाता है।

CONTROLLED FLAKING नियन्त्रित फलेकीकरण

CONVENIENCE सुविधा

CONVENTIONAL रूढ़गत

CONVENTIONAL SIGNS लाक्षरिणक संकेत

CONVEX उन्नतोदर उत्तल

CONVEX OBLATE उन्नतोदर, आक्षिक (लघुअक्ष) उपकरण इस प्रकार के उपकरण गोलाकार अथवा अण्डाकार होतें हैं।

COOPERATION सहकार

COPPER ताम्र, तांबा

COPPER AGE ताम्रकाल, द्रष्टव्य—CHALCOLITHIC AGE

COPPER HOARD ताम्रायुध भण्डार, ताम्रसंचय
ताम्बे के बने कुछ विशेष प्रकार के आयुध अथवा उपकरण जो प्रमुखतया भण्डारों के रूप में प्राप्त हुये हैं इस नाम से जाने जाते हैं। इन उपकरणों में चपटे स्कंधीय एवं छड़ प्रकार के कुठार, गोल छल्ले, मत्स्य बर्छी, मूछदार तलवारें एवं मानवाकृतियां आदि होते हैं। इन उपकरणों के भण्डार मुख्यरूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा एवं मध्यप्रदेश से पाये गये हैं। किन्तु इनकी प्राप्ति का विस्तार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

गुजरात एवं मैसूर क्षेत्र तक है। इन भण्डारों को लगभग १६००-१३०० ई० पू० का माना गया है।

COPPER IMPLEMENT — ताम्रायुध, ताम्र उपकरण

COPPER PLATE INSCRIPTION — ताम्र-पत्र-लेख

COPPER SEAL — ताम्बे की मुहर, मुद्रा

COPPER SHEATHED PYRAMIDAL APEX — ताम्रमण्डित शंकुशीर्ष

COPPER STAMP SEAL — ठप्पेदार ताम्रमुद्रा

COPPER WIRE — ताम्बे की तार

COPROLITE ANALYSIS — पाखाना पृथक्करण, विष्ठा या मल पृथक्करण

COR — कोर, यहूदियों का माप

CORAL — प्रवाल, मूंगा, मरजान

CORACLE — चर्मावृत्त क्षुद्रनौका, उठवन्द नांव, बांस की बनी हुई पनसुईयां

CORBEL — टोड़ा

CORDED WARE — डोरीदार भाण्ड

CORDIFORM HANDAXE — हृदयाकार हस्तपरशु

CORE — कोर, आन्तरिक, आन्तरक (चकमक), गुदा चकमक की गांठ का केन्द्रिय भाग या नाभिक, जो छिपटियां, छिपटी-फलक या फलक उतार कर बनाया जाता है।

CORE AXE — क्रोड कुठार

जिस पत्थर पर आघात करते हैं तथा जिसमें से पत्थर का टुकड़ा फलक (CORE) निकलता है उसे कोर (FLAKE) कहते हैं। दूसरे शब्दों में कोर उस प्रस्तर खण्ड को कहते हैं जिसमें से कोई पत्थर का टुकड़ा निकाला जाता है। कोर से निकाले हुये पत्थर के टुकड़े को फलक कहते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CORE-BIFACE	द्वितल-कोर
CORE-BIFACED	दोपिठही गुल्ली
CORELATION	सह-सम्बन्धीकरण
CORES	अभ्यन्तर, प्रस्तरास्त्र
CORE-SCRAPER	कोर-खुरक
CORE-TOOL	कोर-उपकरण
CORN KING	अन्नदेव
CORNUCOPIA	वृषभशृंग, अन्न की बालियों का गुच्छा
CORONADO	कोरोनेड़ो
CORPS	अनीकिनी
CORPUS	निकाय, ग्रंथ-संग्रह, काय, शरीर, देह
CORTEXT	बाह्यक बिना चिप्पड़ निकाला हुआ पत्थर का अंश
COSMIC RAY	अन्तरिक्ष किरण
COSMIC TIME	सृष्टि समय
COSMOLOGICAL EVOLUTION	सृष्टि विज्ञान
CO-TRADITION	सह-परम्परा
COUNCHANT	धराशायी, सिर उठाकर या उकडू बैठा हुआ
COUNTERPART	प्रतिरूप
COUNTER REFORMATION	प्रतिधर्मसुधार
COUP-DF-POING	मुष्टि छुरा, हस्त परशु
COURSE	रद्दा, क्रमबद्ध, गतिबद्ध, स्तरित
CRADDLE	पालना
CRANIAL CAPACITY	कपालीय समावेश
CRANNOG	तालावास, झील-झोपड़ी स्कॉटलैण्ड या आयरलैण्ड के लोगों की प्राचीन झोपड़ियां जो झील में शहतीरों पर बनायी जाती थीं।
CRATACEOUS	खटीकाल
CRAWFORD, OSBERT GUY STANHOPE	क्राफोर्ड, ओ० जी० एस० (१८८६-१९५७)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सेना में पुरातत्त्वविषयक कार्य करने वाला ब्रिटिश वैज्ञानिक, प्राचीन स्थलों की खोज में आलोक चित्रकला का प्रयोग करने वालों में प्रथम व्यक्ति। सांस्कृतिक विशेषताओं के अनुसार प्रादेशिक आलेख बनाने की विधि इन्होंने शुरू की। 'एँटिविवटी' इस प्रख्यात पत्रिका के वे सम्पादक थे।

CREATIVE VEIN निर्माण-शक्ति

CREMATION BURIAL दफन विधि जिसमें मृतक शरीर को किसी पात्र के अन्दर शव पात्रों सहित दफनाया जाता है।

CRESCENT अर्धचन्द्राकार (लघुपाषाण)

CRESCENT BLADE अर्धचन्द्र फलक

CRESS TRENCH अनुप्रस्थ खाई

CREST कलंगी, चोटी, शिखा

CRESTED RIDGE दन्तुर कटक

CRETACEOUS खटी-काल, खड़िया युगीन

CREVASSE FILLINGS क्रीवेस फिलिंग्स, हिमविदर केम

CRITERION मानदण्ड

CROMAGNON MAN क्रोमान्यो मानव
युरोप में मिला पहला होमो सॅपिन्स जिसका मूल निवास एशिया में था।

CROMLECH शवगृह

CROP MARKS कृषिफल संकेत

CROSS-SECTION अनुप्रस्थ काट, आड़ी काट

CROSS TRENCH आड़ी खाई

CROW BAR सब्बल
लोहे की सीक

CRUCIBLE धातु गलाने की घरिया, या कठाली बर्तन

CRUCIBLE STEEL घड़िया-इस्पात

CRUDE रूक्ष, कच्चा, अप्रौढ़

CRUDE STONE

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

AGE	अनगढ़-पाषाणयुग
CRUSIFORM CORBELS	कुशनुमा तोड़े
CRYSTALI-SATION	मणिविकरण
CULT	मत
CULTURAL RELATIVISM	संस्कृति सापेक्षवाद
CULTURAL SEQUENCE	संस्कृत्यनुक्रम
CULTURAL ANTHROPO-LOGY	सांस्कृतिक नृतत्त्व, सांस्कृतिक मानव विज्ञान
CULTURE	संस्कृति यह उन क्रियाविधियों का कुल योग है जिनके द्वारा मनुष्य जीवन-यापन करते हैं और जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती आती है । कोई सुनिर्दिष्ट संस्कृति उन क्रियाविधियों का समूह होती है जिनका पालन कोई लोग किसी निश्चित समय में करते रहे हैं । पुरातत्त्व ज्ञान की दृष्टि से कहा जाये तो संस्कृति शब्द का प्रयोग कभी-कभी किसी सुनिर्दिष्ट काल और लोगों के औजार समूह को सूचित करने के लिये भी किया जाता है ।
CULTURE-AREA	संस्कृति क्षेत्र
CULTURE-BUILDING ANIMAL	संस्कृति निर्माता प्राणी
CULTURE-CENTRE	सांस्कृतिक केन्द्र
CULTURE-CHANGE	संस्कृति-परिवर्तन
CULTURE-CIRCLE	संस्कृति-वृत्त
CULTURAL COMPLEX	संस्कृति-संकुलता

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CULTURE-CONTACT संस्कृति-सम्पर्क

CULTURE ELEMENT संस्कृति-तत्त्व

CULTURE-HISTORICAL SCHOOL संस्कृति-ऐतिहासिक सम्प्रदाय

CULTURE-PATTERN संस्कृति-स्वरूप, संस्कृति-प्रतिमान

CULTURE-TRAIT संस्कृति-तत्त्व, संस्कृति-गुण

CULTUROLOGY संस्कृति-शास्त्र

CUNEIFORM SYSTEM कीलाकार, कीलाक्षर, कीलकलिपि

लेखन की एक पद्धति, जिसे सुमेरियाई लोगों ने शुरू किया था जिसमें अक्षर मिट्टी की नरम पटियाओं पर या

मुहरों पर फन्नी की आकृति की एक लोहे की कलम से खोदे जाते थे।

CUNNINGHAM A.K. कनिंघम, ए० के० (१८१४-१८९३)

भारतीय इतिहास और पुरातत्त्व के सुप्रसिद्ध अंग्रेजी विद्वान् जिनका जन्म इग्लैण्ड में सन् १८१४ में और मृत्यु १८९३ में हुई। सर कनिंघम शुरू-शुरू में अंग्रेजी सेना के अधिकारी के रूप में भारत आये थे। मगर यहां आने पर यहां की प्राचीन पुरातत्त्व सामग्री की खोज का उन्हें लगाव लग गया और इस क्षेत्र में उन्होंने बड़ी दिलचस्पी से काम करना प्रारम्भ किया। सन् १८७२ में भारतीय पुरातत्त्व विभाग में उन्होंने प्रवेश किया और कुछ ही समय में वे उत्तर प्रदेश पुरात्तत्व विभाग के सर्वोच्च अधिकारी बन गये। इस विभाग में काम करते हुए सर कनिंघम ने भारतीय, प्राचीन इतिहास के सम्बन्ध में कई महत्त्वपूर्ण अनुसंधान किये। इन अनुसंधानों का वर्णन पुरातत्त्व संबंधी रिपोर्टों के रूप में करीब २३ खण्डों में प्रकाशित हुआ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CUP	प्याला, चषक
CUP MARK	चषक चिह्न
CUP ON STAND	साधार चषक
CURRENT	धारा, वर्तमान
CURVE	वक्र
CUSTOM	रीति-रिवाज, प्रथा
CUTLERY	कर्तरिका
CUT SPOUTED BOWL	कटी टोटी वाला प्याला
CUTTING TOOL	कर्तन औजार
OR	
CHOPPING TOOL	गंडासे जैसा औजार किन्तु जिसका अनुशोधन क्रमशः दोनों पार्श्वों पर चोट मारकर किया जाता था।
CYCLIC TERRACE	चक्रिल सोपान
CYCLOPHEAN DEFENSIVE WALL	बृहत्पाषाण प्राचीर
CYLINDER HAMMER TECHNIQUE	बेलनाकार हथौड़ा प्रविधि
CYLINDRICAL	बेलनाकार
CYLINDRICAL POT	बेलनाकार भाण्ड
CYLIX	चषक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

D

DABBER	डंबर, थपकी, स्थपुट
DADO	शिलापिण्ड, अधिष्ठानक, स्तम्भपाद
DAILY WAGES	दैनिक मजदूरी
DANDELION	कुकरोन्धा
DARK AGE	अन्धकार युग हड़प्पा संस्कृति के अन्त, लगभग १७०० ई० पू० से लेकर ऐतिहासिक काल के प्रारम्भ, लगभग ५०० ई० पू० तक के काल को, जिससे सम्बन्धित पुरातात्त्विक प्रमाण प्राप्त नहीं हैं, प्रारम्भिक पुरातत्त्वविदों ने अन्धकार युग नाम दे रखा है।
DARIUS	देरियस, पर्शियन राजा काल ई० पू० ५२२-४८६
DASSIER	डेसियर, मिसिल
DATA OR DATUM	आधार-सामग्री
DATUM LINE	आधार-रेखा
DATUM STRING	आधार-सूत
DAUBING	रंग-लेपन
DAYAMABAD	दायमाबाद महाराष्ट्र के नगर जिले में प्रवरा नदी के किनारे बसा ताम्रपाषाणयुगीन एक प्राचीन स्थल है। यहां की ताम्र-पाषाण संस्कृति को तीन कालों में विभाजित किया गया है।
DEAD SEA SCROLL	मृत समुद्र लेखपट
DEBRIS	मलबा
DECADE	दशक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

DECISION	निर्णय
DECISION-MAKING	निश्चय-निर्धारण
DECOMPOSED STRAWDUST	पृथक् मिट्टी
DECORATED GOLD PLATE	अलंकृत स्वर्ण पट्ट
DECORATION	अलंकरण (सजावट)
DECORATIVE MOTIF	अलंकारिक अभिप्राय
DECREE	आज्ञप्ति, आज्ञा, कानून
DEDUCTIVE	निगमनात्मक
DEEP DIGGING	गहरी खुदाई
DEEP FLAKE SCAR	गहरे फलक-चिह्न
DEEP	अगाध
DEER	हरिण
DEGRADATION	अपकर्षण, अपचयन हिम नदी द्वारा तटों के कटाव से सोपान की निर्मिति को अपकर्षण कहा जाता है। उच्चयन से इसकी भिन्नता इस अर्थ में है कि उच्चयन में नदी के प्रवाह के साथ आये पत्थरों आदि का जमाव मिलता है, और अपकर्षण में नहीं।
DELMENOID CIST	डाल्मेननुमा वयिन
DEMOTIC SCRIPT	डेमोटिक स्क्रिप्ट, लोकलिपि प्राचीन इजिप्त में लिखाई का एक प्रचलित रूप जो ई० पू० ७०० से ईसा के ३०० तक प्रचलित रहा। इसका मूल हिरेटिक लिपि है जो पुजारियों ने अपनाई थी, किन्तु सामान्य लोक भी इससे

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अच्छी तरह से वाकिफ थे। यह लेख पेपीरस, मृद्भाण्डों तथा कुछ हस्तलिखित रूप में भी उपलब्ध है।

DENARIUS दीनार

DENDROCHRONOLOGY OR TREE RING METHOD वृक्षकालानुक्रमिकी, वृक्षतैथिकी

सन् १९०१ और १९१३ के बीच डॉ० ए० ई० डागलास ने कुछ ऐसी घटनाओं की खोज की जिसमें उन्हें कुछ सौर्य किरणों में परिवर्तन और विभिन्नतायें प्रतीत हुईं। उन्होंने पेड़ों का विधिवत् अध्ययन किया और निष्कर्ष निकाला कि जैसी जलवायु होती है उसी के अनुसार चक्कर में वृद्धि होती हैं। गीली जलवायु में इसकी वृद्धि तथा सूखे में बन्द हो जाती है, जिसके आधार पर उसकी प्राचीनता निश्चित की जाती है। पुरातत्त्व में कालमान निश्चिति के लिये यह विधि प्रयोग में लाई जाती है।

DENOTATION OR CONNOTATION शब्दार्थ अथवा वास्तवार्थ

DENOTATIVE TERM विशिष्ट संज्ञा

DENUDATION नग्नीकरण

DEPOSIT खान, निक्षेप, अवसाद

DEPRESSION गर्तचक्र

DEPTH गहराई

DEPUTY DIRECTOR उपसंचालक

DERIVE उद्गमित

DESCENT वंश-नाम, ढलान

DESICCATION परिशोषण

DESIGN अभिकल्प, नक्शा बनाना

DESCRIPTIVE TERM वर्णित-संज्ञा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

DESTRUCTION SCHEDULE — नाशक-अनुसूचि

DETERMINATION OF PHOSPHATE — फोस्फेट मात्रा प्रणाली

DETRITAL LATERITE — पुनरुच्चयित लेटेराईट

DEVELOP (PHOTO) — (चित्र) उभारना

DEVELOPED ACHEULIAN — विकसित आशूलियन

DEVELOPER — प्रस्फुटक

DEVELOPMENT — विकास

DEVICE — विधि

DEVONIAN AGE — मत्स्य युग

DEVONIAN SYSTEM — डिवोनियन संस्थान, पेलियोजाईक चट्टानों की एक श्रृंखला। इसमें मछलियों के फॉसिल बहुतायत में पाये जाते हैं।

DIAGONAL RIB — विकर्ण शिरा (गॉथिक वास्तु)

DIAGONAL WALL — तिरछी दिवार

DIAGRAM — आरेख, रेखाचित्र

DIAMETER — व्यास

DIAPHRAGM — तन्तुपट

DIBBLE — खुरपी, खांसेनी व फली

DICERORHINUS MERCKII — चौड़ी नासिका वाला गेण्डा

DIE — ठप्पा

DIFFERENT OR VARIOUS — विभिन्न

DIFFUSE — विसारित, छितराना

DIFFUSION — प्रसार

CC-0. Agamnigam Digital Preseyation Foundation, Chandigarh

DIGGING	खुदाई, उत्खनन द्रष्टव्य—EXCAVATION
DIGGING STICK	कुदाल
DIMENSION	विभा, माप, परिमाण, मान, मात्रा
DINOSAUR	डाइनोसर मध्यजीवयुग की एक भयंकर छिपकली
DIPLODOCUS	द्विधरण सरट एक प्रकार का गिरगिट
DIPLOE	करोटि खोपड़ी की हड्डी के नीचे की दोहरी पेशी
DIPLOMACY	राजनय
DIP SLOPE	झुकाव ढाल
DIRECT	अपरोक्ष
DIRECTION	दिशा
DIRECTOR	निर्देशक, संचालक
DISC	डिस्क, मण्डल, कुण्डल, थाली किसी गोल चीज का ऊपरी भाग
DISC BARROW	बिम्बाकार स्तूप
DISC-BASE	गोल पेन्दा
DISCOID	डिस्काकार
DISCOVERY	शोध
DISH	तश्तरी
DISH-ON-STAND	तनेदार तश्तरी
DISJECTED (MIMUTIAE)	असम्बद्ध लघु वस्तुएं
DISK	गोल टिकली, टेढ़े-मेढ़े किनारों वाला कोर उपकरण
DISMEMBERED RECORDS	विच्छिन्न अभिलेख
DISTILLED WATER	आसुत जल
DISTORTION	ऐंठन
DISTRIBUTION	वितरण
DISTRIBUTION OF FORCE	बल-वंटन
DIVONIAN	मत्स्य (काल)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

DIVISION	प्रभाग, चमू
DOCK	जहाज से माल चढ़ाने-उतारने का स्थान
DOCUMENT	साक्ष, दस्तावेज, लेख्य
DOG BEAR	जंगली भालू
DOG STAR	लब्धक
DOLERITE	डोलराईट
DOLICOCE-PHALIC	लघु-कपालिक
DOLMEN	शव गृह, महापाषाण-पट्ट तुम्ब
DOLMENOID CIST	महापाषाण शवाधानी
DOME	गुम्बद
DOMESTICATION OF ANIMALS	पशुपालन
DORSAL	पृष्ठीय, अन्तः
DORSAL SIDE	अन्तः सतह
DOTTED	बिन्दु विभूषित
DOUBLE-ENDED SCRAPER	द्वयन्त खुरक
DOUBLE FACETTED GRAVER	द्विसमक्षेत्री खुरक
DOWEL	गिट्टक
DOWNWARD MEASUREMENT	अधोमुखी माप
DOWNWIND	अनुवात
DRACHMA	द्राक्मा
DRAW BAR	अर्गला
DRAFTSMAN	आरेखक, नक्शानवीस
DRAWING	उद्रेखण, (आ) रेखण, रेखाचित्रण
DRAWING-BOARD	(आ) रेखण-फलक, रेखाचित्रण फलक
DRESSED STONE	गढ़े पत्थर
DRI .	बरमा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

DROUGHT	अनावृष्टि
DRY CLIMATE	शुष्क जलवायु
DRY-FARMING	शुष्क कृषि
DUROFIX	मृद्भाँड जोड़ने का लेप
DUTIFUL	कर्तव्यनिष्ठ
DWELLERS, CAVE	गुहावासी
DWELLERS, FOREST	वनवासी
DWELLERS, STEPPES	स्टेपीजवासी
DWELLING, LAKE	झील घर
DWELLING, PILE	बल्ली घर
DWELLING, PIT	गर्त घर
DYKE	पाषाण धमनी
DYNAMIC	गतिशील

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

E

EAGER — अधीर
EAGLE — उकाब (इरानियों का राजचिह्न), गरुड़
EARLY — आदि, आदियुगीन
EARLY HISTORIC SITES — पूर्वकालीन ऐतिहासिक स्थल
EARLY HISTORY — पूर्वकालीन इतिहास
EARLY MAN — आदि मानव, पूर्व मानव
EARLY PALAEOLITHIC AGE — पूर्वपुराश्मकाल

पुराश्म काल का प्रथम काल जिस समय के प्रस्तर आयुध आकार में बड़े एवं गढ़न में अन्य कालों के आयुधों की तुलना में भद्दे होते हैं। भारत के सोहन उद्योग एवं मद्रासीय हस्तपरशु की परम्परायें पूर्वी पुराश्म काल की हैं।

EARLY SAVAGERY — आदियुगीन वन्यता
EARLY SOHAN — आदि सोहन
EARLY VEDIC PERIOD — पूर्ववैदिककाल
EAR ORNAMENT — कर्णाभूषण
EAR PLUG — कर्ण-गुट्टी
EAR RING — कुण्डल, बाली
EARTH — पृथ्वी
EARTH'S COVERING — पृथ्वी का आवरण
EARTHEN WARE — मृद्भाण्ड, मिट्टी के बर्तन, मृत्पात्र
EASTERN — प्राच्य, पौर्वात्य

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

EASTERN NEOLITHIC CULTURE पौर्वात्य नवाश्म संस्कृति
पूर्वी भारत में प्राप्त नवाश्म संस्कृति को यह नाम दिया गया है। इस संस्कृति में मार्जित प्रस्तर परशु, जो बीच में काटने से ग्रायताकार दिखते हैं, यदा-कदा कन्धेदार गुडाई के उपकरण एवं खुरदरे भूरे रंग के मृत्पात्र पाये जाते हैं। यह संस्कृति ग्रासाम, पश्चिम बंगाल, दक्षिण बिहार एवं ग्रोरिसा के क्षेत्रों में पायी जाती है। यद्यपि इसकी तिथि ग्रनिश्चित है किन्तु लगभग १००० ई० पू० की तिथि दी जाती है।

EAVES ग्रोलती

ECOLOGY इकोलॉजी, परिस्थिति का विज्ञान
किसी भी परिवेश में प्राणियों ग्रौर वानस्पतिक स्पीशियों के कुल योग के मध्य विद्यमान प्रकृति के सन्तुलन का विज्ञान।

ECONOMICS ग्रर्थशास्त्र

ECTODERM बहिर्जनस्तर

EDENTATA निर्दन्त, बिना दांत का पशु

EDDIES भंबर

EDGE धार

EDGING KNIFE धार बनाने वाला चाकू

EFFIGY पुतला

EGO लक्ष्य, ग्रहम्

ELECTRICAL RESISTANCE SURVEYING विद्युत्प्रतिरोध सर्वेक्षण

ELECTROTYPE विद्युत्-विश्लेषणिक विधि

ELEMENTARY प्राथमिक

ELEPHANS ANTIQUUS सीधे दांत वाला विशाल हाथी

ELEPHAS ANTIQUUS NAMADICUS गजारण्यक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

प्रागैतिहासिक काल का जंगली हाथी। इस हाथी के अवशेष नर्मदा घाटी में पाये गये हैं।

ELEPHAS MERIDIONALIS प्रथम वास्तविक हाथी

ELEPHAS MERIDIONALIS TROQONTHERII दक्षिणी महाकुंजर

ELEVATION उत्तोलन उन्नति, पक्षदर्शन

ELEVATED PLAIN उच्चतल (सतह)

ELF BORE परी कोटर

ELLIPTICAL ORBITS अण्डाकार पथ

ELLIPTICITY अण्डाकृति

ELITE अभिजात वर्ग

EMBALMING शव संलेपन

EMBEDED सन्निहित

EMBRYO भ्रूण

EMERY PAPER रेगमाल

EMIGRATION उदव्रजन

EMIGRE उदव्रजक

EMMER ऐमर
खेती किये जाने वाले गेहूँ का आरम्भिक नाम

EMOTIONAL भावनात्मक

EMPATHY एकानुभूति

EMPEROR सम्राट

EMPIRE साम्राज्य

EMPLOYER नियोक्ता

ENAMELLED WARE मीने के भाण्ड

ENAMELLING मीनाकारी आकाचन

ENCHORIAL दैशिक (मिस्र के लेखों के बारे में)

ENCLOSURE बाड़ा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ENCLOSURE WALL	प्राकार, चार दीवारी
ENCULTUR-ATION	संस्कृतिकरण
ENCULTURA-TIVE	संस्कृतिकरणात्मक
END-FLAKE	अन्तफलक
END MORAINE	अन्तमोरेन
END PAPER	अस्तर कागज
END -SCRAPER	अन्त-स्क्रेपर
ENERGY POTENTIAL	ऊर्जा विभव
ENFILADE	लम्बाक्ष
ENGRAVE	खोदना, उकेरना,
ENGRAVED	उत्कीर्ण, खुदा हुआ
ENGRAVER	उत्कीर्णक
ENGRAVING	उत्कीर्णन, खुदाई
ENTAMBLA-TURE	पाषाणकला
ENTERPRIZE	उद्यम, साहसिक कार्य, उपक्रम
ENVIRONMENT	वातावरण, परिवेष, पर्यावरण किसी प्राणी के जीवन और विकास को प्रभावित करने वाली समस्त बाहरी अवस्थाओं या प्रभावों का योग ।
ENVIRONMEN-TAL	वातावरणीय
ENVIRONMEN-TAL ARCHA-EOLOGY	वातावरण संबद्ध पुरातत्व
EOANTHROPUS DAWSONI	उषा मानव
EOCENE	इओसीन, आद्यनूतन काल, आदिनूतनकाल पुरातत्त्वीय विभाजनों में से एक तृतीय युग का सबसे

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

	प्राचीन विभाजन। इसमें कवच बड़ी मात्रा में पाये जाते हैं।
EOLIAN	वायु-संचालित
EOLITH	आदि पाषाण, उषः प्रस्तर
EOLITHIC AGE	आदि-नूतन युग, उदयकालीन पाषाणयुग
EPIGRAPH	पुरालेख
EPIGRAPHIC FIGURE	पुरालेखीय चित्र
EPIGRAPHIC MONUMENT	पुरालेखीय स्मारक
EPIGRAPHIST	पुरालेख वेत्ता
EPIGRAPHY	पुरालेख विद्या
EPI-PALAEOLI-THIC	आदि-पुरापाषाण
EPITAPH	समाधि लेख
EPOCH	युग, युगारम्भ
EQUATOR	भूमध्य रेखा, भूकक्षा
EQUID	अश्वसम
EQUILATERAL TRIANGLE	समभुज त्रिकोण
EQUILIBRIUM	तुल्यभारता
EQUIPMENT	साज-सामान
EQUUS	घोड़ा
EQUUS CALLABUS	आधुनिक घोड़ा
EQUUS PRZEWALSKII	स्टेपी (जंगली) घोड़ा
EQUUS STENONIS	आदिम घोड़ा
ERA	कल्प, सम्वत् कई युगों को मिलाकर एक कल्प की कल्पना की गई है।
ERGOSTEROL	अर्गोस्टेरोल

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

मनुष्य शरीर की त्वचा के नीचे की वसा के घटकों में से एक।

ERMINE — नेवला, रोयेंदार, चौपाया

EROSION — आवरण-क्षय, अपरदन, भूरक्षण, कटाव, धूप

EROSIONAL TERRACE — कटान-निर्मित सोपान

ESKIMO ROCK-HUT — एस्किमो शिलाकुटी

ESTIMATE — अनुमान

ETA — एता
जापानी अछूतों का एक वर्ग

ETHICS — आचारशास्त्र

ETHNO-ARCHAEOLOGY — वांशिक पुरातत्त्व

ETHNO-HISTORIAN — मानव जाति इतिहासकार

ETHNOHISTORY — मानव जाति इतिहास

ETHNOLOGY — मानव जाति विज्ञान

ETHNOLOGIST — मानव-जाति विज्ञानविद्

EUROPEAN — यूरोपीय

EUTHERIA (PLACENTIL) — उन्नत स्तन्य (योनिज)

EVANS, SIR ARTHUR JOHN — इव्हान्स, सर आर्थर जॉन (१८५१-१९४१) प्रसिद्ध ब्रिटिश पुरातत्त्ववेत्ता सर जॉन इव्हॉन्स के पुत्र थे। नॉसस (क्रीट) की खुदाई से वे अधिक प्रसिद्ध हुए। १८८४ में वे ऑक्सफोर्ड के अंशमिलीन संग्रहालय में कापर के रूप में कार्यरत थे। १० वर्ष पश्चात् वे क्रीट गये और नॉसस में खुदाई की। प्रायः ४० वर्ष तक उन्होंने तन-मन-धन से क्रीट के समुद्री राज्य एवं मिनोअन् संस्कृति की महत्त्व-पूर्ण खोज की।

EVAPORATION — बाष्पीभवन

EVERTED — बहिर्नत

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

EVERTED RIM गाँठ

EVER-WIDENING CIRCLE बृहत्तर वृत्त

EVOLUTIONARY उद्विकास-संबंधी

EVOLUTION उद्विकास, क्रमविकास

EVOLUTION THEORY विकासवाद

EVOLT उद्विकसित

EVOLT-SOHAN उद्विकसित-सोहन

EXARCH एग्जार्क
बाईजेण्टाईन सेना का प्रधान सेनापति

EXCARNATION निर्मांसिन, मांस रहित करने की क्रिया

EXCAVATION उत्खनन, खुदाई
किसी भी स्थान पर वैज्ञानिक रीति से किये गये उत्खनन में उस स्थान के स्तर-विन्यास को क्रमश: उत्खनित करते हैं। इसमें अन्त में बने स्तर को पहले और पहले बने स्तर को अन्त में उत्खनित करते हैं। उत्खनन के दौरान प्राप्त हुई सामग्रियों का विधिवत् आकलन एवं लेखा-जोखा रखा जाता है, क्योंकि उत्खनन में सामग्रियों की यथास्थिति उत्खातों द्वारा समाप्त कर दी जाती है।

EXCAVATOR उत्खनक

EXCHANGE विनिमय

EXHUMATION शवोत्खनन

EXISTENCE अस्तित्व

EXPEDITION अभियान

EXPENDABLE अपचेय, खर्चने लायक

EXPERIMENTATION परीक्षण

EXPLICIT अभिव्यक्त

EXPLORATION अनुसंधान, अन्वेषण, सर्वेक्षण

EXPOSURE (OF CAMERA) प्रदर्शन, उद्भासन
प्रत्येक चित्र के खिचाव काल की मात्रा चित्रित की जाने

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

वाली वस्तु के रंग और उसपर पड़ती हुई रोशनी आदि पर निर्भर है।

EXTENDED BURIAL — प्रसारित शव निखात
EXTENDED RELATIONS — विस्तारित सम्बन्ध
EXTENT — विस्तार
EXTRA-CORPOREAL — अतिरिक्त कायिक
EXTRA-CORPOREAL REMAINS — अशारीरिक अवशेष
EXTRA REVET — अतिरिक्त पुश्ता
EXTRA-PENINSULAR INDIA — अतिरिक्त प्रायद्वीपीय भारत
EXTRUSIVE ROCK — बहिर्निर्मित चट्टान
EYE OF MINOS — माइनोस-नेत्र (कैमेरा-विशेष)
EYE SLIT — अक्षिद्वार
EYE TOOTH — अक्षिदन्त

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

F

FABRIC	बनावट
FACADE	सामने का हिस्सा, गृहमुख, मुहार
FACETED HOE	पैलुदार गढ़े 'हो'
FACETED	पैलुदार
FACE URN	मुख कलश
FACIAL FORM	मुखाकृति
FACT OR DATA	तथ्य
FACTOR	गुणांक
FACTUAL DATA	तथ्य, वस्तु-सामग्री
FAIENCE	सभी प्रकार का मिट्टी का और चीनी मिट्टी का सामान, बर्तन
FAIENCE SEAL	मृत्सना मुद्रा
FALSE CAVE	अयथार्थ गुहा
FAMILY	कुटुम्ब
FAMILY LINES	पारिवारिक वंश
FASCES	कुल्हाड़ी हत्था
FAULT OR FAULTED	भ्रम, विभंग, विभंगित
FAUNA	जन्तुधन, पशुवर्ग किसी विशेष क्षेत्र या प्रदेश के सभी जन्तु जो किसी काल विशेष में पाये जाते हैं या जो कभी वहाँ रहते हों।
FEATURE	प्रत्यंग
FELINE	बिल्ली परिवार के मांसभक्षी
FELIS LEO SPELAEA	गुफावासी शेर
FELIS PARDUS SPALAEA	गुफा तेन्दुआ

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FEMUR	उर्वस्थि, जांघ हड्डी
FEN	कच्छ भूमि
FENDER WALL	रक्षा भित्ति
FERN	फर्न, एक प्रकार का पौधा, घास
FERRUGINOUS	लोहमय
FERTILE CRESCENT	उर्वर-अर्धचन्द्र
FERTILISE	निषिक्त करना
FERTILITY	उर्वरता
FERTILITY DRAMA	कृषि-नाटक
FEVICOL	फैव्हिकोल टूटे मृद्भाण्ड जोड़ने का लेप
FIDDLE IDOL	वेला-मूर्ति
FIELD ARCHAEOLOGY	क्षेत्रिय पुरातत्त्व
FIELD LABORATORY	क्षेत्रिय प्रयोगशाला
FIELD-WORK	क्षेत्रिय कार्य
FIGURE	आकृति
FIGURER	चित्रक
FIGURE STONE	पाषाण आकृति
FIGURETTE OR FIGURINE	छोटी मूर्ति, लघु मूर्ति
FILTER (OF CAMERA)	छन्न, निष्पन्दक, रंग अन्वेषक
FIND	खोज, उपलब्धि
FINE GRAINED	सूक्ष्म कण
FINGER-TIP-DRAWING	ऊंगली की पोर से उद्रेखण
FINGER-TIP-ORNAMENT	टिकुली अलंकरण
FINGER-TIP WARE	टिकुली छाप भाण्ड

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FILLET	पट्टी
FIRE	आग
FIRE-DRILL	छेदने का बरमा, अग्नि मंथक
FIRE-PROOF	अग्निसह
FIRST AGGRADATIO-NAL PHASE	प्रथम उच्चयन काल
FIRST FRUITS CEREMONY	प्रथम फल महोत्सव
FISH-HOOK	मत्स्य अंकुश
FISH-SCALE	मत्स्य-जोईयां
FISSION TRACK	विभाजन तेजोरेखा काल मापन की एक विधि जिससे एक अरब वर्ष तक की प्राचीन शिला, चट्टान की उत्पत्ति तिथि तथा उनके बने उपकरणों की तिथि ज्ञात की जाती है। ओल्डवाय गार्ज (पूर्व अाफ्रिका) में मिले प्राचीन अवशेषों का तिथि निर्धारण इसी विधि से किया गया।
FISSURES	दरार
FIXED	नियत
FLAKE	फ़लेक फलक, कतरण, शल्क, चिप्पड़
FLAKE CRODE	फ़लेक क्रोड, फलक क्रोड एक सावधानी से तैयार की गई चकमक की क्रोड जिसमें एक प्रहार मुख बना रहता है, और जो सामान्यतया नलिकाकृति होती है। उस क्रोड पर बड़ी कुशलता के साथ चोट करके फलक उतारे जाते हैं। सामान्यतया सीधे हथौड़े के साथ सम्पर्क न होने देने के लिये बीच में कोई लचकदार वस्तु रख दी जाती हैं।

FLAKING	पपड़ियाना, चिप्पड़ निकालना
FLAKING FISH	मत्स्य शल्कन
FLAMINGO	राजहंस
FLANGE	कौर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FLANGED CELT कोरदार सेल्ट

FLANKE OF MICA अभ्रक-पत्र

FLANK WALL पार्श्वभित्ति

FLARING RIM फैला किनार

FLARING SIDES फैले पार्श्व

FLASK फलास्क, सुराही

FLAT-BASE सपाट-आधार, तला

FLAT-BASED PEBBLE TOOL चपटे आधार वाला पेबुल उपकरण

FLAT CELT सपाट कुल्हाड़ी

FLAT CEMETERY साधारण शव निखात

FLATTER MOULDING सपाट गढ़त

FLEXED आकुंचित

FLINT चकमक पत्थर, अग्नि प्रस्तर, गारगोटी

FLINT TOOL OR IMPLEMENT गारगोटी उपकरण

एक कठोर पत्थर जो मिथ्या स्फटिकयुक्त सिलिका से बना होता है जिसका उपयोग आदिम मनुष्य औजारों के लिये किया करता था।

FLINT NODULAR ग्रंथिल चकमक

FLINT PIGMY छोटा चकमक

FLINT TABULAR सपाट चकमक

FLINT TOOTHED दन्तुर चकमक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FLINT DAGGER चकमक कटार

FLINT KNAPPING चकमक शल्कन

FLINT TOOL चकमक औज़ार

FLOOD PLAINS प्रवाह क्षेत्र, बाढ़ मैदान

FLOOR फर्श

FLORA वनस्पति धन
किसी क्षेत्र या प्रदेश में पाई जाने वाली जीवित या विलुप्त सभी वनस्पतियां

FLUCTUATION अस्थिरता

FLUORINE TEST फलोरिन परीक्षण
हड्डियों पर जमी हुई फलोरिन की रासायनिक परीक्षा के आधार पर तिथि का निर्धारण किया जाता है। किसी एक ही क्षेत्र में पाई गई दो हड्डियों के प्राचीनतर एवं परवर्ती काल की स्थिति इस परीक्षण से ज्ञात की जाती है। पिल्टडाऊन मानव की हड्डियों की परीक्षा इसी विधि से सर्वप्रथम की गई थी। इस विधि से केवल साधारण युग का कालमान निश्चित किया जा सकता है,

FLUTED खारेदार, चोटीदार, पहलूदार

FLUTED CORE नालीमत कोर, धारीदार क्रोड पाषाण

FLUTING TECHNIQUE फलुटिंग प्रविधि

FLUVIAL नदी-उच्चयित

FLUVIATILE DEPOSITE नदीकृत निक्षेप

FOCAL LENGTH नाभीय दूरी

FOCUS केन्द्र

FOLD मोड़, वलन, चूनट

FOLDING CAMERA मुड़ा हुआ कैमरा

FOLKLORE लोकवार्ता

FOLK-SONG लोक-गीत

FOLK-TALE लोक कथा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FOLSOME POINT फॉल्सम अनी
शिकार करने का एक आदिम नुकीला शस्त्र



FONT फाँट

FONTECH-EVADE फोन्तेशेवाद
एक फ्रान्सीसी गुफा में पाये गये तृतीय हिमाच्छादन काल के सैपियन्स मनुष्यों के दो नमूनों के अवशेष, जो स्तर की दृष्टि से उन निपड स्थल मनुष्यों के सांस्कृतिक अवशेषों से नीचे और पृथक् हैं, जिनसे कि वे स्पष्टतया पहले के थे ।

FONTECHEVADE MAN फोन्तेशेवाद मानव

FONT ROBERT POINT फॉन्ट रॉबर्ट अस्त्राग्र
शिकार करने का आदिम नुकीला शस्त्र

FOOD COLLECTION फल-मूल-एकत्रण

FOOD GATHERING खाद्य एकत्रण

FOOD-PRODUCING BARBARISM खाद्योत्पादक ग्राम्यता

FOOD PRODUCTION खाद्योत्पादन

FOOD-PRODUCING ECONOMY खाद्योत्पादक अर्थ व्यवस्था

FOOT INDIANS पदाती मूलवासी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FOOT ROBERT BRUCE — फुट रॉबर्ट ब्रूस (१८३४-१९१२)
भूविज्ञान तथा प्रागितिहास का विज्ञ जिसे 'भारतीय प्रागितिहास का जनक' कहा जाता है । उम्र के २४वें वर्ष में उन्होंने भारतीय विज्ञान सर्वेक्षण में नौकरी कर ली। १८६३ में उन्हें भारत में प्रथम बार हस्तपरशु मिला। उन्होंने भारत में संग्रहीत किये प्रागैतिहासिक उपकरणों को मद्रास म्युज़ियम में रखा था। गुजरात एवं दक्षिण भारत से उन्होंने सैकड़ों हथियार इकट्ठे किये हैं । 'कॅटलॉग रेसोने' (१९१४) एवं 'इण्डियन प्रीहिस्टॉरिक एण्ड प्रोटोहिस्टॉरिक ग्रार्टिक फैक्टस्' (१९१६) यह उनके ख्यातनाम ग्रन्थ हैं ।

FORANUM MAGNUM — फोरानम मॅगन्म, महारन्ध्र
कपाल के ग्राधार में बना हुग्रा छिद्र, जिसमें से होकर मस्तिष्क वृन्त गुज़रता है ।

FORCE — बल

FORECASTLE — गलही

FORM — स्वरूप

FORMAL — ग्रौपचारिक

FORM LINE — ग्राकृति की रेखा

FOREMAN — प्रहरी, मुखिया

FORMULA — गुर, सूत्र, संकेत, रीति, विधि, नियम, नुस्का

FORESHAFT — ग्रग्रदण्ड, शरदण्डाग्र

FOREMERET (WALL RIB) — भित्ति शिरा

FORTIFICATION — किलाबन्दी

FORTIFICATION WALL — रक्षात्मक दिवाल

FOSSIL — फॉसिल, प्रस्तरित ग्रवशेष, जीवाश्म, निखातक
पृथ्वी के विभिन्न स्तर, चट्टानों ग्रादि में पाये जाने वाले जीवों के ग्रवशेष । बहुधा ये ग्रवशेष हड्डियों या कड़े

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कंकाल में धीरे-धीरे मिट्टी बालू आदि के कणों के मिल जाने से बनते हैं। कभी-कभी वे केवल साँचों के रूप में होते हैं। विरले उदाहरणों में वे पंजों आदि के चिह्न के रूप में भी हो सकते हैं। उनकी सहायता से पृथ्वी पर जीवों के इतिहास का बोध होता है।

FOSSIL MAN — प्रस्तरित मानव

FOSSILIFEROUS — फॉसिलमय, निखातयुक्त
वे चट्टाने या स्तर जिनमें फॉसिल पाये जाते हैं।

FOSSILISED — जीवाश्मित, पथराये

FOUNDATION TRENCH — नींव की खाई

FOUNDRY — ढलाई घर

FOUR-SIDED MONOLITH — चौपहलू एकाश्म

FOXING — कागज़ों का पीला पड़ना

FOYER — पार्श्व-कक्ष

FRAGILE (OBJECT) — भंगुर (वस्तु)

FREE-FLAKING — निर्बन्ध, फलैकीकरण

FREEZING — तुषारीकरण

FREEZING POINT — हिमांक

FRERE JOHN — फ्रियर जॉन (१७४०-१८०७)
नष्टप्राय हुये जानवरों के अवशेषों के साथ पाय जाने वाले पत्थर के उपकरण भी उतने ही प्राचीन होते हैं, इस मत के वे प्रतिपादक थे। किन्तु इसका विद्वानों ने कड़ा विरोध किया।

FRESCO — लेपचित्र, भित्तिचित्र

FRICTION — घर्षण

FRIZZLED — घुंघराले

FRONTAL — सम्मुख

FRONTIER — सीमान्त

FROST — हिमीकरण

FUGITIVE INK — उड़ने वाली स्याही

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FULLER'S EARTH	रेह, संकोचक मृत्तिका
FULLING	खारना
FUNDAMENTAL	मूलभूत, आधारभूत
FUNCTION	प्रकार्य
FUNERAL	अन्त्येष्टि
FUNERAL JAR	अन्त्येष्टि कलश
FUNERAL PILE	अन्त्येष्टि चिता
FUNERARY ACCESSORIES	अन्त्येष्टि सामग्री
FUNERARY CULT	शवोपासना
FUNERARY MONUMENTS	अन्त्येष्टि स्मारक
FUNERARY VASE	अन्त्येष्टि कलश

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

G

GABLE वलभी

GAINT BEAVER बृहद् ऊदबिलाव

GALLERY GRAVE वीथिकब्र

GAMESMAN मुहरा

GANDHAR गान्धार

हिन्दुस्थान के उत्तर-पश्चिम सीमा प्रान्त पर सिन्धु नदी के पूर्व में बसा हुआ विस्तीर्ण प्राचीन प्रदेश जो वर्तमान काबुल की घाटी से रावलपिण्डी तक फैला हुआ था। (पहली शताब्दी ई० पू० से नौवीं शताब्दी ईसवी तक) पहले यूनानी सभ्यता से प्रभावित पश्चिम एशियावासियों ने इसे रौन्दा, फिर यह मध्य एशिया के कुषाण राजाओं के अधीन एक छत्रप प्राप्त रहा।

GANDHAR ART गान्धार आर्ट, यूनानी बौद्ध कला

गान्धार कला के लिये प्रयुक्त शब्द जिसमें यूनानी या यूनानी-रोमन तत्त्वों ने बौद्ध कला को प्रभावित किया (पहली शताब्दी ई० पू० से छठी शताब्दी ईसवी तक)

GARDEN CULTURE उद्यान-संस्कृति

GARNET रत्नमणि, तामड़ा (एक कीमती पत्थर)

GARSTANG, JOHN गास्टंग, जॉन (१८७६-१९५६)

मध्यपूर्व में प्रागितिहास के विद्वान् जिनका अधिक समय इजिप्त में बीता। १९३०-३६ में जेरिको में तथा १९३६-३९ में मेर्सिन में उन्होंने खुदाई की। ब्रिटिश स्कूल ऑफ आर्किओलॉजी के वे प्रथम निर्देशक थे। १९५३ में उन्होंने 'प्रीहिस्टारिक मर्सिन' नामक पुस्तक प्रकाशित की।

GATEWAY तोरण, प्रवेशद्वार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

GATHERING-HUNTING-STAGE	संकलन-ग्राखेट-स्तर
GAZELLE	कुरंग
GENE	जीन एक प्रोटिन का कण, जो क्रोमोसोम का एक ग्रंश होता है जिसके द्वारा यह माना जाता है कि पैतृक स्वभाव सन्तान में ग्राता है।
GENEALOGY	वंशावलि
GENERA	पशु-परिवार
GENERAL GEOGRAPHY	सामान्य भूगोल
GENERAL VIEW	सामान्य दृश्य
GENETIC	ग्रानुवांशिक
VENETIC BASIS	जनन ग्राधार
GENETICIST	ग्रानुवांशिकीविद
GENETICS	ग्रानुवांशिकीविज्ञान
GENUS	प्रजाति
GEOCHRONOLOGY	भू-कालक्रम
GEOLOGICAL	भौतात्त्विक
GEOLOGICAL ERA (S)	भौतात्त्विक कल्प
GEOLOGICAL TIME	भूगर्भीय समय
GEOLOGY	भूगर्भ-शास्त्र, भूतत्त्व
GEOMETRIC MICROLITHS	भौमितिक लघुक्षुद्राश्म
GHOST HOLE	प्रेत छिद्र
GHOST WALL	भूत दीवार किसी टीले में से प्राचीन निर्माणों की नीव तक ईंटें निकाल लेने पर अगल-बगल की मिट्टी दीवार की ईंटों के स्थान में भर जाती है। इस नयी बनी दीवार को भूत दीवार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कहते हैं। इसका सुन्दर उदाहरण रोमनो-ब्रिटिश साईट का वेरलेमियम नामक स्थान पर मिला था।

GIANT'S TOMB दानव तुम्ब

GIBBON गिवन
दक्षिण पूर्वी एशिया के कुछ भागों और इण्डोनेशिया में रहने वाले छोटे कपियों की एक प्रजाति (जीनस)

GIGANTOPITHECUS BLACKIE OR GIGANTANTHROPUS दानवाकार-वानर-मानव, दानवाकार-मानव
केवल हॉगकॉंग में चीनी पंसारी की दुकान में मिली कड़ी दाढ़ें ही जिस रूप को दर्शाती है। इनमें से पहला दांत १९३५ में एक डच औपनिवेशिक अधिकारी, कोनिक्सवाल्ड द्वारा हस्तगत किया गया। बाद में दो अन्य दांत इसी नगर की एक अन्य पंसारी की दुकान से प्राप्त किये गये। चूंकि शुरू में ये दांत एक दानवाकार मानव सम जीव के समझे गये अतः, इस रूप को पूर्वोक्त नाम दिया गया। बाद में सूक्ष्म परीक्षा से यह पता चला कि ये वानर-मानव वर्ग के न होकर मानवसम वर्ग के थे। वीडन राइख ने दूसरे नाम की पैरवी की और उसे अधिक उपयुक्त बताया।

GIRASOL गिरासोल (कीमती पत्थर)

GIRDLE STRING मेखला सूत्र, करधनी

GIYAN प्राचीन इराक में हमादान के दक्षिण में बसा प्राचीन स्थान। १९३१-३२ में यहां कान्टेन्यू तथा घर्षम ने खुदाई की थी। यहाँ की संस्कृति उत्तरकालीन हलाफ संस्कृति से मिलती जुलती है। ई० पू० २००० में यहां के लोग इण्डो-युरोपाय वंशों के थे जो इरानी भाषा बोलते थे ऐसा कुछ विद्वानों का मत है। ई० पू० आठवी शती में गियाना को असिरियन साम्राज्य में शामिल किया गया।

GLABALLA नाक के जोड़

GLACIAL हिमावर्तन

GLACIAL AGE ग्लेशियल युग, हिम युग
वह युग जिसमें अत्यन्त ठंडक थी और पृथ्वी का बहुत बड़ा क्षेत्र बर्फ से ढ़का था।

GLACIALISM हिमावर्तन-वाद

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

GLACIATED	हिमायित
GLACIAL VERVES	हिमानी अनुवार्षिकी तैथिकी
GLACIATION	हिमायन, हिमावर्तन औसत तापक्रम में कमी के साथ ही आर्द्रता की मात्रा के बढ़ने से शीत या समशीतोष्ण प्रदेशों में बर्फ की चादरें बिछ जाती हैं। इसी परिस्थिति को हिमावर्तन कहा गया है। उष्ण कटिबन्धों में इस समय वृष्टचावर्तन होता है। प्राचीनतम काल में चार हिमावर्तन हुये हैं जिन्हें आल्पस पर्वत के उत्तर में डेन्युब नदी की घाटी की ओर बहने वाली चार छोटी-छोटी नदियों के नाम पर क्रमशः गुंज, मिण्डेल, रिस एवं वुर्म नाम दिया गया है। इन नदियों के तटों पर हिमावर्तनों के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं। उपर्युक्त हिमवर्तनों के बीच- बीच में हिमप्रत्यावर्तन हुये थे जिन्हें गुंज-मिण्डेल, मिण्डेल-रिस एवं रिस-वुर्म कहा जाता है।
GLACIER	हिमनदी
GLACIO-ARCHEOLOGY	हिमयुग पुरातत्त्व
GLACIS	प्रवण, पुश्ता
GLAND	ग्रन्थि
GLAZING	काचन विद्या
GLOGER	ग्लौगर (का नियम) आर्द्र वनों में रहने वाले पशुओं की खालों और बालों का रूझान काले या लाल रंग की ओर होता है। बंजर प्रदेशों में रहने वाले पशुओं का पाण्डु या घूसर रंग की ओर।
GLYPHIC	मिस्र-लिपिय चित्र-लिपि सम्बन्धी, उत्कीर्ण, खुदा हुआ
GLYPHOGRAPH	उत्कीर्ण फलक, समुत्कीर्ण-पाटी
GLYPTODON	पूर्व वर्मि एक प्रकार का विलुप्त दीर्घकाय पशु
GNEISS	अबरक की एक प्रकार की चट्टान, पट्टिताश्म, अनुस्तरिय
GOBLET	कटोरा, प्याला, पानपात्र, जाम

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

GLOBULAR BEAKER	गोल चंचुक
GOUGE	रूखानी
GOUGE GRAVER	गोल-रूखानी ग्रेवर
GRADE	पदक्रम
GRADUATE (SCALE)	अंशांकित (पैमाना)
GRAIN	तन्तुक्रम, धान्य, अन्न, बीज, दाना
GRAIN BIN	कुठला
GRANARY	अन्नागार
GRANITE	ग्रेनाईट, कणाश्म चट्टानें जिनका निर्माण मुख्यतया फैलसपार तथा अभ्रक के कणों के स्फटिक के माध्यम से जम जाने से हुआ है। यह बहुत कड़ी चट्टान होती है।
GRAPH	आलेख, आरेखण
GRAPHIC ART	अंकन कला
GRAVE	कब्र, शवाधि
GRAVE FURNITURE	शवाधि उपस्कर
GRAVE GOODS	कब्रसामान
GRAVEL	ग्रेवेल, जल-घर्षित पत्थर, बजरी, रेत
GRAVE PIT	समाधि गर्त
GRAVER	रूखानी, नक्काशी का औजार, टांकी द्रष्टव्य — BURIN
GRAVER-FACET	ग्रेवर-मुख
GRAVERS	टांकियां
GRAVETTE	ग्रेवत
GRAVETTIAN	ग्रेवेतीय
GREASE STONE	चर्बी शिला
GREAT BOG OF MULLERUP	मुल्लेरप के विशाल दलदल
GREAT ICE AGE	महान् हिम युग
GREAT INTERGLACIAL	महाहिमप्रत्यावर्तन

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

GREATER INDIA बृहत्तर भारत

GREEK ग्रीक, यवन (यूनानी)

युरोप का एक अत्यन्त प्राचीन राज्य जहां से एक सर्वतो-मुखी उन्नतिशील सभ्यता का विकास हुआ जिसका इतिहास ईसा से करीब तीन हज़ार वर्ष पहले से प्रारम्भ होता है। संसार की प्राचीन सभ्यताओं के इतिहास में ग्रीक (ग्रीस) या यूनान की सभ्यता अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। इस सभ्यता ने अपने सर्वांगीण विकास में सारे युरोप और एशिया के एक बहुत बड़े भू-भाग को प्रभावित किया था।

GREY धूसर

GREY URUK WARE धूसर उरुक भाण्ड

GREY WARE भूरे मृद्भाण्ड

GREY WARE SETTLEMENT धूसर वस्ती

GRID चालक

GRID WARE चालक भाण्ड

GRID METHOD OF EXCAVATION ग्रिड प्रणाली

GRID PLAN चालक आयोजन

GRID SQUARE चालक वर्ग

GRIMALDI MAN ग्रिमाल्डी मानव

यह नाम उस मानवी अवशेषों को दिया है जिसकी अस्थियां मन्टन गुफा (फ्रान्स-इटालियन बार्डर) के निकट मिली हैं।

GRIND घिसना

GRINDING ACTION घर्षण क्रिया

GRINDING STONE चक्की

GRITTY CORE कंकरीली कोर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

GROTEFEND GEORG FRIEDRICH	ग्रोटफेन्ड, जॉर्ज फ्रेडरिश (१७७५-१८५३) जर्मन शिक्षक जिन्होंने मेसोपोटेमिया में ई० पू० तीन हजार वर्ष पूर्व प्रचलित क्यूनिफॉर्म लिपि को १८०२ में प्रथम बार पढ़ा । अपना शोधकार्य उन्होंने गोटान्गेन अकादमी को दिया । १८१५ तक उन्होंने ३७ क्यूनिफॉर्म चिन्हों को पढ़ा जिनमें से अधिकांश आज गलत साबित हुए ।
GROOVE	खांचा
GROOVED	खांचेदार
GROOVED HAMMERSTONE	नालीदार हथौड़ा
GROUND LEVEL	धरातल से समतल
GROUND MORAINE	भूमि मोरेन
GROUND STONE IMPLEMENT	घृष्ट पाषाण उपकरण
GROUP	समूह
GUANACO	वासन्तक, दक्षिण अमेरिका का पागुर करने वाला जंगली पशु विशेष
GUILD	व्यापारी संघ
GUNZ	गुंज
GYPSUM	जिप्सम, गच पत्थर, खड़िया पत्थर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

H

HABITAT — आवास, प्राकृतिक वास
मानव जीवन की प्राकृतिक परिस्थितियों को एक जन-समूह द्वारा आबाद प्रदेश के भौतिक लक्षणों, उसके अधि-वासियों को उस क्षेत्र में उपलब्ध होने वाले या भविष्य में उपलब्ध प्राकृतिक साधनों, उसकी जलवायु और ऊंचाई और अन्य भौगोलिक परिस्थितियों को जिनके अनुकूल उन्होंने अपने को ढाला हो, यह नाम दिया गया।

HABITATION SITE — आवास, निवास की जगह
वह प्राचीन स्थान जहां मनुष्य निवास करता था। इसमें गुफायें, शैल छाजन, आदि का भी समावेश होता है।

HACHURES — छायाकरण
हाजिलार (तुर्कस्तान में)
यहाँ के प्राचीन टीलों का उत्खनन मेलार्ट ने किया था। यहाँ नवाश्म काल से बस्तियां बसी थीं।

HAEMATITE — गैरिक, शोणितज (धातु)

HAFT — किसी उपकरण की मुठियां

HAFTING — मूठ आरोपण

HALAF-PHASE — हलाफ प्रावस्था (हलाफ सीरिया)

HALATION — (छाया चित्रण में) धूमिका, धुंधलापन, धब्बा

HALBERD — फरशी-भाला, गंडासा, कुल्हाड़ा

HALF BRAINED — अर्धमस्तिष्कवाले मनुष्य, उत्तान मानुष
लुप्त हो चुके मनुष्य जैसे वानर (प्राईमेट) जिनके बारे में संस्कृति सिद्ध की जा सकती है या मानी जा सकती है। शरीर-रचना की दृष्टि से उनमें आधुनिक मनुष्य से मुख्यतया यह अन्तर था कि उनके मस्तिष्क का आकार

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

	सैपिथन्स मानुष के मस्तिष्क के विकास का एक स्तर नीचे था।
HALL	प्रशाल, बड़ा कमरा, दालान
HALLOW	पोला
HAMLET	पल्ली
HAMMER	हथौड़ा
HAMMER AXE	हथौड़ा कुठार
HAMMER PURGATORY	परगेटरी हथौड़ा चकमक पत्थर का प्रागैतिहासिक हथौड़ा।
HAMMERSTONE	प्रस्तर हथौड़ा, घन
HAMMERSTONE TECHNIQUE	प्रत्यक्ष हथौड़ा प्रविधि
HAND ADZE	हाथ कुल्हाड़ी
HAND AXE	कुठार, हाथ कुल्हाड़ी, हस्तपरशु, हस्तकुठार, बादाम अथवा भाले के आकार का आयुध जो ऊपरी एवं निचले दोनों सतहों से चिप्पड़ निकाल कर तैयार किये हैं। इनकी प्राप्ति मुख्यतया पूर्व पुराश्मकाल से संबन्धित है। सुघड़ एवं मांजित प्रस्तर परशु नवाश्म काल से सम्बन्धित है। हस्त परशु नाम प्रचलन में आ गया है। हालांकि यह आवश्यक नहीं कि इनका उपयोग केवल हाथ से ही किया जाता रहा हो। और न तो इसकी प्रयोग में आने वाली नुकीली धार ही परशु के ढंग की होती है।
HANDAXE CLEAVER	विदारक परशु
HAND BRICK	हाथ की बनी ईंट
HANDLED BOWL	हत्थेदार प्याला
HANDI	हांडी
HANDLE	बेन्ट, मूठ, दस्ता
HARAPPA	हड़प्पा सिन्धु सभ्यता का कांस्ययुगीन नगर (जिला मान्टगोमेरी पाकिस्तान में)
HARAPPA CULTURE	हड़प्पा संस्कृति

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हड़प्पा में पहली बार इस संस्कृति विशेष की प्राप्ति के कारण इसे यह नाम दिया गया है। यही संस्कृति सैन्धव सभ्यता के नाम से भी जानी जाती है। इस संस्कृति में काले रंग से चित्रित लाल रंग के मज़बूत बने मृत्पात्र, मृण्मूर्तियां एवं पकी मिट्टी की टिकियां, कांस्य के भाण्डे एवं आयुध, चर्ट पत्थर के बने बटखरे एवं पक्व लिपियुक्त मुद्रायें, स्टेटाईट की बनी मण्डलाकार मनकाएं, एक निश्चित नगर विन्यास के साथ कच्ची एवं पकी ईंटों के निर्माण एवं प्रस्तारित शव निखात पाये गये हैं। यह संस्कृति बलोचिस्तान के उत्तर प्रदेश एवं पंजाब से गुजरात तक के विस्तृत क्षेत्र में पायी गयी है। इसका काल २५००-१५०० ई० पू० माना गया हैं।

HARPOON

मत्स्य बर्छी

हड्डी अथवा धातु से बनी नोक वाली कांटेदार बर्छी। रस्सी से बंधी बर्छी पानी में फेंक कर जल-जन्तुओं को पकड़ने के लिये प्रयुक्त होती रही।



CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

HASTINAPUR हस्तिनापुर के प्राचीन खण्डहर उत्तरप्रदेश के अंतर्गत मेरठ जिले की मवाना तहसील में गंगा के सूखे पाट (बुड गंगा) पर स्थित हैं। कुछ विद्वानों के अनुसार ये टीले महाभारत कालीन हस्तिनापुर के अवशेष हैं। हस्तिनापुर के टीले के उत्खनन में (१९५०-५२) श्री बी०बी० लाल ने पांच काल की आबादियों के अवशेष पाये थे। प्रथम काल की सभ्यता की परतों में केवल गेरवे मृत्पात्र, द्वितीय में चित्रित सलेटी कुम्भकला के खण्ड, काँच के कंगण, मिट्टी के खिलौने, ताम्बे के तीरों के फल, नेहरने, हड्डी की सलाखें आदि मिले हैं। साथ ही कच्ची ईंटों वाली दिवालों तथा भग्नावशेषों में कांच से लिपे कच्चे कोठे उपलब्ध हुए। तृतीय काल में उत्तर कृष्णमार्जित मृद्भाण्ड, पक्की ईंटों की नालियां, सोक कुएँ या गड्ढे, घड़े, रिंगवेल्स मिले हैं। चतुर्थ काल में द्वितीय शताब्दी ई० पू० के मथुरा शासक के चौकोर व गोलाकार सिक्के मिले हैं।

HEADHUNTER नरमुण्ड-आखेट

HEAD LAND शिलाखण्ड

HEAD-SCRATCHER सिर-घिसनी

HEARTH चुल्हा

HEART-SHAPED HANDAXE हृदयाकार हस्तपरशु

HEIDELBERG MAN हाईडलबर्ग मानव

एक फासिल मानव, जिसे एक अकेले निचले जबड़े के आधार पर पहचाना गया है, जो जर्मनी के प्रथम अन्तर हिमाच्छादन काल की बजरी में मिला है।

HELE STONE बलि पत्थर

HELUAN हेलुअन

HELUAN RETOUCH हेलुअन पुनर्घटन

HEMI DRACHM अर्द्ध द्रम

HEPIDOPTERIST कीट-वर्ग अध्ययनकर्त्ता

HERALD उद्घोषक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

HETERODOX नास्तिक

HETEROGENEITY भिन्नांगता

HETEROGENEOUS भिन्नांग

HIATUS दरार, छेद, विच्छेद

HIERATIC WRITING पौरोहित लेखन

मिस्र के लेखन का एक प्राचीन रूप, जो पैपाइरस पर एक ब्रशद्वारा लिखने के लिये प्रयोग में आता था।

HIEROGLYPH चित्रलिपि

जो ई० पू० ३००० में इजिप्त में प्रचलित थी।

HIEROGLYPHIC गूढ़ाक्षरी

HIEROGLYPHIC IDEOGRAPHIC CHARACTERS हीरोग्लिफी संकल्पात्मक अक्षर या लिपि या प्रतीक।

HIGH-RELIEF उभरा उद्भूत

HILL-SHADING रंगीन तहे

HINGE कबजा, द्वारसन्धि

HIPPOPOTAMUS दरियाई घोड़ा

HISTORIAN इतिहासज्ञ, इतिहासकार

HISTORY इतिहास

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

HISTORICITY ऐतिहासिकता

HISTORIC ACCIDENT ऐतिहासिक संयोग

HISTORIC NATURE प्रकृति का इतिहास

HISTORIO-GRAPHY पुरावृत्तरचना, इतिहास-लेख.

HITTITE हिताइत
अनातौलिया के लोग, सम्भवत: यही लोग लोहे के सर्व प्रथम कारीगर थे ।

HOARD जखीरा, ढेर, निधि

HOARD FOUNDER धातु संग्रह

HOE कुदाल

HOE CYLINDRICAL बेलनी कुदाल

HOE-CULTI-VATION कुदाल कृषि

HOLOCENE सर्वनूतन, आधुनिक (भौतात्त्विक)
चतुर्थक नामक भौतात्त्विक युग का उत्तरकाल प्रातिनूतन के बाद है । वर्तमान काल भी इसी सर्वनूतनकाल में आता है । इस युग का प्रारम्भ लगभग १० हजार वर्ष पूर्व हुआ होगा ।

HOME-ART गृह-कला

HOMINID मानव सम

HOMO मानव

HOMO ERECTUS होमोइरेक्टस
(उत्तान मानुष) मनुष्य की एक लुप्त हो चुकी स्पीशिज जिससे सैपियन्स मनुष्य का विकास हुआ ।

HOMOGENEOUS समांग

HOMOGENEITY समांगता, एकतत्त्वीयता

HOMO RHODESIENSIS रोड़ोशियाई मानव
फासिल मानव की एक उप स्पीशिज, जो रोडेशिया और

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

दक्षिणी आफ्रिका में पायी गयी है। जिसकी विशेषता नीची मेहराब और बहुत ही बड़े-बड़े भौंहों के उद्रेक है।

HOMO SAPIENS OR TRUE MAN — पूर्ण मानव, मेधावी मानव, सैपियन्स मानुष
यह वह स्पीशिज है जिसमें सब जीवित मनुष्य आते हैं।

HOMO SYMBOL — मनुष्य की आकृति

HOOD STONE — फणाकृति-पाषाण

HORIZONTAL — अनुप्रस्थ, क्षैतिज

HORIZONTAL EXCAVATION — क्षैतिज उत्खनन, समतल उत्खनन
किसी स्थान की एक युग विशेष की सभ्यता का ज्ञान



क्षैतिज उत्खनन से किया जाता है। ऐसी स्थिति में तद्युगीन सभ्यता के अवशेष प्रत्यक्ष होते हैं। यद्यपि यह उत्खनन लम्बवत् उत्खनन से भिन्न प्रकृति का है किन्तु उसकी सहायता इसमें अपेक्षित होती है।

HORIZONTAL EQUIVALENT — समतल रूप

HORN — शृंग

HOST — अतिथि

HOUSE OF UNBURNT AND BAKED BRICKS — कच्ची एवं पकाई गई ईंटों का मकान

HOUSE OF WATTLE AND DAUB — टाटी एवं मिट्टी के लेप से बना घर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

HOWLER MONKEY — क्रोशक वन्दर
HUB — हब, नाभि
HULL — खोंखा, ग्रावरण, छिलका उतारना
HULLUR — हल्लूर
कर्नाटक के धारवाड जिले में तुंगभद्रा नदी के किनारे है। यहां पहली बस्ती नवाश्म एवं ताम्र पाषाण युग की द्योतक है। दूसरी महाश्मयुगीन।
HUMAN CULTURE — मानव संस्कृति
HUMAN EVOLUTION — मानव-उद्‌विकास
HUMANIST — मानवतावादी
HUMANITIES — मानविकी
HUMID — ग्रार्द्र
HUMIDITY — ग्रार्द्रता
PERCUSSION METHOD प्रहार विधि

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PERFORATED छिद्रित

PERFORATED BRAZIER छिद्रित अंगीठी

PERFORATED JAR छिद्रित मटका, गगरी

PERFORATED STONES छिदे पत्थर

PERFORATOR छिद्रक

PERIGLACIAL हिमावर्तन प्रभावित
हिमायित प्रदेश की ठंडक से, उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रभावित होते हैं और उनकी जलवायु में परिवर्तन होता है। ये क्षेत्र हिमावर्तन प्रभावित कहे जाते हैं।

PERIGLACIAL ZONE परिहिमायित मण्डल

PERIOD काल अवधि

PERIMETER परिसीमा

PERIPHERAL NACLEATES परिधीय केन्द्रक

PERIPHERY परिधि

PERISTYLAR परिस्तंभिय

PERMIAN पर्मियन (युग), गिरिकाल, गिरियुगीन

PERMISSION अनुमति

PERMUTATION क्रमचय

PERSIAN CIVILIZATION पर्सियन सभ्यता

PERSONIFICATION मानवीकरण

PERSPECTIVE दूरदृश्यलघुता, परितारिका

PETRIE, SIR FLINDERS पेट्री, सर फिलण्डर्स (१८५३-१९४२)
पुरातत्त्व के इतिहास में इनका नाम सर्वाधिक प्रचलित है। इजिप्त, पेलेस्टाईन, ग्रीक आदि मृद्भाण्डों पर इन्होंने खोज कार्य किया। खुदाई में स्तरशास्त्र का प्रयोग इन्होंने बड़ी सूझ-बूझ से किया। १८९४ में इजिप्त के नाकदा में

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

हुआ उत्खनन सर्वप्रसिद्ध है। इन्होंने ही सिक्वेन्स डेटिंग का पुरस्कार किया। खुदाई में मिली सभी छोटी-बड़ी चीजों का लेखा-जोखा (RECORDING) एवं यथार्थ वर्णन इनकी विशेषता थी।

PETRIFICE	अश्मीभूत
PETROLOGY	चट्टान विज्ञान, शैल विज्ञान, शैलिकी
PHALLIC	लिंग
PHALLICISM	लिंगपूजा
PHALLIC STONE	लिंग-पाषाण
PHARAOH	फेरो, फान (प्राचीन मिस्र के सम्राटों की उपाधि)
PHASE	काल, प्रावस्था, चरण
PHENOMENON	प्रपंच
PHILOSOPHY	दर्शनशास्त्र
PHOTOGRAPH	छायाचित्र, आलोकचित्र
PHOTOGRAPHIC TOWER	छायाचित्रण का मनोरा, आलोकचित्रण का मनोरा
PHOTO MULTI-PLIER TUBE	प्रकाश इलेक्ट्रान संवर्द्धक नली
PHYLLITE	पर्णिज
PHYSICS	भौतिक शास्त्र
PHYSICAL	भौतिक
PHYSICAL ANTHROPO-LOGY	जैविक नृतत्त्व
PHYSICAL FEATURES	प्राकृतिक बनावट
PHYSICAL INTEGRATION OF RECORDS	अभिलेखों का वास्तविक एकीकरण
PHYSIOGRAPH-ICAL	भौताकृतिक
PHYSIOLOGY	दैहिकी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PICE कच्ची ईंट
PICK गैंती
PICK AXE गैंती, कुदाली
PICKMAN गैंतीवाला, खनक
PICTOGRAM चित्रलेख, चित्राकार
PICTORIAL METHOD चित्र-विधि
PICTURE चित्र
PIER पाया
PIGMY FLAKE खर्वधारवाला हथियार, खर्व
PILLAR स्तम्भ, लाट
PILLAR EDICT स्तम्भलेख
PIN DISC गोल पिन
PIN EYELET अक्षिका पिन
PIN KNOT-HEADED गंठीले सिर की पिन, ग्रंथिशीर्ष पिन
PINNACLE शिखर
PIN RACKET रैकेट पिन
PIN WHEEL चक्र कील, चक्र पिन
PISE मृत्स्कन्व, मटकंधा, गोन्दा, कच्ची ईंट
PIT OR TRENCH गड्ढा, गर्त
PITCH आनाति
PITCHER घड़ा
PIT CIRCLE गर्त कोष्ठ, खाई वृत्त
PIT DWELLING गर्तावास
PITHECANTHROPUS ERECTUS पिथैकैन्थ्रोपस की एक स्पीशिज, जिसे जावा से प्राप्त हुई एक विशाल और पाशविक-सी खोपड़ी के आधार पर पहचाना गया है।
PITT RIVERS पिट, रिव्हर्स (१८२७-१९००)
ब्रिटिश सैनिक जिसका असली नाम आगस्टस हेनरी था। लेनफाक्स ने इनका नाम पिट रिव्हर्स रखा। रिव्हर्स ने इजिप्त में खुदाई की किन्तु दक्षिण इंग्लैण्ड के कारब्रोर्न चेस में की गई खुदाई से ये अधिक प्रसिद्ध हुए।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PIT TOMB गर्त तुम्ब
PLAGUE ठिकरा
PLAIN सादा मैदान
PLAN मानचित्र, भूमिज-विन्यास, योजना
PLANE समक्षेत्र
PLANE TABLE SURVEY समसतह फलक सर्वेक्षण
PLANNED SURVEY योजनाबद्ध सर्वेक्षण
PLANO-CONVEX सपाटोन्ततोदर
PLANO-CONVEX BRICK समोत्तल ईंट
PLANT KINGDOM वनस्पति जगत्
PLASTER OF PARIS प्लॅस्टर ग्रॉफ पॅरिस
PLASTIC ART ग्रभिघटन कला
PLATE (ILLUSTRATION) चित्रफलक, तश्तरी, पट्ट
PLATED MANES घोड़े का विभूषित बाल
PLESIOSAUR प्लेसियोसौर, सिन्धुगोधा, समुद्रीसरट
मध्यजन्तुक युग का समुद्री प्राणी जिसकी गर्दन लम्बी ग्रौर

पतली होती थी। ग्रगले तथा पिछले पैर सरीसृपों के समान ही थे। तथा उसकी दुम होती थी।

PLIESTOCENE पलायस्टोसीन, ग्रभिनूतन, प्रातिनूतन
चतुर्थक नामक 'भौतात्त्विक' युग का पूर्वकाल जिसमें उपकरण निर्माता मानव का उद्‌भव हुग्रा। इस काल में पृथ्वी के जलवायु में प्रथम बार-बार घोर परिवर्तन हुए।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अबसे लगभग दस लाख वर्ष पूर्व बारह हजार वर्ष पूर्व तक चला।

PLINTH कुर्सी

PLOUGH हल

PLOUGH AGRICULTURE हल-कृषि

PLUMB-BOB साहुल

PLUTONIC अधोध्वनित

PLUTONIC ROCKS प्लुटानिक चट्टानें

वे चट्टानें जो सम्भवतः पृथ्वी की काफी गहराई में गर्मी के प्रभाव से उत्पन्न हुई हैं।

PLUVIAL अतिवर्षा काल, वृष्टयावर्तन

औसत तापमान में कमी के साथ ही आर्द्रता की मात्रा बढ़ने से उष्ण कटिबन्धों में वृष्टयावर्तन की स्थिति होती है। इन क्षेत्रों में तापमान औसत अधिकवृष्टि के फलस्वरूप नदियों, झीलों, वन्यप्रदेश की अधिकता हो जाती है। इसके ठीक विपरीत अवस्था को वृष्टिप्रत्यावर्तन कहते हैं जिसमें तापक्रम की वृद्धि, आर्द्रता की न्यूनता के कारण शुष्क जलवायु, सूखी नदियां एवं झीलों तथा वन्य प्रदेशों की कमी होगी

PLUVIAL AGE वर्षायुग

POINT अस्त्राग्र, बाणाग्र, वेधनी

पत्थर, हड्डी या धातु का बना नोकदार आयुध जो बाणाग्र के रूप में प्रयोजित रहा होगा।

POINT LAUREL LEAF लॉरेल पत्राग्र, लॉरेल पत्रवेधनी

POINT OF IMPACT सम्पर्क विन्दु

आघात स्थल के जिस केन्द्र पर सम्पर्क स्थापित होता है उसे सम्पर्क बिन्दु कहते हैं।

POINTED नुकीला, नोकदार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

POINTED OBLATE	नुकीला कार्यांग, ग्राक्षिक
POINTER	संकेतक
POINT OE PER-CUSSION	सम्पर्क बिन्दु
POKER	ग्रंगारशलाका, सूग्रा, छिद्रक
POLE SURVEY	डण्डे द्वारा निरीक्षण
POLISH	ग्रोप
POLISHED STONE AXE	मार्जित प्रस्तर परशु नवाश्म काल के प्रस्तरपरशु जो घिस-घिसकर चिकने एवं सूघड बनाये गये हैं ।
POLISHED STONE IMPLEMENT	ग्रोपदार पाषाण उपकरण
POLITICAL SCIENCE	राजनीति-विज्ञ न
POLLEN	पराग
POLLENGRAIN ANALYSIS OR VEGETATION AND POLLEN ANALYSIS	पराग विश्लेषण, पराग परीक्षण तुषारयुगीन परागों के विश्लेषण से विभिन्न क्षेत्रों के लिये एक तालिका तैयार करके तिथि निर्धारण का प्रयास किया जाता है । तुषारयुग में जो पराग एक पुष्प से दूसरे पुष्प में संकेतित हुए ग्रथवा हवाद्वारा दूसरे स्थानों पर बिखर गये उनके रूप में कोई परिवर्तन नहीं हुग्रा । ग्राज वे 'पुरावनस्पतिशास्त्र' के ग्रध्ययन के विषय हैं । इस परीक्षण से स्थान की जलवायु एवं वनस्पति ग्रादि काल से ग्रब तक के हुए परिवर्तनों के विषय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है । स्काटलैण्ड में इस प्रणाली को उपयोग में लाया गया ग्रौर इसी के ग्राधार पर मनुष्य की तिथि ई० पू० ७००० वर्ष निर्धारित की गई ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

POLL TAX प्रतिपुरुष कर

POLYCHROME बहुरंगा

POLYCHROME VASE बहुरंगी पात्र

POLYCLADINE DEER बहुश्रृंगी हरिण

POLYGONAL CIST बहुभुजी शवपेटिका

POLYPE बहुभुजाधारी कीट

POMPY पॉम्पी

इटली का प्रख्यात प्राचीन स्थान। ई० स० ७९ में व्हेसूव्हियस ज्वालामुखी से इसका विध्वंस हुआ और सारा शहर राख में दबकर रह गया। यहाँ प्रायः २०० वर्ष खुदाई कर राख में दबे अवशेष निकाले गये। इस ज्वालामुखी के उद्रेक का वर्णन रोमन इतिहासकार प्लिनी ने अपने मित्र टेसिटर को लिखे पत्र में किया था।

POOR PRESERVATION कुरक्षण

PORPHYRITIC परिमूक्तशिला, पार्फिरायटीक

POROUS छिद्रल

PORTABLE वहनीय

PORTABLE ART वहनीय कला

PORT-HOLE प्रवेशन-छिद्र

PORT-HOLE CIST प्रवेशन छिद्र बयिन, मुकासिस्ट, गवाक्षित शवाधान

PORT-HOLE STONE गवाक्ष पाषाण

POST-CREMATION BURIAL शवास्थि निखात

शव को जला देने पर हड्डियों को चुनकर गाड़े जाने को शवास्थि निखात कहते हैं।

POST EXPOSURE BURIAL उत्सर्गोत्तर शवाधान

POST GLACIAL हिमोत्तर, हिमाच्छादनोत्तर, अनुकूलतम काल

POST-HOLE खम्भा गर्त

POST-STRUCTURE बाद में बनाया हुआ

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

POSTURE — जगह, ढंग, मुद्रा

POTASSIUM ARGON DATING — पोटॅशियम आर्गॅन कालमान
१९६१ में जे० एफ० एव्हर्नडेन तथा जी० एच० कर्टि ने कालमापन की इस विधि की खोज की। इस विधि से लगभग ढ़ाई हजार से चार अरब वर्ष प्राचीन शिला, चट्टानों का काल निश्चित किया जाता है।

POT — धातु, मिट्टी का पात्र

POT BONE — अस्थिपात्र

POT-REST — भाण्डाधार

POTSHERD — ठीकरा, भाण्ड खण्ड

POTTER'S WHEEL — कुम्हार का चाक

POTTERY — मृद्भाण्ड

POTTERY-ASSISTANT — कुम्भकला सहायक

POTTERY MENDING — टूटे बर्तनों की दुरूस्ती

POTTERY SHED — मृद्भाण्ड कक्ष (शाला)

POTTERY WASHING — मिट्टी के बर्तनों की धुलाई

POTWAR — पुठवल

POUNDER — मूसल

PRAKASHE — प्रकाशे
महाराष्ट्र के घूले जिले में तापी नदी के किनारे है। यहां की प्रथम आबादी ताम्रपाषाणकाल की द्योतक है।

PRE-ANIMISITIC STAGE — प्राक् जडात्म अवस्था

PRE-DYNASTIC — प्राग्वंशीय

PRE-CAMBRIAN — पूर्व त्रिखण्ड

PREFABRI-CATED — पूर्व-विरचित

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PREHISTORIAN प्रागितिहासविद्

PREHISTORIC प्रागैतिहासिक

PREHISTORIC ARCHAEOLOGY प्रागैतिहासिक पुरातत्त्व

PREHISTORIC EARTHWORK प्रागैतिहासिक मिट्टी की भित्ति

PREHISTORIC PAINTING प्रागैतिहासिक चित्रकारी

PREHISTORIC PERIOD प्रागितिहास काल

मनुष्य के प्रादुर्भाव से लेकर इतिहास की लिखित सामग्री की प्राप्ति से पूर्व तक का काल प्रागैतिहासिक माना जाता है। विभिन्न स्थान एवं देश के लिये इसकी तिथियां भिन्न-भिन्न हो सकती हैं। मानव का अभ्युदय सर्वनूतन युग के चतुर्थक काल में लगभग ८ करोड़ वर्ष पूर्व हुआ। भारतीय प्रागैतिहासिक का दूसरा छोर लगभग ३००० ई० पू० में आता है।

PREHISTORIC SOCIETY प्रागैतिहासिक समिति

PREHISTORY प्रागितिहास

ऐतिहासिक काल से पहले मानव कथा का अध्ययन प्रागितिहास कहा जाता है। मानव की उत्पत्ति काल से अब तक के उसके २४ घण्टे के जीवन में से पौने चौबीस घण्टे से भी अधिक प्रागैतिहासिक रहा है।

PRE-LITERATE प्राक्-अक्षर

PRELOGICAL प्राक्तन मनोवृत्ति

PREPARED CORE TECHNIQUE गढ़ा (निर्मित) कोर प्रविधि

PRESERVATION परिरक्षण, परिरक्षा

PRE-SOHAN प्राक्-सोहन

PRE-SOLUTREAM प्राक्-साल्पुत्री

PRESS दाब

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PRESSING BOARD — शिकंजा

PRESSURE COOKER — दबावपाची

PRESSURE FLAKING — दाब शल्कन

PRESSURE — निपीड, दबाब

PRESSURE TECHNIQUE — निपीड प्रविधि

PRICKER — वेधनी, चुभनी, सूश्रा, टोचा

PRIEST — पुरोहित, पुजारी

PRIMAEVAL MATTER — आद्य पदार्थ

PRIMARY FLAKE — प्राथमिक फ्लेक

PRIMARY FLAKING — प्राथमिक फ्लेकीकरण

PRIMARY PERIOD — प्राथमिक काल

PRIMATE (S) — उच्च स्तन्य

PRIMATE — वानर (प्राईमेट)
स्तन्यप्रायी प्राणियों की वह श्रेणी जिसमें लीमर, तार-सिमर, बन्दर, कपि और मनुष्य सम्मिलित हैं।

PRIMITIVE — आदिम

PRIMITIVE HABITATION — आदिम बस्तियां

PRIMITIVE RACE — पूर्वंग-प्रजाति

PRIMITIVE SCIENCE — आदिकालीन विज्ञान

PRINTS — छापचित्र

PRINTING — छायाचित्रों की छपाई

PRISMATIC (OIL COMPASS) — समपार्श्वीय (तैलदिक्सूचक)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PROBATIONARY परिवीक्षाधीन
PROBING छिद्र प्रवेश
PROCEDURE क्रियाविधि
PROCESS प्रक्रिया
PROCESSING अभिसंस्कार
PROCONSUL प्रोकौंसल
पूर्वी आफ्रिका का एक विलुप्त हो चुका वानर, जो कपियों, और आस्ट्रेलोपिथेसाइनों और मनुष्यों का पूर्वज रहा होगा।

PROJECTION PRINTING प्रक्षेप, मुद्रण
PROPORTION OR MEASURE OR CORRECT PERCEPTION प्रमाण
PROPULSION प्रणोदन
PROSECUTOR अभियोजक
PROSTRATION अवनमन
PROTEROZOIC पूर्वपुराजीवीय
PROTEROZOIC प्राग्जीव कल्प, आदि-कल्प, प्रारंभिक जीवयुग
PROTOCOL आद्य-नयाचार
PROTOMA (पशु) आग्रीव अलंकरण
PROTO-NEOLITHIC आद्य-नवपाषाण
PROTO NEOLITHIC CULTURE आद्य-नव पाषाण संस्कृति
PROTO-HANDAXE आद्य-हस्तपरशु
PROTO-HISTORIC आद्य-ऐतिहासिक, पुरा ऐतिहासिक
PROTOHISTORIC PERIOD आद्य-ऐतिहासिक काल
यह नाम इतिहास के 'आदिकाल' को दिया गया है। भारत में इस शब्द का प्रयोग 'पाषाण-युग' के उपरान्त एवं मौर्यों के इतिहास के प्रारम्भ के बीच के काल अर्थात्

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लगभग ४०००-४०० ई० पू० से सम्बन्धित है। इस प्रकार इसमें सैन्धव सभ्यता के एवं ऐतिहासिक काल से पूर्व की कई अन्य संस्कृतियां आ जाती हैं।

PROTOHISTORY आदीतिहास, इतिहासपूर्वकाल
द्रष्टव्य PROTOHISTORIC PERIOD

PROTO-HUMAN आद्य मानव, पुरा मानव

PROTOHUMAN FORM पुरामानव सम-रूप

PROTO-MICROLITHIC आद्य-लघुपाषाण

PROTO-SOLUTREAN आद्य-साल्युत्री

PROTOTHERIA (MONOTREME) अंडज, स्तन्य, पुरा स्तन्य

PROTOZOA एककोषी जीव, प्रजीव

PROVENANCE प्राप्ति-उपलब्धि-स्थान

PSYCHIC UNITY OF MANKIND मानव-मात्र की चिन्तन-समता

PSYCHOLOGY मनोविज्ञान, मानसशास्त्र

PUBLICITY प्रख्यापन, प्रकाशन, प्रसिद्धि, विज्ञापन

PULLEY घिरनी

PULLEY-BLOCK घिरनी धानी

PULP गुद्दा

PUMP MOULDING मोटी गढ़त

PUNCH छेनी

PUNCH MARKED COIN आहत सिक्का
चांदी के चौकोर, अण्डाकार अथवा अज्यामितिक आकार के सिक्के जिन पर 'चिन्हों' को आहत करके रूपित किया गया है। यह लगभग ६ ई० पू० से २ ई० पू० तक जारी किये गये और ईसा की दूसरी शती तक प्रचलित थे। कुछ तांबे के आहत सिक्के भी मिले हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PUNCH TECHNIQUE	छेनी प्रविधि
PYRAMID	पिरॅमिड
PYRAMID TEXTS	पिरॅमिड लेख
PYRAMIDAL	सूच्याकार, शुंडाकार
PYRIFORM	नाश्पाती रूप
PYTHON	पाइथन ग्रीक देवकथा में वर्णित एक प्रकार का अजगर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

Q

QUADRANGLE चतुकोन

QUADRANGULAR ADZE चौकोन बसूला

QUADRANT METHOD चौथ-पद्धति

QUADRANT METHOD OF EXCAVATION वृत्तपाद-उत्खनन
'वर्तुलाकार' शव निखातों के उत्खनन के लिये यह विधि अपनायी जाती है। इसमें शवस्थान को चार भागों में बांट दिया जाता है। और दो डोरियां माप के लिये उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम दिशा की ओर खूंटे में कीलें लगाकर बांध दी जाती हैं। इन चार भागों में डेढ फीट का रास्ता छोड़ दिया जाता है। प्रथम एक तथा तीन बाद में दो तथा चार वृत्तों में खुदाई की जाती है। आवश्यकतानुसार बीच का रास्ता भी हटाया जाता है।

QUALITATIVE गुणात्मक, परिमाणात्मक

QUARTZ क्वार्त्स, स्फटिक, गार, बिल्लोर

QUARTZITE स्फटिकाश्म

QUARTERNARY चतुर्थक
'नवजीवन' युग के दो उपविभागों में चतुर्थक अंतिम है। चतुर्थक में पहले भाग को तृतीयक नाम दिया गया है। चतुर्थक में ही मानव का उद्भव हुआ। इस युग को दो भागों में विभाजित किया गया है।
प्रातिनूतन एवं सर्वनूतन

QUARTERNARY PERIOD चतुर्थक काल

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

QUEEN POST	मादा खम्भा
QUERN (ROTARY)	चक्की
QUERN (SADDLE)	चक्की का पाट
QUETTA	क्वेटा उत्तर बलोचिस्तान में एक प्राचीन स्थल

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

R

RACE प्रजाति

RACEMIZATION TEST रेसमाइज़ेशन परीक्षण
प्राचीन हड्डियों के कालमापन की एक विधि

RACIAL नस्ली

RACIALISM प्रजातिवाद

RACIAL SYSTEM जातीय समुदाय

RACK DRYING सुखाने का रैक

RADIATION प्रकाश-प्रसरण

RADIO ACTIVE सक्रिय

RADIO ACTIVITY रेडिओ-सक्रियता

RADIOLOGICAL METHOD रेडिओलॉजिकल पद्धति
जिसमें क्ष-किरणों की सहायता से अश्मीभूत हड्डियों की प्राचीनता की तिथि निश्चित की जाती है।

RAILING कठड़ा, वेदिका

RAIN-FALL वर्षा

RAISED BEACH उत्थित पुलिया

RAKE भूमि को चिकना बनाने का हथियार

RANA-GHUNDAI राना घुंडई
राना घुंडई की संस्कृति ब्रिगेडियर रास द्वारा किये गये उत्खनन से ज्ञात होती हैं जिन्होंने इस टीले की विधिवत् खुदाई कर संस्कृतियों के क्रम को निर्धारित करने की चेष्टा की है। इनकी निश्चित तिथि अज्ञात है। केवल सापेक्ष तिथि ही हम जान सकते हैं। यहाँ संस्कृति के पांच स्तर मिले। प्रथम काल में सम्भवतः यहाँ अर्धसभ्य

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

लोग निवास करते थे। उनके पात्र हाथ से बनाये गये विभिन्न प्रकार की चित्रकारियों से युक्त हैं। साथ ही कुछ छोटे-छोटे पत्थरों के अवजार भी मिले हैं। द्वितीय युग के बर्तन चाक पर बनाये गये। इन पर विशेष रूप से बैल और बकरियों के चित्र बने हैं। तृतीय युग में यह स्थान निर्जन रहा। बाद में कुछ लोग यहाँ आकर निवास करने लगे और धीरे धीरे इस संस्कृति का विकास हुआ।

RANDOM RUBBLE अनगढ़ पत्थर-चिनाई

RANGAPUR रंगपुर
यह पूर्व लिम्बदी राज्य में भद्र नदी के तट पर स्थित है। यह धन्धूक रेलवे स्टेशन से तीन मील तथा लोथल के ३० मील उत्तर-पूर्व में है। यहाँ सर्वप्रथम खुदाई माधव स्वरूप वत्स ने की थी। १९४७ में श्री मोरेश्वर दीक्षित ने फिर यहां उत्खनन कराया और उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर इस स्थान की सभ्यता को सिन्धु युग के उत्तरकाल से सम्बन्धित बतलाया। तत्पश्चात् श्री एस० आर० राव ने इसकी खुदाई की और इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि रंगपुर का टीला सिन्धु संस्कृति का है और यह मत अभी सर्वमान्य है।

RANGE अभिसीमा

RANGE FINDER दूरभाषी

RANGIFER TARANDUS बारहसिंघा

RANK पदस्थिति

RAPID PROCESSING क्षिप्र-प्रक्रिया

RARE दुर्मिल, क्वचित्

RASPS मोटी रेती

RAS SHAMRA रास शमरा
सिरिया के किनारे बसे इस शहर का प्राचीन नाम उगारिट

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

था। शोफर ने यहाँ उत्खनन किया था। यहां पूर्व नवाश्म, ताम्रयुग तथा कांस्ययुग में बस्तियां वसी हुई थीं। ई० पू० के आरम्भिक काल केआसपास उगारिट का अन्त हुआ।

RATIO — अनुपात

RATTLE — झुनझुना, झनझनाना

RAWLINSON, SIR HENRY CRESWICKE — रॉलिन्सन, हैनरी क्रेसविक (१८१०-९५)। पहले वे भारत में सेनाधिकारी थे। बाद में वे ईरान गये। जहाँ बेहिस्तून के प्रस्तरों पर अंकित लेखों के ठप्पे लेने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया। क्यूनिफार्म लिपि के लेखों का वाचन भी इन्होंने किया। १८४७ में इन लेखों के भाषान्तर सविवरण इन्होंने प्रसिद्ध किये थे।

READING — पाठ्यांक

REBUS — चित्रलिपि

RECENT — अभिनव (युग)

RECEPTION AND DEPOSIT OF RECORDS — अभिलेखों की प्राप्ति और निक्षेप

RECESS — गुहा, विश्राम

RECLINING — अर्धशायी

RECORD — अभिलेख, अंकन, टिप्पनी

RECORDER — अंकित

RECORDING — लेखा-जोखा

उत्खनन में पाई गई सभी वस्तुओं का उचित लेखा-जोखा रखा जाता है जिससे बाद में यह आसानी से ज्ञात हो सके कि कोई वस्तु अपनी वास्तविक स्थिति में किस प्रकार एवं किस स्थान पर पड़ी हुई थी। रेखा चित्रण, आलोक चित्रण एवं स्तर निर्देश, त्रिदिशात्मक लेखा-जोखा आदि से वस्तु की 'यथास्थिति' को बनाये रखा जाता है।

RECTANGULAR TOMB — आयताकार मकबरा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

RED CROSS BOWL	चौपडनुमा कटोरा
RED ON RED TECHNIQUE	लालभांड पर लाल रंग की प्रविधि
RED OCHRE	गेरू
RED POLISHED WARE OR RED SLIPPED POTTERY	लाल ओपदार भाण्डे
REED	रीड़, नरकूल, सरकंडा
REED HUT	सरकंडा कुटी
REFLECTION	परावर्तन
REFORMATION	पुनरुत्थान
REGIMEN-TATION	एकमार्गीकरण
REGION	प्रदेश
REGUR	सख्त काली मिट्टी
REJUVENATE	पुनर्जीवित
RELATIVE	सापेक्ष, सापेक्षिक
RELATIVE DATING	सापेक्ष-कालमान
RELATIVITY	सापेक्षित
RELIC OR REMAINS	स्मारक, धातु
RELIC CASKET	अवशेष मंजूषा
RELIC CHAMBER	अवशेष कक्ष
RELIC VESSEL OR RECEPTACLE	धातु-पात्र
RELIQUARIES	मंजूषायें
REMAINS	अवशेष
REMOTE PAST	सुदूर अतीत

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

REPETITIVE पुनरावर्ती
REPORT प्रतिवेदन
REPRESENTATION FRACTION प्रतिनिधि भिन्न
REPTILE सरीसृप, उरग, सर्पश्रेणी
RESEARCH अनुसंधान, गवेषणा, शोध
RESEARCH METHODOLOGY अनुसंधान—विधिशास्त्र
RESIDUAL SOIL अवशिष्ट मिट्टी
RESIN राल
RESISTENCE रोध
RESPONSE प्रतिभावन
RESTORATION OF MONUMENTS प्राचीन स्मारकों का पुनरुद्धार, पुनर्वसन
RESTICATED MASONRY संगीन चिनाई
RESTRICTION निर्बन्धन
RESTRICTIONS CONVENTIONAL रूढिगत बन्धन
RETENTION PERIOD अवधारण अवधि
RETINA दृष्टि पटल
RETOUCHED BLADE परिष्कृत फलक
RETOUCHING अनुशोधन
REVERSION प्रतिवर्तन
REVETMENT खंडजा
REVOLUTION FOOD अन्नोत्पादक क्रांति

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

RHYOLITE राइयोलाईट, बाह्याश्म
RIBBED WARE कमरखी भाण्ड
RICE चावल
RICH SITE सम्पन्न स्थल
RIDGE उद्रेख, कटक
RIFLED BARREL पेंचदार नली
RIM अॅवठ, कोर, किनारा
RING गोल छल्ला
RING METHOD छल्लाविधि
RING MOUND अंगूठीनुमा टीला
RING-SEQUENCE वलयानुक्रम
RINGS CONCENTRIC (ON POTTERY) समकेन्द्र घेरे
RING STONE वलय प्रस्तर
RING WELL मण्डल कूप, वलय कूप
RIPPLE MARK तरंग चिह्न
RIPPLED BADARIAN VASE लहरदार बंडेरी कलश
RISS रिस
RITUAL MONUMENT वलि-स्मारक
RIVER TERRACE नदी-वेढी, नदी सोपान
RIVER-VALLEY नदी-उपत्यका
RIVET कीलक
ROCK BORN शैलज
ROCK-CUT-CAVE तलि-गुफा, शैलकृत गुफा, शिलाकृत
ROCK EDICT चट्टान लेख, शिलालेख, धर्मादेश
ROCK FACADE शैल-गृहमुख
ROCK SHELTER शैल छाजन, गुहा-आश्रय, चट्टान-शरणस्थल
शैल खण्डों को छाजन के रूप में प्रयोग करके बनाये गये

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

निवास के स्थान जिनमें प्रकृतिनिर्मित गुहायें भी सम्मिलित हैं जहाँ प्रागैतिहासिक मानवों ने निवास किया था।

RODENT — कृन्तक, कुतरने वाला

ROE-DEER — हरिणी

ROOF-TRUSSESS — छत की केंचियाँ

ROJADI — रोजडी
सौराष्ट्र में राजकोट के पास ताम्रपाषाणयुगीन संस्कृति का प्राचीन स्थल है। यहाँ से ज्ञात उपलब्धियां रंगपुर से मिलती-जुलती हैं।

ROPPA CULTURE — रोप्पा संस्कृति
मैसूर प्रान्त के चीतलद्रुग जिले में ब्रह्मगिरि के रोप्पा गांव के पास मिली हुई पुराश्मयुगीन संस्कृति को यह नाम दिया गया है, जिसमें नवाश्म स्तर के नीचे क्षुद्राश्म प्राप्त हुए हैं।

ROSE HIPS — गुलाब के पत्ते

ROSETTO STONE — रोझेटा शिलालेख

ROSTRO CARINATE — गरुडचंचु-पाषाणान्तरक

ROTARY — घूर्णक

ROULETTED WARE — बिन्दुवर्तुल भूषित मृत्पात्र
दांतेदार पहियों से बनाये गये एक केन्द्रिय वृत्त की बिन्दी-दार परिधियों के अलंकरण वाला बर्तन। इस बर्तन में मुख्य रूप से भीतर मुड़ी हुई 'बारें' वाली तश्तरियां पाई गई हैं। इसमें भीतर की ओर बिन्दु-वर्तुलों का अंकन होता है। बढ़िया मिट्टी से चाक पर बनाये गये भूरे काले रंग के ये बर्तन अच्छे प्रकार से पकाये गये हैं और हल्के-हल्के ठोंकने पर धातु जैसी आवाज करते हैं। इन पात्रों पर प्राप्त अलंकरण मध्यसागरीय बर्तनों के अलंकरणों से प्रभावित हैं। ये मुख्य रूप से दक्षिण भारत में पाये जाते हैं। किन्तु इनके उदाहरण सागरतट के साथ-साथ

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पश्चिमी बंगाल तक पाये गये हैं। इसका काल १ली-२री शती माना गया है।

ROUNDED गोलाकार

ROUNDED AXE गोलाकार कुठार

ROUND BARROW गोल निखात कूट, गोलस्तूप

ROUNDED-BUTT-AXE गोलाकार-कुठार

ROUNDED PEBBLE TOOL गोलाकार पेबुल उपकरण

ROUNDED SCRAPER गोलाकार स्क्रेपर

RUBBER मुलायम ईंट, प्रस्तर-घर्षक

RUBBISH SHOOT कूड़ा फेंकने की नाली

RUBRIC रुबरिक (हस्तलिखित ग्रंथ का मुख्य पृष्ठ)

RUBBLE अनगढ़ पत्थर

RUINS भग्नावशेष, खण्डहर, ध्वंसावशेष

RUNNER लट्ठा

RUPAD रूपड़

हडप्पा से २२० मील पूर्व सतलुज नदी के तट पर रूपड नामक स्थान है। यहां सर्वप्रथम माधवस्वरूप वत्स ने खुदाई की थी। इसमें भवनों के तो कोई अवशेष नहीं मिले किन्तु प्रौढ हडप्पा शैली की बहुत सी वस्तुएं मिलीं हैं। इसी आधार पर उन्होंने तत्कालीन स्थानीय संस्कृति को हडप्पा संस्कृति से सम्बन्धित बतलाया। यहाँ मिले कब्रिस्तान हडप्पा के 'आर-३७' से साम्य रखते हैं।

RUSSET-COATED POINTED WARE धूसर लेपित चित्रित मृत्पात्र

चूने या चीनी मिट्टी के पेस्ट में सीधी या मुड़ी रेखाओं से

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

बने अलंकरणों वाले बर्तन जिन पर धूसर गेरू के मोटे लेप लगाये गये होते हैं। इनमें कटोरे एवं तश्तरियां मुख्य रूप से पाई जाती हैं। ये बर्तन मुख्य रूप से दक्षिण भारत में पाये जाते हैं। इनकी तिथि लगभग ५०-२०० ई० मानी गई है।

RURAL — ग्रामीण

RUSTICATED MASONRY — खुरदरी चिनाई

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

S

SABEAN OR SABINES सेबियन लोग
दक्षिणी अरब की एक लोहयुगीन संस्कृति और उसकी वर्णमाला

SABRE-TOOTH TIGER कृपाण-दन्ती चीता

SACRUM त्रिकास्थि

SADDLE गर्त

SADDLE QUERN काठी चक्की
अनाज पिसने का पत्थर, एक सीधा-साधा उपकरण

SAIGA ANTELOPE सैंगा बारहसिंघा

SAKKARA सक्कारा
मेम्फिस (MEMPHIS) इजिप्त की प्राचीन राजधानी कैरो से २० मील दक्षिण की ओर का सबसे बड़ा कब्रिस्थान । झोसर (ZOSER) का स्टेप पिरामिड (ई० पू० २८००) इसका प्रमुख आकर्षण है ।

SALUKI सलूकी
शिकारी कुत्ते के ढंग का एक कुत्ता, जो गन्ध से नहीं अपितु देखकर शिकार करता है। यह अफगानिस्तान से लेकर अरब तक के मरुस्थल के प्रदेशों में पाया जाता है

SAMIAN WARE सामीअन मृद्भाण्ड
रोमन-ब्रिटिशकाल में प्रचलित मृद्भाण्ड जो चमकदार लाल या नारंगी रंग के होते थे तथा जिन पर विविध आकृतियां चित्रित रहती थीं। इसे TERRA SIGILLATA भी कहते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SAMPLE SURVEY	नमूनों की पड़ताल
SANCTUARY	अभयस्थान
SAND-DUNE	रेत का टीला
SAND-STONE	बलुआ पत्थर, बालू-पाषाण, सिकताश्म बालु का बना एक प्रकार का पत्थर
SARCOPHAGUS	सरकोफेगस, मिट्टी या पत्थर का बना कफन-बॉक्स जिसके आधार के लिये नीचे पाये जोड़े जाते हैं।
SATYR	अश्व–मानुष देवता
SAVAGE	वन्य, आरण्यक
SAVAGERY	वन्यता
SAWALDA	सावलदे महाराष्ट्र के खानदेश में तापी नदी के किनारे बसा ताम्र-पाषाणयुगीन स्थल है।
SCALE	मानदण्ड, पैमाना
SCALLOPED AXE-HEAD	नखाकार कुठाराग्र
SCALLOPED DECORATION	नखाकार अलंकरण
SCALLOPED PATTERN	नखाकार प्रतिरूप
SCAR	निशान
SCARLET WARE	लोहित भाण्ड
SCARP FAULT	कंगार-भ्रंश
SCHEDULE	अनुसूची
SCHEMATIZED	योजनाबद्ध
SCHIST	सूभाजा
SCHLLEMANN, HEINRICH	श्लीमान, हाइनरिश (१८२२-९०) पुरातत्त्वीय संशोधन के क्षेत्र में एक असाधारण व्यक्ति। उम्र के ४१ वें वर्ष उन्होंने अपना व्यापारी पेशा छोड़कर होमर के महाकाव्य में उल्लेखित ट्राय नगर की खोज की जिसके लिये उन्होंने अपना सारा जीवन और धन लगाया।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

१८७१ से १८९० तक उन्होंने खुदाई कार्य किया। हिस्सारलिक उत्खनन इनमें सुविख्यात है। इसके सिवा मायसिनी, टिरिन्स भी महत्त्वपूर्ण है।

SCHOOL OF ORIENTAL RESEARCH	प्राच्य अनुसंधान शाला
SCIENCE OF PLANTS	वृक्षायुर्वेद
SCIENTIFIC INFERENCE	वैज्ञानिक अनुमान
SCOOP	डोई
SCRAPER	कतरण, खुरचन
SCRAPER	चर्मकर्षकास्त्र, खुरचन-यन्त्र, क्षुरक, खुरचनी के लिये विशेष रूप से बनाई गई धार वाला आयुध। इनका प्रयोग खाल निकालने, लकड़ी को समथर करने आदि के लिये किया जाता रहा होगा। इस आयुध के कई प्रकार हैं। जैसे सीधे किनारों वाले, उन्नतोदर, मण्डलाकार, नुकीले उभारवाले, बीच से पोले अर्थात् छेद वाले आदि।
SCRAPER NOTCHED	दांतेदार खुरचनी
SCRAP FAULT	कंगार भ्रंश
SCRAPE RIDGE	उच्छृंग श्रेणी
SCREEN	पट
SCREWDRIVE GRAVER	पेचकस ग्रेवर
SCULPTURAL WEALTH	मूर्ति-सम्पदा
SCULPTURE	शिल्पकला
SCULPTURING TOOL	मूर्ति निर्माणयन्त्र
SCYTHE	खुर्प

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

SEAL ORR SEALING	मुद्रा, मुहर
SECONDARY	द्वितीयक
SECONDAY FLAKING	द्वितीयक फलकीकरण, दुबारा चिप्पड निकालना
SECONDARY INTERMENT	दूसरा शवाधान, गौण शवाधान
SECONDARY PERIOD	द्वितीयक युग
SECTION	काट, खण्ड, भाग, बीच से काटने पर कटे भाग का स्वरूप
SEDIMENT	चूर्ण, तलछट
SEDIMENTARY	अवसादित
SEDIMENTARY FORMATION	वे चट्टानें या निर्माण जो पानी में अवसादन या तलछट के रूप में बने हों।
SEDIMENTARY ROCK	परतदार चट्टान, स्तरीय चट्टान, जलमल चट्टान
SEGMENTED CIST	विभक्त ताबूत
SELECTION	वरण, चयन, चुनाव
SELF-EXPRESSION	आत्माभिव्यक्ति
SEMI-PRECIOUS STONE	उपरत्न
SENIORITY	प्रवरता
SEPULCHRE	शवस्थान
SEPULCHRAL CHALICE	समाधि-कटोरा
SEQUENCE	अनुक्रम (आबादियों का)
SERAPENUM	सेरापेनम् इजिप्त में सक्करा के निकट एक देवल १८५१ में जिसकी खोज मॅरीट्टे (MARIETTE) ने की।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SERIATION क्रमव्यवस्था

SERRATED दन्तुरित

SETTLEMENT बस्ती

SETTLEMENT PATTERN वसाहतरचना

SHADINGS OF SOIL मिट्टी के रंग-भेद या रंग

SHADOW प्रतिबिम्ब

SHADUF शादुफ
मिश्रवासियों का ऊंचाई की ओर पानी उठाने का एक उपकरण

SHAFT दण्ड, स्तम्भ

SHAFT-GRAVE गर्त कब्र

SHAFT STRAIGHTENERS शर सरलक

SHAFT TOMB गर्त तुम्ब

SHAKEL शैकल, बेबीलोनिया, फिनिशिया आदि देशों में प्रचलित एक तोल और सिक्का।

SHALES चिकनी मिट्टी से बना हुआ पत्थर

SHALLOW SAUCER छिछली तश्तरी

SHAMAN शामल
शिकारियों तथा अन्य सरल संगठन वाले लोगों का सब प्रयोजनों को पूरा करने वाला एक धार्मिक विशेषज्ञ जो उन लोगों में जिनके मध्य वह रहता है, बीमारी, खराब मौसम या अन्य किसी दुर्दैव के उत्पन्न विक्षोभ के बाद व्यक्तियों और समूह में पुनः सन्तुलन प्रस्थापित करता है।

SHANG शॉग
कांस्ययुग का एक चीनी राजवंश, जिसका शासन १७६५ ईस्वी से ११२३ ईसवी पूर्व तक माना जाता है।

SHANIDAR CAVE शानिदार गुफा
उत्तर इराक के भाग्रोस पर्वत में इस गुफा की खोज डा०

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

राल्फ सोलेकी ने १९५१ में की थी। १९५३-५६ में यहाँ उत्खनन किया गया जिसके आधार पर इस गुफा में एक लाख वर्ष पूर्व निअण्डर थल मनुष्य रहता था यह सिद्ध हुआ है।

SHAPE आकृति

SHAREHOLDER अंशधर

SHARPLY CARINATED नुकीले उभारवाली

SHATTER EFFECT झटके का प्रभाव

SHEKEL शक्ल
मेसोपोटेमिया की कांस्ययुग की भार की एक ईकाई जिसमें सोना अपने से आठ गुने भार की चांदी के बराबर होता था।

SHELILAC शल्क-लाशा

SHELL प्रकवच

SHELLAC लाख

SHERD द्रष्टव्य—POTSHERD

SHISHUPAL-GADH शिशुपालगढ़
ओरिसा में भुवनेश्वर के निकट है। इसके निकट ही अशोक का धौली अभिलेख है। यहाँ १९४७-४८ में खुदाई हुई। यहाँ पहली वस्ती ई० पू० ३०० में बसी थी। दूसरी ई० पू० २०० से १०० में, तथा तीसरी बस्ती ई० स० २०० से ३५० में, दूसरे काल खण्ड में इसकी चारों ओर तट की प्राचीर थी जिनमें लैटराईट पत्थरों के भव्य प्रवेशद्वार बने थे। इसी के उत्तर काल में रोमन सिक्कों के मिट्टी के सांचे, हुविष्क का ताम्बे का सिक्का एवं तीसरे काल खण्ड में कुषाण सिक्के मिले हैं।

SHOULDER-BLADE कंधास्थि फलक

SHOULDER BLADE INDUSTRY लघुफलक उद्योग

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SHOULDER HOE	स्कंधीय 'हो', कंधेदार गुड़ाई का उपकरण
SHOULDER TOOL	स्कंधीय औजार, उपकरण
SHOULDER POINT	स्कंध-अस्त्राग्र
SHOVEL	फावड़ा
SHOVEL BLADE	फावड़े का फलक
SHRINE	देवमंदिर
SIALK	सियाल्क, ईरान में एक स्थान
SICA	खंजर
SICKLE	हंसिया
SIDE-SCRAPER	पार्श्व-स्क्रेपर, पार्श्व-खुरचन-यन्त्र
SIDE-WALL	बार
SILICA	सिलिका, सैकजा, एक प्रकार का कडा पत्थर
SILICEOUS	पथरीले
SILICEOUS ROCK	सैकत्यशैल
SILT	केवटा
SILTING	गाद जमना, मिट्टी भर जाना
SILURIAN	प्रवालादि कल्प
SILURIAN AGE	प्रवाल युग
SIMIANS	बंदर वंश
SINANTHROPUS PEKINI NSIS	सिनान्थ्रोपस पेकीनेन्सिस, चीनी मानव उत्तान मानुष की एक जाति जिसके अवशेष पेकिंग के निकट चाऊकाऊ नियेन की गुफा में पाये गये थे । द्रष्टव्य—PEKING MAN
SINGLE-BLOW GRAVER	एकाघात ग्रेवर
SINGLE FACETTED	एक समक्षेत्री
SINGLE SHOUL-DER POINT	एकस्कन्धी अस्त्राग्र
SIRENIA	जलवासी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SISYPHEAN अवनजशील
SITE स्थल, स्थान
SITE-PLAN स्थल-आलेख
SITE-SUPERVISER स्थल-पर्यवेक्षक
SIVAPITHECUS शिवपिथेकस
उत्तरी भारत का एक विलुप्त हो चुका वानर, जिसके भेदन दांत छोटे छोटे होते थे और जिसके ठोड़ी थी ।

SIWALIK SERIES शिवालिक शृंखला
SIZE आकार
SKARA BRAE स्कारा ब्राइ
ओरक्नेय (ORKNEYS) का नवाश्मयुगी स्थल जिसकी खोज १८५० में की गई तथा १९२७-३० में इसकी पूर्ण-रूप से खुदाई की गई ।

SKELETON अस्थिपंजर
SKEWER सीख, सीखच, कीलक शलाका
SKILL कौशल
SKIN RUBBER झामे
SKULL खोपड़ियां, कपाल, करोटि
SKULL CAP कपाल शिखर, खोपड़ी का सिरा
SLAB शिला फलक
SLASH AND BURN चीरा और जलाया
SLATE शिलापट्ट
SLING गोफिया
SLIP पंकलेप घोल
मक्खन की भांति चिकनी गीली मिट्टी का लेप जो बर्तन पर उसके पकाये जाने से पहले ही लगाया जाता है । ऐसे बर्तन जिन पर यह लेप लगा रहता है पंकलिपित कहे जाते हैं ।

SLOPING SURFACE प्रवनतल
SNARE TRAP फंदा-पाश

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SOAK PIT शोषक गर्त

SOAP STONE सैलखड़ी, स्त्रफेनाश्म, छीया पत्थर, शैलखटी

SOCIAL EVOLUTION सामाजिक विकास

SOCIALITY सामाजिकता

SOCIAL SCIENCE सामाजिक विज्ञान

SOCIAL SURPLUS सामाजिक बचत

SOCIETY समाज

SOCIETY OF ANTIQUITIES प्राच्य समिति

SOCIOLOGY समाजशास्त्र

SOCKET कोटर, घर, गठ्ठा

SOCKETED CELT कोटर सेल्ट, गर्तिका सेल्ट

SOHAN (SOAN) INDUSTRY (CULTURE) सोहन (सोग्रान) उद्योग (संस्कृति)

रावलपिण्डी के पास की सोहन नामक सिन्धु नदी की एक सहायक नदी के नाम पर उसके तटों पर पाये जाते वाले पुराश्म उद्योग (संस्कृति) को सोहन उद्योग (संस्कृति) कहा गया है। इस उद्योग में नदी में लुढ़क कर गोल हुये प्रस्तर पिण्डों से चिप्पड़ निकालकर उन्हें ग्रायुध का रूप दिया गया है । सोहन उद्योग ग्रायुधों के तीन वर्गों में क्रमशः ग्रायुध के ग्रनुसार ही ग्रधिक या कम हस्द्विर्णा हो गए हैं। प्राप्त आयुधों के ग्राधार पर सोहन उद्योग की तीन स्थितियां ज्ञात होती हैं जिन्हें ग्रादि ग्रन्त एवं उद्विकसित सोहन उद्योग कहा गया है ।

SOIL PROFILE मिट्टी की काट

SOIL RUBBLE-MIXED कंकरीली मिट्टी

SOIL SAND GRAVEL बलुई कंकरीली मिट्टी

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SOKH सोख

उत्तरप्रदेश में मथुरा के पास है। यहाँ डॉ० हॉर्टल के निर्देशन में जर्मन पुरातत्त्वज्ञों ने १९६६ से १९७४ तक, खुदाई की। पहली बस्ती ई० पू० १००० से ७०० तक उसके बाद मौर्य, शुंग काल में हुई। यहाँ से आहत सिक्के एवं मृण्मूर्तियां प्राप्त हुईं। तीसरी बस्ती कुषाण काल में हुई। उसके बाद अठारहवीं शती तक यहाँ बस्तियां बसने के प्रमाण उपलब्ध हैं।

SOLAR DAY सूर्य दिवस

SOLAR RADIATION सौर्यिक विकिरण

SOLAR SYSTEM सौर-मण्डल

SOLO-MAN सोलो-मानव

जावा में पाये गये फॉसिल मानव की एक उपस्थि शील जो प्लीस्टोसीन युग के ऊपरी भाग की है।

SOLUTION विपिएान घोल

SOLUTREAN CULTURE सोल्युत्री संस्कृति

ऊपरी पुरा-पाषाणिक युग की एक संस्कृति जो फ्रान्स और मध्य युरोप में और ग्रेसी संस्कृति के बाद आई थी। इसकी विशेषता मेमथो का शिकार और लम्बे दबाव द्वारा कतर उतारे गये दो पाखों वाले फलक औजार थे।

SOLUTRIAN FLINTS सोल्युत्री चकमक

SOMATIC दैहिक

SOMATOLOGY भौतिक विज्ञान

SONDAGE OR TRIAL TRENCH परीक्षण खन्ती

किसी उत्खनन के पूर्व उत्खनन क्षेत्र के एक हिस्से में लगभग दो वर्ग गज या इससे अधिक क्षेत्र में उत्खनन कराते हैं और उससे प्राप्त संकेतों के आधार पर पूरी खन्ती में उत्खनन कराते हैं। परीक्षा के हेतु लिये जाने वाले के कारण तत्सम्बन्धी खन्ती को उपर्युक्त नाम से जाना जाता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SONEGAON सोनगाँव

महाराष्ट्र के पुने जिले में स्थित कन्हा-निरा नदी के किनारे ताम्रपाषाणयुगीन स्थल। यहां के मकान टाटी के, जमीन लिपी-पोती, हलके छपरों से युक्त थे। यहां मालवा—जोरवे संस्कृति के मृद्‌भाण्ड मिले। वे पशुपालक थे तथा गेहूं इनका मुख्य आहार था।

SOPHISTICATION भ्रान्ति

SORTING वर्गीकरण

SOTHI सोथी (संस्कृति)

राजस्थान के घग्गर एवं उसकी उपनदी चौतांग के किनारे मिली हडप्पा पूर्व संस्कृति को सोथी संस्कृति कहते हैं। यह नाम अमलानन्द घोष ने दिया है।

SOUNDING BOX ध्वनि-पेटी

SOUND WAVE SURVEYING ध्वनि लहरी सर्वेक्षण

SOUTHERN NEOLITHIC CULTURE दक्षिणी नवाश्म संस्कृति

दक्षिण भारत में प्राप्त होने वाली नवाश्म संस्कृति को यह नाम दिया गया है। इस संस्कृति में मार्जित प्रस्तर परशु जो मुख्यतया नुकीले, समन्त एवं बीच से काटने का वृत्ताकार सतहवाले होते हैं। मार्जित धूसर, मृत्पात्र, क्षुद्राश्म, प्रस्तरित एवं कुम्भशव निखात अनगढ़ पत्थरों के टुकड़ों तथा टाटी एवं मिट्टी के लेप से बने घर पाये जाते हैं। यह संस्कृति आन्ध्र प्रदेश, मद्रास एवं मैसूर में पाई गई है। इसका काल लगभग २३००-१००० ई० पू० माना गया है। किन्तु ताम्राश्म लक्षणों की संस्कृतियों के साथ साथ यह संस्कृति ५वीं शती ई० पू० तक पाई गई है।

SPADE-SHAPED CELT फावडानुमा सेल्ट

SPATULATE IMPLEMENT चम्मचाकार उपकरण

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SPEAR बल्लम, शूल, नेजा
SPEAR HEAD शूलाग्र, नेजासिरा
SPEAR POINT शूल, नोक
SPEAR THROWER बर्छा क्षेपक
लकड़ी का बना हुआ एक उपकरण जो भुजा की लम्बाई के लिये और इसके फलस्वरूप बर्छा फेंकने की शक्ति को बढ़ाने के लिये काम में लाया जाता था।
SPECIALISED विशिष्ट
SPECIALIZATION विशेषीकरण
SPECIAL-PURPOSE TOOL विशेष कार्योपयोगी उपकरण
SPECTROGRAPH वर्णपटद्रष्टा
SPECTRUM वर्णक्रम
SPELL मन्त्र
SPIDER MONKEY मकड़ी बन्दर
SPILT-BASE BONE LANCE POINT विदारित आधार अस्थि भाला-अग्र
SPINDLE WHORL तकुआ चक्री
SPIRAL सर्पिल
SPIRIT देवात्मा
SPLAYED AXE प्रवणित कुठार
SPLICER पलासक
SPLINTER खण्ड, खपची
SPLINTERED STONE खण्डित शिला
SPLIT BASE पाटित आधार
SPLIT BONE POINT पाटित आधार अस्थि नोक
SPOKE अरा
SPOKESHAVE गोल रंधा
SPONGY छिद्रिल

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SPOTTED HYANEA	चितकबरा लकड़बग्घा
SPOUT	टोटी
SPOUTED BOWL	टोटीदार प्याला
SPRAY PAINTING	छिड़काव लेपचित्र
SPRING	झरना
SPRUCE	झाऊ
SPUR	शाखा, उत्साह, उत्तेजना, प्रेरणा
SQUARE	समकोण
SQUARE DIGGING	समकोण खुदाई
SQUARE LAY-OUT	वर्गाकार उत्खनन योजना। इस उत्खनन योजना में सर्व प्रथम एक वर्ग लेते हैं और उसे एक ही आकार के कई छोटे वर्गों में बांट लेते हैं। छोटे वर्गों के बीच में एक फुट चौड़ी जगह छोड़ देते हैं। आवश्यकतानुसार लिये गये उत्खनन क्षेत्र के किसी ओर छोटे-छोटे वर्ग उत्खनन के लिये लिये जा सकते हैं। आवश्यकतानुसार बाद में छोटे वर्गों के बीच छोड़ी गई भूमि को हटा दिया जाता है। किसी एक वर्ग क्षेत्र को बिना छोटे वर्गों में विभाजित किये भी उत्खनन किया जाता है। सामान्यतया ऐसी स्थिति में भी उत्खनन वर्ग एक भुजा के माप की गहराई तक किया जाता है।
SQUARE METHOD	वर्गपद्धति
SQUARE-SEC-TIONED CHISEL	चौकोर काटवाली छेनी
SQUAT POTS	पेन्देदार भाण्ड
SQUAT SHOULDER POT	बैठी गर्दन वाला भाण्ड या बर्तन
STAG	लाल हिरण
STAGE	प्रक्रम

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

STAMPED POTTERY ठप्पांकित मृद्भाण्ड
STANDARDIZATION मानवीकरण
STAND आधार
STANDARD WARE मानकभाण्ड
STANDING STONE द्रष्टव्य—मेनहिर (MENHIR)
STARRY ORNAMENT वर्तुलाकार तारा
STATESMAN राजनीतिज्ञ
STEEP सीध, प्रवण, शैल, ढालू, चट्टान
STEEPING PROCESS स्टीपिंग प्रोसेस, निमज्जन प्रविधि
पदार्थों को जल में डाल कर उनके नमक के प्रभाव को दूर करने की प्रणाली
STEINHEIM MAN स्टीनहीम-मानव
जर्मन में प्राप्त एक सैपियन्स मानुष स्त्री का कपाल जिसका काल द्वितीय अन्तर्हिमाच्छादन काल माना जाता है।
STELE खड़ी प्रतिमा
STEMED DISH तनेदार तश्तरी
STEP सोपान, अवरोहित
STEP FLAKING सोपानपद फलेकीकरण, सोपानशल्कन
STEP PYRAMID आरोही पिरामिड
STEP WELL वापी, बावड़ी
STEREOSCOPIC त्रिविमितिय
STETITE स्टेटाइट
STICK DIGGING उत्खनन यष्टि या लकड़ी
STIMULUS उद्दीपन
STOCK स्कन्ध

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

STONE AGE	पाषाणकाल, पाषाणयुग, द्रष्टव्य—PALAEOLITHIC AGE
STONE-AXE	प्रस्तर-कुठार
STONE-AXE CULTURE	प्रस्तर-कुठार संस्कृति
STONE BLOCK	प्रस्तर खण्ड
STONE CIRCLE	प्रस्तर वृत्त कड़किड़ई



STONE DRESSING	संगदरेसी
STONE IMPLEMENTS	प्रस्तर उपकरण, पाषाण उपकरण
STONE INSCRIPTION	शिलालेख
STONE SLAB	पाषाण खण्ड
STONE TOOL	प्रस्तर उपकरण, प्रस्तर आयुध
STONE WARE	अश्मपात्र, प्रस्तर-पात्र
STONE WORK	शिला शिल्प
STOP WATCH STUDY	कालनिष्ठ अध्ययन
STORAGE	संग्रह
STORAGE BIN	धान्यकोठार, बखार
STORAGE PIT	सचय-गर्त
STORAGE OF POTTERY	मृदभाण्ड संग्रह
STORE HOUSE	भण्डार गृह
STRAIGHT JOINT	सीधा जोड़
STRAIGHT SIDED	सीधे किनारों वाले
STRAIGHT-TUSKED ELEPHANT	सीधी दांत वाला हाथी
STRATA	स्तर, तहें

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

STRAP-HANDLE पट्टेनुमा हत्था

STRATIFICATION स्तरविन्यास, स्तरीकरण, स्तरण
एक के ऊपर एक स्तरों के क्रमशः जमाव को स्तरविन्यास कहा जाता है। पुरातात्त्विक उत्खननों में स्तरविन्यास का विशेष महत्त्व है। किसी पुस्तक के पन्नों की भांति किसी स्थान के अतीत को क्रमशः परिलक्षित कराने में पुरातत्त्वविद् को इन्हीं स्तरों एवं तत्कालीन निवासियों के विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के अवशेषों से सर्वाधिक सहायता प्राप्त होती है, ऊपर का स्तर सर्वाधिक अर्वाचीन एव क्रमशः नीचे के स्तर प्राचीन होते हैं।

STRATIFIED EXCAVATION स्तरित उत्खनन

STRATIFIED ROCK स्तरित शैल

STRATIGRAPHIC DIGGING स्तरवार खुदाई

STRATIGRAPHICAL EVIDENCE स्तर-प्रमाण

STRATIGRAPHICAL SEQUENCE स्तर-अनुक्रम

STRATIGRAPHICAL METHOD स्तरविधि, स्तरनिर्धारण

STRATIGRHPHICAL GEOLOGY स्तरीय भूतत्त्व

STRATIGRAPHY स्तरविज्ञान

STRATION (PL. STRATA) स्तर

STRATUM CONTACT सम्पर्क स्तर

STRAW भूसा

STREPY DESIGN स्ट्रेपी (बेल्जियम में एक स्थान) अभिकल्प

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

STREPY IMPLEMENTS स्ट्रेपी उपकरण

STRIATE (ON POTTERY) धारियां

STRIKING PLATFORM प्रहार मुख, प्रहार पट्ट
किसी भी पत्थर को तोड़ने के लिये उस पर आघात करना आवश्यक है। ऐसे स्थल को जिन पर आघात करते हैं, आघात स्थल कहते हैं। इस पर से बाद में चोट करके अन्य पतरियां, फलक आदि उतारे जाते हैं।

STRING डोरी

STRUCTURAL SUB-PERIODS निर्माण परक उपकाल

STRUCTURE निर्माण, भवन, संरचना, रचना कार्य
निवासार्थ घरों, अन्य प्रकार के भवनों, स्मारकों आदि विभिन्न प्रकार की निर्मितियों को निर्माण कहा जाता है। उत्खनन में प्राप्त निर्माणों को क्रमशः संख्यांकित कर दिया जाता है। इस प्रकार परवर्ती काल के निर्माण अन्य अंकों से जाने जाते हैं।

STRUGGLE FOR EXISTENCE जीवन संघर्ष

STUBBY टोंटेदार

STUCCO सुधा, गच, चूना मिट्टी की मिश्रित सामग्री, बालू यह एक प्रकार का प्लास्टर है जिसे दीवार की सजावट और मूर्ति बनाने के काम में लाया जाता है।

STUPA स्तूप
बुद्ध ने अपने शिष्य आनन्द से कहा था कि मेरी मृत्यु के पश्चात् दाह क्रिया से अवशिष्ट अस्थियों को किसी चतुष्पथ पर रख कर उस पर एक स्तूप बनवा देना। अतः स्पष्ट है कि स्तूप निर्माण पद्धति बौद्ध धर्म के पूर्व से ही चली आ रही है। वैसे तो जैनियों में भी स्तूप बनवाने की प्रथा थी। किन्तु इस प्रथा का अधिकता से प्रचलन सर्वप्रथम बौद्ध काल में ही हुआ। इन स्तूपों का आकार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अर्धवृत्ताकार सम्भवतः अन्त्येष्टि क्रिया में प्रयुक्त उन मृत्तिका पात्रों की अनुकृति पर हुआ जिनके नीचे वैदिक विधानानुसार मृतक की राख गाड़ी जाती थी।
आज के उपलब्ध स्तूपों में सबसे पुराना स्तूप नेपाल की सीमा पर स्थित पिपरहवा नामक स्थान पर है। यह इंटों का बना हुआ है। इसका व्यास ११६ फीट तथा २२ फीट ऊंचा है। इसमें बुद्ध सम्बन्धी कुछ उत्कीर्ण लेख भी हैं।

S-TWIST OVATE सर्पिल अण्डाकार (उपकरण)

SUBARCTIC उपध्रुवी

SUB CONICAL MOUND अर्धशंकु टीला

SUB-GLACIAL लघुहिमावर्त

SUB-HUMAN अव-मानवीय

SUB-HUMID PHASE उप-आर्द्रकाल

SUB-INDUS VARIETY सिन्धु सभ्यता का उप-प्रकार

SUB-LAYER उप घर, उप स्तर

SUB-RECENT उप-अभिनव

SUBJECTIVE SCIENCE व्यक्ति-विज्ञान

SUBSIDENCE भूमि धंसना

SUBSISTENCE जीविका

SUB-SOIL अधोभूमि

SUB-STRATUM अधः स्तर

SUBSTANTIVE TRENCH उपोद्बलक गर्त, मौलिक खाई

SUBSOIL WATER अधोभूमि जल

SUB-TERRANEAN CHAMBERS भूमिगत कोष्ठ, कमरा

SUB-TROPICAL उष्णाधीन कटिबन्ध, उप-अयनवृत्तीय

SUB-UNIT उप-एकक

SUGGESTION सुझाव, अनुभावन

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

SUGGESTION PICTURE — संकेत-चित्र

SUITABLE — उपयुक्त

SULPHATE — क्षार

SUN BEAMS — सूर्य-किरणें

SUN DIAL — सूर्य-घड़ी

SUN TEMPLE — सूर्य-मन्दिर

SUPER CARGO — माल अधीक्षक

SUPER INSTITUTION — अधिसंस्था

SUPERIMPOSITION — अध्यारोपण

SUPERINTENDENT — अधीक्षक

SUPERIOR — उत्तम

SUPERPOSITION — अध्यारोहण

SUPERVISOR — सुपरवाईजर, निरीक्षक

SUPPORT — टेक

SURFACE COLLECTION — धरातल संग्रह

SURFACE INDICATION — तलचिन्ह, संकेत, धरातल संकेत

SURKOTDA — सूरकोटड़ा
कच्छ विभाग में हडप्पा व हडप्पोत्तर संस्कृति का स्थल

SURVEY — निरीक्षण

SURVEYOR — निरीक्षण मापक, सर्वेक्षक

SURVIVAL OF THE FITTEST — योग्यता का अनुजीवन

SUS ARVERNENAS — जंगली सूअर

SUSA — सूसा
ईरान में प्राचीन एलाम की राजधानी थी। १८९७ से

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

यहाँ फ्रेंच पुरातत्त्विक खुदाई कर रहे हैं। यहां बसी चार आबादियां उबेद, ऊरुक, जेमदेत, नस्त्र पहिले राजवंश मेसोपोटेमिया की संस्कृति से मिलती-जुलती हैं। एलाम साम्राज्य का वैभव इस काल में चरम सीमा पर था। किन्तु अलक्जंडर ने इसे जलाकर नष्ट कर दिया था।

SWANS COMBE MAN — स्वेन्सीकोम्बी मानव
इंग्लैण्ड में पाया गया द्वितीय अन्तर्हिमाच्छादन काल का सेपियन्स मानुष का एक खंडित कपाल

SWINGING-BLOW TECHNIQUE — स्थिर हथौड़ा प्रविधि

SWINGING TECHNIQUE — स्विंगिग पद्धति

SYMBIOSIS — अन्योन्यपोषकता

SYMBOL — प्रतीक, चिह्न
ऐसी कोई भी वस्तु जो किसी अन्य वस्तु की द्योतक होती हो।

SYMMETRICAL — समितिय

SYMMETRICAL CONE — संमितिय शंकु

SYMPATHETIC MAGIC — सादृश्यमूलक जादू

SYNCHRONISATION (OF EVENTS) — सम्यांतर (घटनाओं का)

SYNTHETIC — संश्लेषण

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

T

TABTET OR SEAL	पटिया, टिकिया
TABLET VOTIVE	संकल्प पट्ट
TABLE WARE	खाने (भोजन) के बर्तन
TALC	शैल या खड़िया
TALENT	टेलेन्ट, ग्रीक मुद्रा
TAMLUK	तामलुक बंगाल के मिदनापुर जिले में बसा है। साहित्य में यह शिक्षा और व्यापार के लिए प्रसिद्ध है। ताम्रलिपि से इसका सम्बन्ध जोड़ा जाता है। टॉलेमी ने इसका उल्लेख 'तामलिटिस' किया है। फाहियान, हुएन्सग तथा इत्सिंग इन चीनी यात्रियों ने इनका वर्णन किया है। यहाँ १९४४-४५ में खुदाई की गई जिसमें पाषाणकाल से ऐतिहासिक (गुप्त) काल तक के अवशेष मिले हैं।
TAMPERING	अन्तः क्षेप, छेड़ना
TANG (OF A KNIFE	चूल
TANGED	पुच्छल, चूलदार
TANGED AXE	पुच्छल कुठार
TANGED MONSTERIAR POINT	पुच्छल मुस्तीरी अस्त्राग्र
TANGED POINT	पुच्छल अस्त्राग्र
TANGED POINT CULTURE	पुच्छल अस्त्राग्र संस्कृति
TAPA CLOTH	वल्कल वस्त्र
TARA	तारा
TARDENOISIAN	तारदेन्वाय
TARO	कचालू

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

TARTARICA सैगा बारहसिंगा

TARTARIC ACID तरतार ग्राम्ल

TAXILA तक्षशिला
पाकिस्तान में रावलपिंडी से बीस मील दूर है। यहां सन् १९१३, ३३-३४, और ४४-४५ में खुदाई की गई। प्राचीन भारतीय साहित्य में तक्षशिला का उल्लेख मिलता है। ई० पू० ३२६ में अलवजंडर ने यहीं पर अम्भी राजा की शरण ली थी। इसके बाद तक्षशिला मौर्य साम्राज्य में शामिल किया गया था। यहां तीन संस्कृतियों के अवशेष मिले हैं। भीड टीले की खुदाई में ई० पू० ५ से ई० पू० ३री शती तक के अवशेष मिले हैं। दूसरा नगर सिरकप बेक्ट्रियन ग्रीकों ने ईसा पूर्व दूसरी शती में बसाया था। धर्मराजी का स्तूप एवं कुछ बौद्ध अवशेष इसी युग के हैं। तीसरी नगरी कुषाण काल में बसाई गई जिसके अवशेष सिरसुख टीले में मिले हैं।

TEATING तापन

TEEPOL टीपोल,
एक अम्ल जिसका प्रयोग मृद्भाण्ड को क्षाररहित करने के लिये किया जाता है।

TECHNICAL SKILL तकनीकी कौशल

TECHNIQUE OR METHOD प्रविधि

TECHNOLOGICAL तकनीकी

TECHNOLOGY तकनीक यंत्रशास्त्र, उद्योग-विद्या, निर्माण-वैशिष्टय, शिल्प विज्ञान।

TECTONIC MOVEMENT भू-उत्पात

TEKKAL KOTA टेक्कल कोटा
कर्नाटक में नवाश्म एवं ताम्रपाषाण युगीन स्थल यहां मिले नवाश्मकालीन उपकरणों में पत्थर की कुल्हाड़ियां, गोलाकार झोपड़ियां, जिनके फर्श पत्थरों के बने थे। वे

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पशुपालन करते थे। दूसरे काल में तांबा एवं कांस्य के उपकरण मिले हैं। यहां के नवाश्मयुग की तिथि ई० पू० १७८० निर्धारित की गई है।

TEKWADA टेकवडा

